e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 30
शुक्रवार
31.01.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
प्रभात मंत्र.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
मनुष्य को हमेशा मौका नहीं ढूंढना चाहिए, क्योंकि जो आज है वही सबसे अच्छा मौका है!

ताजा खबरों के लिए देखें
prabhatmantra.com

## सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के सहायक आचार्य नियुक्ति को लेकर सुनाया महत्वपूर्ण फैसला

# जेटेट पास अभ्यर्थी ही बनेंगे सहायक शिक्षक : सुप्रीम कोर्ट

**शीर्ष अदालत के फैसले के अनुसार, इस परीक्षा में अब केवल झारखंड टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट (जेटेट) उत्तीर्ण अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में 26 हजार सहायक आचार्यों (सहायक शिक्षकों) की नियुक्ति परीक्षा में सीटेट और दूसरे राज्यों की टेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सम्मिलित करने का झारखंड हाईकोर्ट का फैसला रद्द कर दिया है। शीर्ष अदालत के फैसले के अनुसार, इस परीक्षा में अब केवल झारखंड टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट (जेटेट) उत्तीर्ण अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस राजेश बिंदल की खंडपीठ ने झारखंड हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों परिमल कुमार एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने पूर्व में मामले की सुनवाई करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष याचिका लगाने वाले प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायण और अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पक्ष रखते हुए कहा था कि झारखंड टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट (जेटेट) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को राज्य की क्षेत्रीय भाषाओं संथाली, खोरठा, नागपुरी आदि का ज्ञान है, क्योंकि उन्होंने इन पत्रों की परीक्षा पास की है। दूसरी तरफ सीटेट अभ्यर्थियों के पास ऐसी क्षेत्रीय भाषाओं का ज्ञान नहीं है। उनकी नियुक्ति जब झारखंड के प्राइमरी स्कूलों में होगी तो उन्हें राज्य की क्षेत्रीय भाषा में बच्चों को शिक्षा देने में परेशानी होगी और इसके साथ ही यह राइट टू एजुकेशन के प्रावधानों का उल्लंघन होगा।

### झारखंड हाईकोर्ट ने 2023 में सुनाया था फैसला

झारखंड सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने दिसंबर 2023 में फैसला सुनाया था।हाईकोर्ट ने 26001 पदों पर सहायक आचार्य की नियुक्ति परीक्षा में सीटेट पास अभ्यर्थी या झारखंड के पड़ोसी राज्य से टेट परीक्षा पास करने वाले झारखंड के निवासी अभ्यर्थियों को भी शामिल होने की अनुमति दी थी।हाईकोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा था कि अगर सीटेट अभ्यर्थियों की नियुक्ति हो जाती है तो उन्हें तीन साल के अंदर प्रथम प्रयास में ही जेटेट परीक्षा पास करनी होगी।



### 26001 पदों पर नियुक्ति के लिए हुई थी परीक्षा

जेएसएससी ने सहायक आचार्य के 26001 पदों पर नियुक्ति के लिए परीक्षा ली थी। हाईकोर्ट के आदेश पर इस परीक्षा में सीटेट पास अभ्यर्थी भी शामिल हुए थे। इस संबंध में परिमल कुमार और अन्य की ओर से हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। इस याचिका में कहा गया था कि सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2022 एवं सहायक आचार्य परीक्षा के विज्ञापन को हाईकोर्ट में चुनौती नहीं दी गई थी। उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने की तिथि समाप्त हो चुकी थी।उसके बाद झारखंड हाईकोर्ट के आदेश का पालन करते हुए नियमावली एवं उक्त परीक्षा के विज्ञापन में संशोधन कर दिया गया। नियमों के अनुसार एक बार विज्ञापन जारी हो जाने के बाद विज्ञापन में बदलाव नहीं किया जा सकता।

## अमेरिका में भीषण विमान हादसा

# 64 सैनिकों की हुई मौत



**एजेंसी**

**वाशिंगटन :** वाशिंगटन डीसी के बाहर रीगन नेशनल एयरपोर्ट के पास अमेरिकन एयरलाइंस के विमान और अमेरिकी सेना के ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर के बीच हुई दुर्घटना में सभी 64 यात्रियों की मौत हो गई। डीसी फायर और ईएमएस प्रमुख जॉन डोनेली ने कहा कि किसी के भी जीवित बचे होने की संभावना नहीं है।

इससे पहले, कानून प्रवर्तन सूत्रों ने भी कहा था कि नदी से कोई भी जीवित नहीं बचा है। अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट 5342 विचिटा, कंसास से रवाना हुई थी, उसमें 60 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे।

जब विमान हवाई अड्डे के पास पहुंच रहा था, तो यह एक ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर से टकरा गया, जो एक प्रशिक्षण मिशन पर था। हेलीकॉप्टर में सवार तीन सैनिकों की भी मौत की पुष्टि हुई है। अमेरिका की फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक, ये हादसा तब हुआ जब एक रीगन वाशिंगटन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय यात्री विमान हेलीकॉप्टर से टकरा गया। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक, इस हादसे को लेकर जांच की जा रही है। फिलहाल, वाशिंगटन के पास हवाई अड्डे से विमानों की टेकऑफ और लैंडिंग रोक दी गई है।अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वांस ने इस हादसे को लेकर ट्वीट किया। वांस ने कहा-कृपया आज शाम को रीगन हवाई अड्डे के पास हवा में विमान की टक्कर से जुड़े लोगों के लिए प्रार्थना करें। हम स्थिति पर नजर रख रहे हैं, लेकिन फिलहाल हम बेहतरी की उम्मीद करें। हादसा विश्व के सबसे अधिक सुरक्षा वाले हवाई क्षेत्र में हुआ।

## क्विक न्यूज

### महात्मा गांधी के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि : हेमंत



**रांची :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को पूरा राष्ट्र उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहा है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रांची के मोरहाबादी में बापू वाटिका स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए काफी मायने रखता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार एवं आदर्श से हमें मार्गदर्शन मिलता रहेगा। उनके विचारों से देशवासियों को प्रेरणा मिलती रहेगी। उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे बीच ऐसे अनेकों महापुरुष हुए हैं, जिनके पदचिन्हों पर चलकर आगे बढ़ सकते हैं। बापू को शत-शत नमन।

### छत का स्लैब गिरा, 5 मजदूरों की मौत

**पन्ना :** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में अमानगंज स्थित जेके सीमेंट प्लांट में गुरुवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां प्लांट में निर्माणाधीन हिस्से में छत की स्लैब डाली जा रही थी, जहां दर्जनों मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक भाड़ा गिर गया, जिसकी चपेट में कई मजदूर आ गए। पहले दो मजदूरों की मौत की बात कही जा रही थी, लेकिन बाद में मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है जबकि 30 से ज्यादा मजदूर घायल बताए जा रहे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशानिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है।

### नकली शराब बनाने वाले तीन गिरफ्तार

**हजारीबाग :** जिला के बरही चौक के पास से तीन लोगों को नकली शराब बनाने और बेचने के आरोप में उत्पाद विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों में गोलू, संजय और कृष्णा शामिल है। उत्पाद विभाग के दारोगा सुमितेष कुमार ने जानकारी दिया कि ये सब के साथ बड़े कारोबारी छोटी साव फरार हो गया है।उन्होंने यह भी बताया कि पकड़े गए शराब की कीमत 2.5 लाख है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया।वहीं फरार आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है।

### यौन शोषण मामले में पुलिस ने कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को किया गिरफ्तार

**सीतापुर :** कोतवाली पुलिस ने यौन शोषण के मामले में गुरुवार को कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को गिरफ्तार कर लिया। उन पर एक युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। वह गुरुवार को अपने लोहरबाग स्थित आवास पर पत्रकार वार्ता कर रहे थे, तभी कोतवाली पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने पत्रकार वार्ता में कहा कि हाई कोर्ट लखनऊ बेंच के आदेश पर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। वह सभी से अपील करते हैं कि कोई भी समर्थक सड़क पर न आए। कानून का पालन करें। न्यायालय पर भरोसा जताएं। माफियाओं के खिलाफ मेरी लड़ाई जीवन के आखिरी सांस तक रहेगी और मैं उनसे लड़ता रहूंगा। यहां के चर्चित भूमाफियाओं के खिलाफ मेरी ओर से जो कार्रवाइयां की जा रही थीं, उनसे उनकी नींद उड़ गई थी। उनके खिलाफ साचिश रची गई है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

## राहुल गांधी ने दिल्ली के लोगों को दी 5 गारंटी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दिल्ली की बादली विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी रैली की. उन्होंने लोगों से 5 वादे किए. कहा कि सरकार बनने पर कांग्रेस महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये देगी. 300 यूनिट फ्री बिजली, सभी नागरिकों का 25 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस, 500 रुपये में गैस सिलेंडर और फ्री राशन मिलेगा.

साथ ही युवाओं को एक साल के लिए 8500 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे. इसके साथ ही उन्होंने बीजेपी और आम आदमी पार्टी दोनों पर जमकर निशाना साधा.


राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने भ्रष्टाचार किया है. बीजेपी पर हमला बोलते हुए राहुल ने कहा, हमारी लड़ाई विचारधारा की है. एक तरफ बीजेपी-आरएसएस है और दूसरी तरफ कांग्रेस है. वो नफरत फैलाते हैं. हमने साफ कहा है कि जहां भी ये नफरत और हिंसा फैलाएंगे हम वहां मोहब्बत की दुकान खोलेंगे. हमने हर भाषण में ये बात कही है कि ये देश सभी का है. इस देश में सिर्फ मोहब्बत से काम किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 400 पार की बात की थी और कहा था कि 400 सीटें मिल गईं तो हम संविधान को बदल देंगे. कुछ दिन पहले मोहन भागवत ने कहा था कि आजादी 15 अगस्त 1947 को नहीं मिली, आजादी मोदी लाए हैं. इसका मतलब ये आजादी को मानते ही नहीं हैं.

## युवाओं के बिना संभव नहीं है विकसित भारत एस. जयशंकर

**नई दिल्ली :** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि विकसित भारत के लिए युवाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है, युवाओं के बिना विकसित भारत संभव नहीं है। विकसित भारत का संकल्प युवाओं के भविष्य से जुड़ा हुआ है और इसकी सिद्धि के लिए उनकी सक्रिय भूमिका अनिवार्य है।जयशंकर दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज में विकसित भारत के लिए युवा विषय पर आयोजित एक इंटरेक्शन कार्यक्रम में युवाओं से संवाद कर रहे थे। इस अवसर पर डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने जयशंकर का स्वागत करते हुए कहा कि जयशंकर डीयू के सम्मानित पूर्व विद्यार्थी हैं। ऐसे कर्मयोगी पर डीयू को गर्व है। जयशंकर ने विकसित भारत में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि तकनीक आधारित इस युग में युवा ही तकनीक के सर्वाधिक करीब हैं। युवा तकनीक के रचनात्मक उपयोग से सर्वाधिक परिचित हैं इसलिए उनकी क्षमता का उपयोग विकसित भारत के संकल्प की दृष्टि से बेहद अहम है।विदेश मंत्री ने कहा कि नई दिल्ली देश की राजधानी है और दुनिया भर से आने वाले लोग दिल्ली को देखकर भारत के सम्बन्ध में अपनी राय बनाते हैं, इसलिए विकसित भारत के लिए विकसित दिल्ली आवश्यक है।




# कुंभ मेला क्षेत्र नो व्हीकल जोन घोषित



**एजेंसी**

**प्रयागराज :** मौनी अमावस्या अमृत स्नान पर्व पर भगदड़ मचने के बाद प्रशासन ने मेले में ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर नया आदेश जारी किया है। पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है। दो पहिया वाहनों को भी मेले में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। जिले की सीमाओं पर रोके गए वाहनों को छोड़ दिया गया है। इसके बाद मेला क्षेत्र की सीमा पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अंदावा रिंग रोड बाईपास, नवाबगंज, सोरांव और चित्रकूट रोड पर गोहनिया के पास वाहनों को रोक दिया जा रहा है। मेले में रोज की अपेक्षा बृहस्पतिवार को कम भीड़ दिखी। अधिकारी भ्रमण करते रहे। मेला प्रशासन और कुंभ पुलिस ने अमृत स्नान पर्व पर भगदड़ मचने के बाद की व्यापक तैयारियां की हैं। पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। संगम तटों पर बैरिकेडिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है ताकि भीड़ नियंत्रण में रहे। श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए हर सेक्टर और जोन में विशेष व्यवस्था की गई है। इस दौरान किसी भी तरह का प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा। संगम नोज पर अत्यधिक भीड़ जमा न हो, इसके लिए इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर मॉनिटरिंग करेगा। भीड़ वाले इलाकों में त्वरित कार्रवाई के लिए विशेष दल तैनात किए गए हैं। प्रमुख मार्गों पर खास निगरानी की जा रही है। साथ ही, अराजक और संदिग्ध लोगों पर भी नजर रखी जा रही है।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# अवैध खनन के विरुद्ध करें कड़ी कार्रवाई : डीसी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम आवश्यक है। इसकी रोकथाम से विधि व्यवस्था संधारण में भी मदद मिलेगी। अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम में टास्क फोर्स की अहम भूमिका है। टास्क फोर्स के सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय रखकर कार्य किए जाने से इसके रोकथाम में मदद मिलेगी। सभी अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों में सूचना तंत्र को मजबूत करें तथा अभियान चलाकर छापेमारी करते हुए संलिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रोकथाम करना सुनिश्चित करें। यह बातें उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वे आज समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की संयुक्त बैठक में अधिकारियों को निदेशित कर रहे थे। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार भी उपस्थित थे। उपायुक्त शशि रंजन ने अवैध बालू उठाव, अवैध खनन, अवैध परिवहन, भंडारण एवं अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठों एवं क्रशर के विरूद्ध अंचल एवं थाना स्तर पर अबतक किए गए कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रयास एवं ठोस रणनीति बनाकर कार्रवाई किये जाने से अवैध कार्यो की रोकथाम की दिशा में बेहतर परिणाम मिलेंगे। उन्होंने कार्य के प्रति उदासीन रवैया बरतने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की चेतावनी दी। अवैध रूप से संचालित क्रशर को सील करते हुए उसके अवैध भंडारण को जिला खनन पदाधिकारी को हैंडओवर करने तथा खनन क्षेत्र का सत्यापन करने का भी निदेश दिया। उन्होंने अवैध खनन, परिवहन वाले क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए बैरिकेडिंग लगाकर चौकीदार की ड्यूटी लगाने का सख्त निदेश दिया। साथ ही कार्रवाई में शिथिलता बरतने वाले थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारियों से स्पष्टीकरण करने का निदेश दिया। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध थाना प्रभारी को सक्रियता दिखाते हुए प्रशासनिक तालमेल के साथ छापेमारी करते हुए कार्रवाई का निदेश दिया। वहीं वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार ने चेकनाका के बारे में जानकारी देते हुए अवैध लकड़ियों की आवाजाही पर भी रोक लगाने की दिशा में कार्य करने की बातें कही। जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार द्वारा बताया गया कि जिले मे दिसम्बर माह मे 26 वाहन जप्त किये गये हैं। वहीं इस वित्तिय वर्ष में 348 वाहनों को जप्त किया गया है, जिससे आर्थिक दण्ड के रूप में 142.52 लाख जमा करवाया गया है। साथ ही 36 प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में जिला स्तरीय पदाधिकारी, मेदिनीनगर सदर, छतरपुर एवं हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के अनुमंडलिय कार्यालय में महात्मा गांधी का पुण्यतिथि मनाया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** गढ़वा जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में गुरुवार को कांग्रेस के अनुमंडलिय कार्यालय में महात्मा गांधी के पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। हम सबों को उनके बताये मार्ग पर चलने की जरूरत है।जिला महासचिव ओमप्रकाश चौबे ने कहा कि आजादी दिलाने में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जो योगदान दिया है, उसे भुलाया नही जा सकता है।उन्होंने उपस्थित लोगों से महात्मा गांधी के बताये मार्ग पर चलने की अपील किया।मौके पर जिला सचिव माणिक राम, अनुमंडल अध्यक्ष संतोष कुमार, प्रखंड अध्यक्ष संजय प्रसाद, आशीष जायसवाल, खालिद अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## शहीद नीलांबर पीतांबर कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट क्वार्टर फाइनल लोहरगड़ा ने जीता



**केतार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहीद नीलांबर पीतांबर कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 08 का मैच गुरुवार को परसोडीह में चल रहे क्वार्टर फाइनल मुकाबला सोनपुरवा बनाम लोहरगड़ा के बीच टूर्नामेंट खेला गया। शुरुआती पारी में बल्लेबाजी करते हुए सोनपुरवा के टीम ने 20 ओभर खेल कर 182 रन का लक्ष्य लोहरगड़ा टीम को दिया। जवाबी पारी खेलते हुए लोहरगड़ा की टीम ने 06 विकेट खोकर 16.2 ओभर में 183 रन बना कर मैच को जीत लिया। इस दौरान आलोक तिवारी को बेहतर बल्लेबाजी के कारण मैन ऑफ द मैच देकर सम्मानित किया गया वही विजेता एवं उपविजेता टीम को संविधान का किताब देकर आयोजन कर्ता अनिल कुमार पासवान, के द्वारा हौसला बढ़ाया गया। इस मौके पर टूर्नामेंट अध्यक्ष संजय वर्मा, उपाध्यक्ष देवकुमार ठाकुर, सचिव संजीव गुप्ता, सतेंद्र गुप्ता, कॉमेंटेटर लव वर्मा, एके मौर्या, अंपायर रमेश रजक, कुश वर्मा, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आज



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार थाना परिसर में 31 जनवरी दिन शुक्रवार को अपराह्न 3:00 बजे के करीब आगामी सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आहुत की गई है। जिसमें केतार प्रखंड में निवास करने वाले सभी जनप्रतिनिधि, पूजा समिति के अध्यक्ष, सचिव, डीजे साउंड के संचालक, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार गण सहित गणमान्य ग्रामीणों को आमंत्रित किया गया हैं। उक्त सभी जानकारी केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने दी है।

## पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी को दी गयी श्रद्धांजलि

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गांधी विचार मंच द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. मंच ने बिश्रामपुर थाना चौक पर स्थापित बापू के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया. मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य व अहिंसा का मार्ग आज पूरा विश्व अपना रहा है. उनके विचारों को आत्मसात कर के ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है. मौके पर सोना देवी, राजेश चौबे, राहुल चौबे, अभिषेक उपाध्याय, पुरुषोत्तम चौबे, अशर्फी चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

## यमराज उतरे सड़क पर लोगों को किया सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिला परिवहन विभाग पलामू, यातायात थाना पलामू एवं लेस्लीगंज थाना के संयुक्त तत्वावधान में इंजीनियरिंग कॉलेज लेस्लीगंज के विद्यार्थियों, प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों के साथ मिलकर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत रन फॉर सेफ्टी मैराथन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता फैलाना था।मैराथन में इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने एवं दूसरों को भी इन नियमों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।इसी क्रम में, इंजीनियरिंग कॉलेज लेस्लीगंज में सड़क सुरक्षा से संबंधित %नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं के कारणों, हेलमेट के उपयोग, यातायात नियमों के पालन एवं शराब पीकर वाहन चलाने के दुष्परिणामों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। नाटक ने दर्शकों को सड़क सुरक्षा के प्रति गंभीरता से सोचने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी सामग्री वितरित की गई और उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक जख्मी

**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर थाना क्षेत्र के मंगरदाहा घाटी में गुरुवार के दिन में पिकअप वैन के चपेट में आने से बाइक सवार चैनपुर थाना क्षेत्र के बरांव गांव के करमाहा टोला निवासी 20 वर्षीय श्रवण चौधरी की मौत हो गई। जबकि उसी गांव के श्रवण चौधरी के दोस्त राकेश चौधरी गंभीर रूप से जख्मी है जिसे उपस्थित लोगों के सहयोग से मेदिनीनगर एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है जहां इलाज जारी है। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना पाते ही चैनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए मेदिनीनगर एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।मृतक के पिता विद्या चौधरी ने बताया कि श्रवण इकलौता पुत्र था। उपस्थित लोगों के अनुसार करीब 10:00 बजे दिन में नानी के घर कंकारी से राकेश के साथ बाइक से करमाहा लौट रहा था जैसे ही मंगरदाहा घाटी में पहुंचा वैसे ही गांधीपुर की ओर से जा रही एक पिकअप वैन असंतुलित होकर सीधे बाइक में टक्कर मार दी जिससे श्रवण चौधरी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई जबकि राकेश चौधरी को गंभीरी स्थिति में मेदिनीनगर एमआरएमसीएच में भर्ती करवाया गया जहां इलाज जारी है। उन्होंने बताया कि श्रवण की शादी होने वाली थी शुक्रवार को लड़की पक्ष के लोग देखने आने वाले थें।

# हत्या का आरोपी साक्ष्य व सबूत के अभाव में बरी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के अष्टम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आयशा खान की अदालत ने सत्र वाद संख्या 237/ 19 के आरोपी शैलेश कुमार महतो व अन्य तीन मुदालय को साक्ष्य व सबूत के अभाव में निर्दोष पाकर बरी कर दिया है। विदित हो कि शैलेश कुमार महतो को डालसा के माध्यम से एल ए डी सी एस के अधिवक्ता पक्ष रख रहे थे।वही तीन मुदालय का पक्ष निजी अधिवक्ता रख रहे थे। इस केस के सूचक तरहसी थाना अंतर्गत कसमार निवासी सुरेश सिंह ने तरहसी थाना में अज्ञात लोगों द्वारा अपने पुत्र मनीष कुमार का द्वारा हत्या कर शव को कुएं में डालने को लेकर थाना में प्राथमि की दर्ज कराया था। जो तरहसी थाना कांड संख्या 67/18 तिथि 20/10/ 2018 को भारतीय दंड विधान की धारा 302 /201 के तहत अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया था। सुरेश सिंह ने प्राथमिकी के आवेदन में लिखा था कि उसका पुत्र 17 अक्टूबर 2018 को रात लगभग 10ः00 बजे घर के महिला सदस्यों को लेकर दुर्गा पूजा पंडाल कसमार बाजार में नाटक देखने गया था। मनीष जब घर नहीं लौटा तो उसके परिवार के लोग खोजबीन करना शुरू किए। 19 अक्टूबर 2018 को उसका शव कुआं में पाया गया। पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में चार लोगों के विरुद्ध आरोप पर समर्पित किया था। जिनका विचारण न्यायालय में चल रहा था। न्यायालय के द्वारा साक्ष्य व सबूत के अभाव में निर्दोष पाते हुए इस केस के चारों आरोपियों को बरी कर दिया हैं।

# थाना प्रभारी ने दिखाई तत्परता, घरेलू विवाद में सुलह कराकर पेश की मिसाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** घरेलू विवाद के एक मामले में धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने तत्परता और सूझबूझ का परिचय देते हुए स्वयं मौके पर पहुंचकर विवाद का शांतिपूर्ण समाधान कराया। मामला सोनडीहा (दक्षिण) गांव का है, जहां की रहने वाली सविता देवी (पति - जोगिंद्र भुइयां) ने 112 पर कॉल कर अपने पति के खिलाफ लगातार हो रहे विवाद की शिकायत दर्ज कराई थी।थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुये अपने दल-बल के साथ शिकायतकर्ता के घर पहुंचकर पूरी स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में पति-पत्नी के बीच समझौता कराया, जिससे दोनों खुशी-खुशी राजी हो गए और भविष्य में झगड़ा न करने का वादा किया।त्वरित समाधान से लोगों में जागरूकता और सुरक्षा की भावना मजबूतथाना प्रभारी के इस संवेदनशील और त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। उन्होंने बताया कि धुरकी थाना क्षेत्र के लोग 112 पर डायल करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। पुलिस 24 घंटे लोगों की सेवा के लिए तत्पर है और किसी भी विवाद या समस्या का शीघ्र समाधान करने के लिए कृतसंकल्पित है। धुरकी पुलिस की इस पहल ने आम जनता को यह संदेश दिया है कि कानून हमेशा उनकी सहायता के लिए तैयार है।

# हनुमान मंदिर का प्रथम वर्षगांठ आज, कई धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द स्थित हनुमान मंदिर का प्रथम वर्षगांठ शुक्रवार को मनाया जायेगा. इस अवसर पर कई धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया है. इसकी जानकारी आयोजन समिति के कुंदन शुक्ला ने दी. उन्होंने बताया कि शुक्रवार को अहले सुबह से ही विशेष पूजा अर्चना शुरू हो जायेगी. इसके बाद सुबह और शाम में महाआरती भी होगा. दोपहर दो बजे से महाभंडारा की शुरुआत होगी. इसके अलावा रात्रि में 12 घंटे का अखंड कीर्तन भी होगा. सभी धार्मिक अनुष्ठानों की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है. मंदिर को भी विशेष रूप से सजाया गया है. श्री शुक्ला ने श्रद्धालुओं से सभी धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होने का आग्रह किया है।

# नये अस्पताल परिसर में मनी महात्मा गांधी की पुण्यतिथि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** बरवाडीह के नए अस्पताल परिसर में चिकित्सा प्रभारी डॉ जयवंत लकड़ा के नेतृत्व में गुरुवार को अस्पताल परिसर में महात्मा गांधी की पुण्य तिथि मनाई गई। मौके पर डा जयवंत लकड़ा ने बताया कि अस्पताल में कुष्ठ रोगियों को मुफ्त में दवा व अन्य सामग्री भी दिया गया है। यह कार्यक्रम 12 फरवरी तक चलाया जायेगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। व दो मिनट का मौन धारण भी किया गया। उन्होंने बताया कि बापू के बताए हुए रास्ते पर चल कर ही देश व समाज में आपसी मेलजोल व भाईचारा बना रहेगा। बापू कुष्ठ रोग से ग्रसित व्यक्तियों को अपने पास बैठाते थे एवं उनकी सेवा करते थे। इस मौके पर डॉ अनुपमा एक्का निशिष कुमार उदित कुमार, हसीब अंसारी, जियाउल, प्रीति कुमारी, भावना कुमारी, समीरा एक्का, सजदा बीबी, दीपक सिंह, कमुदिनी केरकेटा समेत काफी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी मौजुद रहे।

# पति पत्नी के बीच सुलझा विवाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार में नुनी देवी ने आवेदन देकर अपने पति सुनील उरांव को साथ नही रहने व खर्चा नही देने का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया था।इस मामले में उसके आवेदन को पंजीकृत करते हुए उसके पति सुनील उरांव को नोटिस भेजा गया था। डालसा सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दोनो पक्ष में मध्यस्थता के माध्यम से विवाद सुलझाने हेतु लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पाण्डेय को प्रति नियुक्त किया था। दोनो पक्ष से सुलह का प्रयास तीन तिथि तक किया गया।दोनो पक्ष पति पत्नी सुलह कर लिए व संयुक्त सुलहनामा दोनो पक्ष के द्वारा दाखिल किया गया। दोनो पक्ष एक दूसरे का खयाल रखेंगे।तथा अपना दाम्पत्य जीवन का निर्वहन करेंगे। भविष्य में कोई विवाद नही करेंगे। दोनो पक्ष आपस में समझौता कर आज राजी खुशी से बिदा हो गए।इस तरह एक परिवार उजड़ने से बच गया।बिदित हो कि लड़की चार बर्ष से मायके में रह रही थी तथा लड़का खर्चा नही दे रहा था।लड़का बिहरा चा पीकला थाना पांकी का रहने वाला है जबकि लड़की लेस्लीगंज थाना अंतर्गत चपराना गांव की रहने वाली हैं। दोनो की शादी हिन्दू धर्म के अनुसार हुई थी। दोनो को कोई बाल बच्चा नही था। डालसा का यह प्रयास काफी सराहनीय रहा।। बिदित हो कि डालसा के माध्यम से लिटिगेशन के साथ साथ प्री लिटिगेशन व मिसलेनियस के मामले में भी सुलह समझौता कराकर कई मामले निपटाए जा रहे है।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रिकेट टूर्नामेंट पर रेहला आचार्य एकेडमी का कब्जा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** ऊंटारी रोड के जोगा स्थित अजानवन खेल मैदान में पलामू लोक सेवा दल के यंग ब्रिगेड द्वारा आयोजित डॉ भीमराव अंबेडकर क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रेहला आचार्य एकेडमी और डांडिला टीम के बीच खेला गया. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये रेहला आचार्य एकेडमी ने निर्धारित 16 ओवर में छः विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाया. ज़बाबी पारी खेलने उतरी डंडीला की टीम 147 रन ही बना पायी.बेहतर प्रदर्शन करने वाले हरफनमौला खिलाड़ी शुभम कुमार को मैंन ऑफ द मैच चुना गया.विजेता व उपविजेता टीमों के बीच पुरस्कारों का वितरण बतौर मुख्य अतिथि विधायक नरेश प्रसाद सिंह व विशिष्ट अतिथि कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विस प्रत्यासी सुधीर चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से किया. पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता यंग ब्रिगेड के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार व संचालन सचिव विष्णु कुमार ने किया. इससे पहले सभी अतिथियों ने भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर मालार्पण करते हुये उन्हें नमन किया. मौके पर बिश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास, वरीय समाजसेवी सह राजनेता गोपाल राम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता, लल्लू राम, नंदू चौधरी, मनोज साव, सत्यनारायण तिवारी, अनूप कुमार, आनंद चंद्रवंशी, राजकुमार सिंह, विक्रम बैठा, मुकेश कुमार, उमेश चौधरी, रामाशीष चौधरी, चंदन राम, अमन कुमार, पप्पू साव, आनंद कुमार, राहुल कुमार, पंकज कुमार, अमित चौधरी, बिंदु चौधरी, राजू पाल, रणबीर पाल, राकेश पाल, चंदन चौधरी, आयुष कुमार, अभिषेक कुमार, मणिकांत कुमार, सूरज कुमार, विपिन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# सड़क सुरक्षा हेतु जागरुकता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देश के आलोक में एक जनवरी से 31 जनवरी तक पूरे क्षेत्र में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 30 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना के नेतृत्व में ए के सिंह कॉलेज जपला के स्वयंसेवकों के द्वारा महाविद्यालय परिसर एवं जपला देवरी मुख्य पथ पर सड़क सुरक्षा के प्रति आम लोगों को सजग और जागरूक किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह, एकेडमिक इंचार्ज डॉ रामसुभग सिंह, डॉ अजय कुमार सिंह, प्रोफेसर अयूब,प्रोफेसर मुकेश कुमार सिंह, डॉक्टर आलोक रंजन कुमार, प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह, प्रिंस कुमार सिंह ,विवेक कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, स्वयंसेवकों में शुभम प्रकाश ,कुंदन कुमार, दिव्या कुमारी, शीतल कुमारी, नैंसी कुमारी, हीरालाल शर्मा, पूजा कुमारी, काजल कुमारी, प्रिया कुमारी सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा अभियान में शामिल हुए। प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं आम लोगों को बताते हुए कहा कि हम लोगों को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और जूता का प्रयोग अवश्य करना चाहिए ताकि हम सुरक्षित यात्रा कर सकें। साथ ही साथ चार पहिया वाहनों के लिए सीट बेल्ट लगाकर ड्राइव करने की सलाह दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने उपस्थित स्वयंसेवकों छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों को संबोधित करते हुए सभी को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही साथ जपला देवरी मुख्य पथ पर बिना हेलमेट के जा रहे दुपहिया वाहन सवार आम लोगों को स्वयंसेवकों के साथ उन्हें रोक कर हेलमेट लगाने ,जूता पहनने और सभी यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




### संक्षिप्त खबरें

## टाना भगतों ने उपायुक्त से मुलाकात कर रखी अपनी मांगे

**रांची।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री से 30 जनवरी 2025 को टाना भगतों ने मुलाकात करते हुए अपनी मांगे जाति/आवासीय जन्म प्रमाण पत्र एवं भूमि सम्बंधित मामलें को रखा। जिसपर उनकी मांगो पर जल्द कार्रवाई करने का भरोसा दिया इसके लिए सम्बंधित अधिकारी को त्वरित निर्देश दे दिए गए है। कुछ टाना भगतों से उपायुक्त ने पूछा की क्या आप मतदान करते है, जिनपर उनके द्वारा बताया की हमारे में कुछ लोगों का आधार कार्ड एवं वोटर आईडी कार्ड नही बना है। जिसपर उनके द्वारा ऑन स्पॉट सम्बंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए आधार कार्ड एवं वोटर आईडी कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही वोटर आईडी कार्ड बनाने के लिए सोदाग प्रखंड नामकुम में कैंप लगा कर वोटर आईडी कार्ड बनाने का निर्देश दिया।

## झारखंड बनेगा मेडिको एग्रीकल्चर हब फिनलैंड की कंपनी सॉफ्टा का प्रोजेक्ट

**रांची :** झारखंड को राष्टीय और अंतर्राष्टीय पहचान देने के उद्देश्य से 2400 करोड़ रुपए की लागत वाली झारखंड उधम शक्ति परियोजना का खाका तैयार हो चुका है । इस परियोजना के तहत राज्य को मेडिको एग्रीकल्चर हब बनाने की तैयारी है। फिनलैंड की कंपनी सॉफ्टवेयर के सीईओ सुनील कुमार सिंह और उनकी टीम ने झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से मुलाकात की और परियोजना पर चर्चा की। सुनील कुमार सिंह ने कहा परियोजना झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में 2 लाख से अधिक रोजगार उत्पन्न करेगी परियोजना के तहत 500 उत्पादन केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

# अंजुमन इस्लामिया का चुनाव समय पर कराने की उठी मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अंजुमन इस्लामिया रांची का चुनाव वक्त पर कराने और अंजुमन के कार्यक्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने की मांग को लेकर अंजुमन बचाओ मोर्चा के बैनर तले विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी का ज्ञापन सौंपा। इसकी अगुवाई लेखक सह समाजसेवी रमजान कुरैशी ने की। विभिन्न संगठनों ने मांग करते हुए कहा कि अंजुमन इस्लामिया रांची के मौजूदा कार्यसमिति का कार्यकाल 30 अगस्त 2025 को पूरा हो रहा है। लेकिन अंजुमन इस्लामिया रांची के बायलॉज के मुताबिक अबतक वर्तमान कार्यसमिति ने इलेक्शन कंनवेनर का चयन नहीं किया है। इससे मालूम होता है की मौजूदा कार्यसमिति समय पर अंजुमन इस्लामिया रांची का चुनाव कराने की मंशा नहीं रखती है। चूंकि अंजुमन इस्लामिया रांची का कार्यक्षेत्र अथवा दायरा काफी बड़ा है और वोटर लिस्ट तैयार करने और मतदान संपन्न कराने में लम्बा समय लगता है। ऐसे में अबतक इलेक्शन कंनवेनर का इंतेखाब नहीं करना अंजुमन इस्लामिया के बायलॉज का उल्लंघनध्खिलाफवर्जी करने जैसा है।

प्रतिनिधमंडल ने आगे मांग करते हुए कहा कि अंजुमन इस्लामिया रांची का कार्यक्षेत्र अथवा दायरा को वक्फ बोर्ड के माध्यम से बायलॉज के मुताबिक बढ़ाया जाय। मालूम हो कि समय के साथ पिछले 35-40 वर्षो में रांची के शहरी और ग्रामीण इलाकों में भौगोलिक बदलाव के साथ आबादी में बेतहाशा बढ़ोत्तरी हुई है। इसलिए वक्त के साथ देही इलाकों को भी दायरा में जोड़ा जाए।गौरतलब है की रांची और डोरंडा म्युनिसिपल क्षेत्र का दायरा बढ़कर कुल 53 वार्ड हो गये हैं। अंजुमन इस्लामिया रांची के



बायलॉज के तहत भी रांची के धुर्वा, हटिया, कांके, बरियातु और नयासराय और इसके आसपास के इलाकों के गांवों को अंजुमन के दायरा में लाने का साफ प्रावधान है। इसी के मददेनजर चुनाव से पूर्व रांची जिला के ग्रामीण इलाकों को भी नुमाइंदगी प्रदान करते हुए उन्हें वाटिंग का अधिकार दिया जाए। चूंकि अंजुमन इस्लामिया रांची के कायम करने का मकसद ही वंचित और पासमांदा को मुख्यधारा से जोड़ना है।

मालूम हो कि अंजुमन इस्लामिया रांची के बायलॉज में दायरा को लेकर साफ तौर पर लिखा है की रांची जिला के किसी भी जगह की अंजुमन, वहां की मुस्लिम आबादी की राय से इसमें शामिल हो सकती हैं। वर्तमान समय में नयाासराय, धुर्वा, हटिया, कांके और बरियातु के आसपास के इलाके की बात करें तो इसका दायरा काफी बढ़ जाता है। धुर्वा इलाके में हज्जाम से लेकर डुंडीगड़ा और सिलादोन के गांव आते हैं। जबकि नयासराय के सपारोम से लेकर नगड़ी के गांव दायरे में आयेंगे। इसी तरह कांके के होसिर, होचर, बाड़ु, चंदवे और उलिहातु, पीरूटोला और बरियातु के आसपास की बात करें तो केदल, बीआईटी, इरबा, ओयना, विकास और ओरमांझी तक के गांव भी दायरे में आते हैं। इसके अलावा रातु, कांठीटांड, सिमरिया आदि भी दायरे में आते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वक्फ बोर्ड अंजुमन इस्लामिया रांची के बायलॉज के मुताबिक वक्त पर चुनाव कराये और बायलॉज के मुताबिक दायरे को भी बढ़ाये तकि ग्रामीण इलाको के लोगों को इसमें जरूरी नुमाइंदगी मिल सके। प्रतिनिधिमंडल में हाजी मजहर, रमजान कुरैशी, मास्टर सिद्दीक, शमीम अख्तर, मोख्तार अंसारी, मोहम्मद शकील अंसारी, अधिवक्ता नसर इमाम सहित कई लोग शामिल थे।

## कोल्ड स्टोरेजों का कार्य समय सीमा के अंदर पूरा करें : मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने नेपाल हाउस में भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने राज्य में निर्माणाधीन 19 कोल्ड स्टोरेज का कार्य समय सीमा के अंदर पूरा करने को कहा है। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि नए भवन के निर्माण कार्य के साथ पहले से बन कर तैयार भवनों का भी रख-रखाव जरूरी है। खासकर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग से जुड़े लैम्पस और पैक्स के लिए ये ज्यादा जरूरी है। बैठक के दौरान उन्होने विभाग से जुड़े भवनों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर जोर देने का निर्देश दिया।

**समय पर हो स्टोरेज की बेहतर व्यवस्था**

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि इस बार मौसम अनुकूल रहने की वजह से धान की अच्छी पैदावार हुई है। मोटा अनाज और दलहन की भी पैदावार पहले की तुलना में बेहतर



है। किसानों को समय पर बीज वितरण के लिए राज्य में स्टोरेज की बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए। राज्य में पर्याप्त संख्या में कोल्ड स्टोरेज नहीं होने से कृषि उत्पाद, फल, सब्जी के रख-रखाव में किसानों को परेशानी हो रही है। इसके लिए विभाग को भवन की जरूरत है और भवन निर्माण विभाग को इसके लिए समय सीमा के अंदर भवन उपलब्ध कराना होगा। निर्माण के क्रम में गुणवत्ता पर सबसे ज्यादा जोर देने का निर्देश दिया गया है।बैठक में विभागीय सचिव अबू बक्कर सिद्दीख, भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल और दूसरे विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## डीसी ने महात्मा गांधी को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री ने 30 जनवरी 2025 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) के अवसर पर बापू वाटिका, मोरहाबादी मैदान, रांची में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ में उन्होंने विशेष रूप से कहा की अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के योगदान को राष्ट्र हमेशा याद करेगा। उपायुक्त ने साथ ही भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस को 02 (दो) मिनट का मौन धारण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दिया और उनके बलिदान को याद किया।

## रिम्स के सभी विभाग का मेडिकल रिकॉर्ड डिपार्टमेंट में जमा करें : हिरेंद्र बिरुवा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** स्वास्थ्य विभाग, रिम्स एवम पीएसआई इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में हेल्थ मैनेजमेंट इनफॉर्मेशन सिस्टम की मजबूती के लिए बैठक का आयोजन चिकित्सा अधीक्षक रिम्स रांची की अध्यक्षता में की गई।बैठक में प्रसूति एवं स्त्री रोग, मेडिसिन, ब्लड बैंक, पैथोलॉजी, सी एम आर डी विभाग के साथ साथ पी एस एम विभाग से पी जी स्टूडेंट्स, इंटर्न ने भाग लिया ।बैठक में डॉ हिरेंद्र बिरुवा ने रिम्स की ओर से सभी विभागों से समय से अपना डेटा मेडिकल रिकॉर्ड डिपार्टमेंट में जमा करने को कहा, जिससे वहां से डेटा एच एम आई एस पोर्टल पर समय से अपलोड किया जा सके।बैठक में डॉ



रंजीत प्रसाद ( नोडल अधिकारी राज्य डेटा सेल) ने सभी प्रतिभागियों से पोर्टल से संबंधित विषय पर विस्तार से चर्चा की। सुबोध कुमार राज्य डेटा प्रबंधक ने एच एम आई एस डेटा के फॉर्मेट के ऊपर विस्तार से चर्चा की।बैठक में डॉ एस बी सिंह, नीलेश कुमार राज्य प्रमुख पी एस आई इंडिया, सुनील कुमार पी एस आई इंडिया, संजय कुमार तिवारी जिला डाटा प्रबंधक, मनिंदर पटेल, प्रणव कुमार झा पी एस आई इंडिया से उपस्थित थे एवं बैठक के दौरान प्रतिभागियों से एच एम आई एस रिपोर्ट से संबंधित विषय पर चर्चा की।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ ने दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि के मौके पर मेन रोड स्थित टैक्सी स्टैंड के नजदीक चौक पर स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने कहा आज भी हमारा भारत देश बापू के बताये मार्ग और उनके आदर्शो पर चलती है। गांधीजी ने जो योगदान देश की आज़ादी में दी है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस मौके पर अजीत नायक, अकबर कुरैशी, मोहम्मद सनी सहित कई लोग उपस्थित हुए और प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी।

## हाइपोथायरॉइडिज्म के लक्षण महसूस, तो डॉक्टर से परामर्श ले : डॉ राकेश लाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** पारस हॉस्टिपल एचइसी के सीनियर कंसलटेंट फिजिशियन डॉ राकेश लाल ने कहा कि हाइपोथायरायडिज्म एक हार्मोनल समस्या है। इसे अंडरएक्टिव थायरॉयड भी कहते हैं। यह तब होता है जब थायरॉयड ग्रंथि, शरीर की जरूरतों के मुताबिक पर्याप्त मात्रा में थायरॉइड हार्मोन नहीं बना पाती। यह हार्मोन शरीर के मेटाबॉलिज्म (चयापचय) को नियंत्रित करने में मदद करता है। थायरॉयड ग्रंथि गर्दन के सामने स्थित होती है और शरीर के विभिन्न अंगों के सही ढंग से काम करने के लिए महत्वपूर्ण है। थकान लगना, वजन बढ़ना, त्वचा में सूखापन आना, ठंड सहने में कठिनाई आना, बालों का झड़ना, डिप्रेशन,



मांसपेशियों में दर्द या कमजोरी, नींद में परेशानी, हृदय गति धीमी होना आदि लक्षण है। इसके मुख्य कारण आयोडीन की कमी होना है। इसके अलावा ऑटोइम्यून बीमारी (जैसे हाशिमोटो थायरॉयडिटिस), थायरॉयड ग्रंथि की चोट या ऑपरेशन, कुछ दवाओं का सेवन से उसके दुष्प्रभाव, धूम्रपान, खराब खान-पान, एक्सरसाइज की कमी, तनाव लेना, पूरा आराम न मिलना, मासिक धर्म में अनियमितताएँ या भारी रक्तस्राव, थायरॉयड का बढ़ने से समस्याएं हो सकती है। अगर आपको हाइपोथायरॉइडिज्म के लक्षण महसूस हो रहे हैं, तो डॉक्टर से परामर्श करें और थायरॉयड हार्मोन टेस्ट करवाएं। पारस हॉस्पिटल में इस रोग का जांच और परामर्श उपलब्ध है। डॉ राकेश लाल ने कहा कि हाइपोथायरॉइडिज्म का इलाज आमतौर पर थायरॉयड हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी के जरिए किया जाता है। डॉक्टर सामान्यतः लेवोथायरॉक्सिन नामक दवा देते हैं, जो शरीर में थायरॉयड हार्मोन की कमी को पूरा करती है। इसके इलाज के लिए कई टेस्ट कराये जाते है। इनमें टीएचएस, टी4, थायरॉयड अल्ट्रासाउंड या स्कैन आदि करवाते हैं।

## सोमवार से शनिवार तक पदाधिकारी सुनेगे आम जनों की शिकायत और करेंगे समाधान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, राँची मंजूनाथ भजन्त्री लगातार जनता दरबार में लोगों की समस्याओं से अवगत हो रहे हैं। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा जन शिकायत हेतु अबुआ साथी के तहत आम जनता की शिकायतों के समाधान के लिए व्हाट्सअप नंबर-9430328080 भी जारी किया गया है। अब जिला प्रशासन द्वारा सभी कार्य दिवसों में आम जनों से उनकी शिकायतों/समस्याओं से अवगत होने की व्यवस्था की गई है। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, राँची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा 06 जिलास्तरीय पदाधिकारियों को जन शिकायत कोषांग से सम्बद्ध करते हुए कार्य दिवस अनुसार उनकी प्रतिनियुक्ति की गई है। जो समाहरणालय राँची, ब्लॉक-ए के कमरा संख्या -204 में आम जनों से उनकी शिकायतों से संबंधित आवेदन प्राप्त करेंगे। कार्य दिवस अनुसार 30.01.2025 (गुरुवार) को जिला पंचायती राज पदाधिकारी ,राँची राजेश कुमार साहू आम जनों की समस्याओं से अवगत हुए। ि़ला दण्डाधिकारी- सह-उपायुक्त, राँची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को आम जनों से प्राप्त होने वाले शिकायतों से संबंधित आवेदन को ससमय निराकरण हेतु संबंधित विभाग को अग्रसारित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन प्राप्त करते हुए समय-समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने को भी कहा गया है।

**कार्यदिवस अनुसार पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति निम्न प्रकार है :**

सोमवार ज्योति वंदना कुजूर, जिला स्थापना उप समाहर्त्ता, राँची, मंगलवार - प्रदीप भगत, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, राँची, बुधवार मोनी कुमारी, विशिष्ट अनुभजन पदाधिकारी, राँची, गुरुवार - राजेश कुमार साहू, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, राँची, शुक्रवार - राजेश कुमार मिश्रा, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, राँची।शनिवार दिलीप कुमार, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, राँची होंगे।

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सभी प्रस्तुतियों को किया पुरस्कृत

**रांची :** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज दिल्ली के राष्ट्रीय रंगशाला शिविर में गणतंत्र दिवस परेड 2025 के सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्तों और झांकियों को पुरस्कार प्रदान किए। श्री संजय सेठ ने सीपीडब्ल्यूडी की झांकी और सांस्कृतिक प्रदर्शन के कलाकारों को विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए। विदित हो कि सेवाओं और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों /अन्य सहायक बलों के मार्चिंग दस्तों और विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) और केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों की झांकियों के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए न्यायाधीशों के तीन पैनल गठित किए गए थे।

# झारखंड भाजपा की मजबूत भूमि : संबित पात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को संगठन महापर्व के तहत आगामी संगठनात्मक चुनावों को लेकर प्रदेश एवं जिला टोली की कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने की और बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारी एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता सांसद संबित पात्रा शामिल हुए। कार्यशाला में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह ,वरिष्ठ नेता विधायक सीपी सिंह सहित संगठन चुनाव केलिए गठित प्रदेश एवं जिला की टोली शामिल हुई। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी की सांगठनिक सदस्यता अभियान और सांगठनिक चुनाव एक महापर्व है जिसे हम स्वस्थ और प्रसन्नता के वातावरण में उत्सव की तरह मनाना है।मरांडी ने कहा कि विधानसभा चुनाव की व्यस्तता के बाद प्रदेश में पार्टी ऑनलाइन सदस्यता अभियान चला रही है जिसमें लोग बढ़चढकर शामिल हो रहे।




राष्ट्रीय चुनाव सह अधिकारी एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता सांसद संबित पात्रा ने कहा कि भाजपा आंतरिक और बाह्य दोनो लोकतंत्र में विश्वास करती है। इसलिए संगठन की चुनाव प्रक्रिया भी लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न करानी है। कहा कि झारखंड भाजपा की मजबूत भूमि है। भाजपा की सरकार ने ही अटल जी के नेतृत्व में अलग राज्य का सपना साकार किया।हमें मजबूत जनाधार को और आगे बढ़ाना है। कहा कि भाजपा महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दे रही है। उन्होंने बूथ से लेकर मंडल, जिला और प्रदेश स्तर की चुनाव प्रक्रिया पर प्रकाश डाला क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सिर्फ चुनाव के लिए संगठन नहीं बनाती बल्कि हमें राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

### समय पर सभी कार्य पूरा करें : कर्मवीर सिंह

कर्मवीर सिंह ने कहा कि समयबद्ध तरीके से संगठन महापर्व के कार्यो को पूरा करना हम सब का दायित्व है। उन्होंने प्राथमिक और सक्रिय सदस्यता अभियान की गति को बढ़ाने के निर्देश दिए। आब्जर्वर,रिटर्निंग अधिकारी,सह रिटर्निंग अधिकारी की घोषणा की। आगामी 1से 3 फरवरी तक जिला एवं 4से 6फरवरी तक मंडलों में कार्यशाला आयोजित कर सांगठनिक चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।कार्यशाला का संचालन एवं विषय प्रवेश प्रदेश चुनाव अधिकारी एवम सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने किया।धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी ने किया।केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी रांची महानगर,पूर्व सांसद पी एन सिंह,रांची ग्रामीण ,अजय मारू,सत्येंद्र तिवारी गुमला, बीडी राम सिमडेगा,किशुन दास लोहरदगा,नीरा यादव पलामू, डॉक्टर दिनेशानंद गोस्वामी गढ़वा, सीमा शर्मा चतरा, नीलकंठ सिंह मुंडा लातेहार, समीर उरांव हजारीबाग, सुदर्शन भगत रामगढ़,विकास प्रीतम कोडरमा,अनंत ओझा गिरिडीह,राज पलिवार, धनबाद,बालमुकुंद सहाय धनबाद ग्रामीण, बड़कुवर गगराई और लक्ष्मण सिंह बोकारो,भानु प्रताप शाही जामताड़ा,संजय सेठ दुमका,विद्युत वरण महतो पाकुड़ आदित्य साहू देवघर, दीपक प्रकाश साहेबगंज, ब्रजमोहन राम गोड्डा, बिरांची नारायण जमशेदपुर महानगर, सुनील सिंह पूर्वी सिंहभूम, निशिकांत दुबे पश्चिम सिंहभूम, अमर बाउरी सरायकेला के चुनाव आब्जर्वर बनाए गए हैं।

# राष्ट्रीय जतरा महोत्सव आज से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राष्ट्रीय जतरा महोत्सव-2025 शुक्रवार को शुरू होगा. इस महोत्सव में झारखंड की संस्कृति और परंपरा का जलवा दिखेगा. 31 जनवरी और एक फरवरी को आयोजित होने वाले इस महोत्सव में झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, आसाम और बिहार और के आदिवासी समुदायों के पारंपरिक भोजन, कला, संस्कृति, साहित्य और हस्तशिल्प का प्रदर्शन किया जाएगा. राष्ट्रीय जतरा महोत्सव झारखंड के 33 अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों के बीच सीधा संबंध स्थापित करता है. ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में 31 जनवरी और एक फरवरी को दो दिवसीय राष्ट्रीय जतरा महोत्सव 2025 का आयोजन किया जाएगा. जतरा में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति विभाग के मंत्री चमरा लिंडा, खिजरी विधायक राजेश कच्छप इत्यादि कई गणमान्य उपस्थित होंगे.राष्ट्रीय जतरा महोत्सव का आयोजन राष्ट्रीय जतरा महोत्सव समिति आयोजन करती है. महोत्सव का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज के संस्कृत, भाषा, कल्चर, व्यंजन, वाद्ययंत्रों ईत्यादि को बचाना अत्यंत जरूरी है. अनुसूचित जाति के खानपान और उनके परंपराओं को अन्य समुदाय के लोगों के बीच में पहुंचना भी हमारा मकसद है. उक्त मौके पर मीडिया को संबोधित करते हुए महोत्सव के अध्यक्ष नरेश पाहन ने बताया कि राजधानी रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान राष्ट्रीय जतरा महोत्सव के लिए सज धज कर महोत्सव के रंग में रंग गई है. श कार्यकारी अध्यक्ष सूरज टोप्पो ने कहा कि राष्ट्रीय जतरा महोत्सव का दूसरा वर्ष है और इस वर्ष 33 अनुसूचित जनजाति के लोग अपने अपने खोड़हा दल के साथ इस महोत्सव में हिस्सा लेने पहुंचेंगे वहीं झारखंड के अलावा अन्य पांच राज्यों से कुल 250 खोड़हा दल हिस्सा लेंगे जो अपने आप में ऐतिहासिक होगा. उपाध्यक्ष अमित मुंडा, अध्यक्ष नरेश पहान,कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन मुंडा, रवि मुंडा, कोषाध्यक्ष सूरज टोप्पो, विक्की करमाली,मीडिया प्रभारी निरंजन भारती, महासचिव ज्योत्सना करकेटा, अनिल उरांव, राधा हेंब्रम, उपाध्यक्ष अमित मुंडा, मिथिलेश कुमार,राकेश मुंडा,अमित तिर्की,अशोक मुंडा,कोषाध्यक्ष विक्की करमाली,मोहन तिर्की,सचिव अरुण पहान, सलाहकार मानसिंह मुंडा, दीप्तराज बेदीया,सहसचिव दीपक मुंडा,सह कोषाध्यक्ष सुरेश मिर्धा, रिकी नायक,मीडिया प्रभारी विनय नायक, सदस्य शीतल तिर्की इत्यादि उपस्थित रहे।

## नागमंडल नाटक में एक नारी की कसमकस और पुरुष मानसिकता को दर्शाया गया है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कला संस्कृति विभाग के प्रयास से वसुंधरा आर्ट्स के बैनर तले देश प्रिय क्लब में तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव के दूसरे दिन गिरीश कार्नाड का बहुचर्चित नाटक नागमण्डल का हुआ मंचन किया गया।इस नाटक का मंचन नाट्यालय रांची द्वारा जिसका निर्देशन रौशन सौरभ शर्मा ने किया।इस नाटक में एक नारी की कसमकस और पुरुष मानसिकता को दर्शाया गया है। नाटक का मुख्य पात्र अपणा और नायिका रानी की नई-नई शादियां होती हैं। अपणा का रानी से प्रेम नहीं है, वह एक दूसरी बजारु स्त्री



से प्रेम करता है। सिर्फ एक बार खाने के लिए घर पहुंचता है और घर में बाहर से ताला लगा कर चला जाता है। तभी एक दिन एक अंधी मां रानी से मिलने आती है जो उसकी सास की सहेली थी। रानी से सारा हाल जानकर उसने एक जड़ी दी और कहा कि इसे पीसकर अपने पति को पिला दे जिससे वह उसके बस में हो जाएगा। लेकिन रानी ने उसे जड़ी को अपने पति को पिलाने के बजाय पीपल के पेड़ के नीचे एक बोमबी में डाल देती है। जिसमें एक इच्छाधारी सांप रहता था। जड़ी मिला पानी पीने से सर्प रानी पर मोहित हो गया। सर्प प्रत्येक रात पुरुष के बेस में रानी के कमरे में पहुंच जाता है। रानी इसे एक सपना समझती है। कुछ दिनों के बाद रानी गर्भवती हो जाती है जिससे उसका पति अपणा काफी नाराज होता है। उसने गांव को पंचों को बुलाया और कहा कि उसकी पत्नी का अवैध संबंध है यह बच्चा मेरा नहीं है। पांच ने गांव के रीति रिवाज के अनुसार पीपल के नीचे नाग देवता से न्याय करवाने का निर्देश दिया।

## ब्राम्बे तिग्गा कॉम्प्लेक्स परिसर में झारखंड मुक्ति मोर्चा की हुई बैठक

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड स्थित ब्राम्बे तिग्गा कॉम्प्लेक्स परिसर में झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम ने किया। इसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा से लोगों को जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाए इस पर चर्चा की गई। इसके लिए संयोजक मंडली भी बनाई गई। बैठक में मांडर प्रखंड समिति के लिए संयोजक मंडली बनाई गई। जिसमें मुख्य संयोजक रोशन इमानुएल तिग्गा एवं 12 संयोजक सदस्य की गठन की गई। मौके पर बोलते हुए रोशन इमानुएल तिग्गा ने कहा कि सरकार की नीतियों को देखते हुए बहुत सारे लोग झामुमो से जुड़ने के लिए तत्पर हैं। सरकार जनहित के मुद्दे पर काम कर रही है। सभी वर्गों का ख्याल रखते हुए सरकार झारखंड को विकास की गति में आगे बढ़ा रही है। इसलिए लोग झामुमो के प्रति अपनी रुचि दिखा रहे हैं।



## खूंटी में कांग्रेस कमेटी के लोगों ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई यह कार्यक्रम आज दतिया गांव में आदम कद प्रतिमा में माल्या अर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई आज ही के दिन 30 जनवरी 1948 को महात्मा गांधी की निर्मम हत्या की गई थी आज का दिन शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य सुशील संगा जिला महासचिव सयूम अंसारी मुस्तफ के प्रखंड अध्यक्ष पोल्स पूर्ति बिस मुंडा नरेश तिर्की जीत वाहन महतो दुर्गा लोहार अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।



## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मनाया गया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में गुरुवार को देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि मनाई गई।इस मौके पर स्कूल प्रांगण मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसकी शुरुआत स्कूल की प्राचार्य डॉ. आर चौधरी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया।जिसके बाद बारी बारी से स्कूल के सभी शिक्षको ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया।कार्यक्रम मे उपस्थित शिक्षक और बच्चो ने दो मिनट का मौन रखकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल की प्राचार्या डॉ. आर चौधरी ने कहा कि देश की आजादी में महात्मा गांधी के योगदान को कभी भी भुलाया नही जा सकता है।उन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए देश को अंग्रेजो की हुकूमत से आजादी दिलाई।उनके विचार आज भी करोड़ो युवाओं को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। देश की आजादी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वर्तमान में उनके अधूरे सपनों को साकार करने और उनके दिखाएं मार्ग पर चलने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बच्चों को महात्मा गांधी के जीवनी पर विस्तार से जानकारी दी गई।इस मौके पर स्कुल के सभी शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।




## कर्रा में प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय कर्रा में प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें संकुल के विजेता एवं उप विजेता कुल 12 विद्यालय के रसोईया भाग लिया. इस आयोजन में बीडीओ स्मिता नगेशिया, बीईईओ विजया लक्ष्मी एवं बीपीओ मनमोहन साहु ने सभी स्टॉल का निरीक्षण किया तथा भोजन का स्वाद भी चखा, प्रतियोगिता में मोटा अनाज रागी का बहुत सा वेराइटी देखने को मिला. बीडीओ स्मिता नगेशिया ने कहा कि इसी तरह विद्यालय में भी कम खर्चों में अच्छा भोजन बच्चों को मिलना चाहिए, खाना में खास कर मूनगा का सब्जी सभी विद्यालयों में लगे इसके पता , फूल एवं फल सभी बहुत हीं उपयोगी है. आज के इस प्रतियोगिता में उत्क्रमित मध्य विद्यालय मसमानों को पहला पुरस्कार मिला तथा दुसरे स्थान पर राजकीय मध्य विद्यालय टुनगांव रहा तथा तीसरे स्थान पर लुथेरन उच्च विद्यालय गोविन्दपुर रहा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप 2000/- दुसरे विजेता प्रतिभागियों को 1000/- का पुरस्कार दिया गया. संकुल स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों का दिनांक 8/02/2025 को जिला स्तर पर कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा , जिला स्तर पर प्रथम विजेता प्रतिभागियों को 5000/- एवं द्वितीय प्रतिभागियों को 3000/- का पुरस्कार दिया जाएगा.



## रोहिणी खदान में ब्लास्टिंग से घर में पड़ी दरार

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रोहिणी परियोजना में हुई ब्लास्टिंग के कारण नजदीक के घरों में दरार पड़ने लगी है.प्रबंधन के द्वारा अभी दो तीन दिन के अंतराल पर ब्लास्टिंग किया जा रहा है.ब्लास्टिंग के कारण खदान से मात्र 25-30 मीटर दूर में स्थित कई घरों में दरार पड़ गया है.जिसके कारण नजदीक के मिट्टी के घर दरार हो गया है.ब्लास्टिंग के कारण ढुब बस्ती के मनोज गंझू के घर के दीवार में कई जगहों पर दरार पड़ गया है.वही खदान से अगल बगल कई घरों में भी दरार की सूचना मिलने लगी है.घरों में दरार पड़ जाने से ग्रामीण भयभीत होकर अपना आक्रोश व्यक्त करने लगे हैं.विस्थापित नेता रमेशर भोगता ने बताया कि प्रबंधन को पूर्व में ही ब्लास्टिंग करने से मना किया गया था और यह भी कहा गया था ब्लास्टिंग करने से पूर्व ग्रामीणो को यहां से हटाने के लिए मुआवजा देकर उन्हें ग्रामीणों के द्वारा चयनित जगह पर पुनर्वास दिया जाय.पर प्रबंधन ने कोई ध्यान नहीं दिया और अब ब्लास्टिंग करना शुरु कर दिया है ऐसे में ब्लास्टिंग से कोई क्षति होती है तो इसका जिम्मेवार प्रबंधन की होगी. वही इस घटना के ग्रामीण अब आंदोलन का मन बना रहे हैं.

## प्रखंड कार्यालय में शांति समिति की बैठक आज

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक शुक्रबार को प्रखंड-अंचल कार्यालय में दो बजे से होगी. जानकारी देते हुए खलारी इंस्पेक्टर सह थानेदार विजय कुमार सिंह ने क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों, समाजसेवियों, प्रबुद्ध जनों व शांति समिति के सदस्यों से इस बैठक में आने का अपील किया है.

## झामुमो खलारी प्रखंड कमेटी कार्यकर्ता सम्मेलन सह बैठक

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो खलारी प्रखंड कमेटी कार्यकर्ता सम्मेलन सह बैठक बुकबुका पंचायत सचिवालय भवन सभागार में किया गया. अध्यक्षता मुख्य अतिथि रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने की. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा बाबा साहेब अंबेदकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया.मौके पर रांची जिला संयोजक सदस्य पवन जड़िया, अश्विनी शर्मा, सोनू मुंडा, वीरू तिर्की, नयनतारा उरांव, संध्या गुड़िया, धर्मेंद्र सिंह, झबूलाल महतो एवं केंद्रीय सदस्य समनुर मंसूरी के अलावा झामुमो नेता तारकेश्वर महतो, सुजीत कुजूर, जुल्फिकार खान, राजेश सिंह, अतिकुर रहमान एवं संजय राय उपस्थित थे. बैठक में कई अहम बिंदुओं पर चर्चा के बाद रांची जिला संयोजक मंडली ने सर्वसम्मति से एक प्रखंड स्तर कि संयोजक मंडली का गठन किया गया.



# उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा बाइक रैली का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत जिला में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में उपायुक्त सहित जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी, पुलिस कर्मी एवं छात्रों ने बाईक का परिचालन कर भाग लिया गया। सभी लोगों के द्वारा पूरे नगर क्षेत्र में बाइक परिचालन कर सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता का संदेश दिया गया। उक्त रैली के माध्यम से सभी खूंटी वासियों को संदेश दिया गया कि वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा के नियमों का विशेष ध्यान रखें। वाहन चलाते समय दूसरे वाहन चालकों, राहगीर, एवं मार्ग में चल रहे सभी लोगों का ध्यान रखे। तेज गति से या लापरवाही से वाहन का परिचालन ना करें। सही उम्र होने पर वैध लाइसेंस के साथ ही वाहन का परिचालन करें। जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिला के सभी अधिकारियों के द्वारा बाईक चला कर पूरे जिलावासियों सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर जिला में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर सभी लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। सड़क दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति की समय पर सहायता कर गुड समारीटन बनने का प्रयास करें। वाहन चलाते समय हमेशा यातायात नियमों का पालन करें। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, निर्देशक आईटीडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी खूंटी, मोटरयान निरीक्षक, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक, थाना प्रभारी, रोड इंजीनियरिंग एनालिस्ट एवं अन्य लोग उपस्थित थे।



# 24 घण्टे के अंदर चोरी की मोटरसाईकिल सहित चोरों को किया गया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुढ़मू :** रविवार को बुढ़मू थाना अंतर्गत उमेडण्डा बाजार से एक स्प्लेण्डर मोटरसाईकिल अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ली गई थी जिसकी लिखित सूचना वादी के द्वारा दि0-29/01/2025 को थाने में दी गई जिसके आलोक में बुढ़मू थाना काण्ड सं0-08/25, दिनाँक-29/01/25 को थाने में दर्ज की गई। काण्ड की गंभीरता को देखते हुए पु0 उपा0 महोदय खलारी के निर्देशानुसार बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया एवं 24 घण्टे के अंदर उक्त चोरी के वाहन को बरामद कर लिया गया। वाहन चोर के द्वारा आगे बताया गया कि यह मोटरसाईकिल चोरी करके बिजूपाड़ा के एक व्यक्ति को बेचते हैं जो चोरी के वाहन का खरीद बिक्री करता है। तत्पश्चात उसकी निशानदेही में ग्राम पातकोई से एक चोरी का ग्लैमर मोटरसाईकिल बरामद किया गया तथा उक्त तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।



**जप्त सामानों की विवरणी-**

स्प्लेण्डर प्रो मोटरसाईकिल जिसका रजि0 नं0- JH01 BH8783, बिना नं0 प्लेट का ग्लैमर मोटरसाईकिल ।गिरफ्तार व्यक्ति के नाम परवेज अंसारी, उम्र 32 वर्ष, पिता जम्हीर अंसारी, सा0 बिजुपाड़ा टांगर, थाना चान्हो, जिला राँची।जब्बार अंसारी, उम्र 28 वर्ष, पिता नईमुद्दीन अंसारी, सा0 महुआखुरा (अम्बाटोली), थाना बुढ़मू, जिला राँची,आबीद खान, उम्र 28 वर्ष, पिता रफिक खान, सा0 पातकोई, थाना बुढ़मू, जिला राँची।

छापामारी दल में शामिल पुलिस बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो, एसआई प्रभाष कुमार रवानी और बुढ़मू थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# बीआरसी चकला में कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड संसाधन केन्द्र ओरमांझी में पीएम पोषण योजना के तहत विभिन्न विद्यालय में कार्यरत रसोईया के मध्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में आठ संकुल संसाधन केन्द्र से सोलह प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी संकूल संसाधन केन्द्र अपने अधिनस्थ विद्यालय में कार्यरत रसोईया के मध्य पूर्व में ही प्रतियोगिता आयोजित किए थे। इस प्रतियोगिता में प्रथम विजेता एवं उप विजेता को प्रखण्ड स्तर में शामिल किया गया था। इस प्रतियोगिता में विजेता संजू देवी राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिस्का संकूल संसाधन केन्द पिस्का एवं उप विजेता शान्ति देवी राजकीय मध्य विद्यालय डहू संकूल संसाधन केन्द्र डहू। यह दोनों विजेता जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में भाग लेगे। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रमुख अनुपमा देवी, बाल विकास पदाधिकारी लक्ष्मी भारती, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सीमा कुमारी, डाश रेणू बाखला, रीना यादव बी पी ओरमाझी, मो नौशाद सी आर पी शामिल रहे। सभी रसोईया को सम्बोधित करते हुए प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सीमा कुमारी ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य रसोईया सह सहायिकाओं में गुणवत्ता पुर्ण भोजन तैयार करने। सीमित संसाधनों में बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने। भोजन बनाने की प्रक्रिया को आनन्दमयी बनाने एवं मध्यह्न भोजन योजना में रसोईया सह सहायिकाओं में प्रतिस्पर्धा कि भावना को बढ़ावा देना है। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में ज्योति कुमारी, नितू कुमारी, शिला कुमारी, रोहित कुमार, सुमन कुमारी एवं सभी सी आर पी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# सिस्टा के पिपरवार क्षेत्रीय सचिव कामेश्वर राम ने दिया इस्तीफा

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोल इंडिया एससी/एसटी इम्पलाईज एसोसिएशन सिस्टा के पिपरवार क्षेत्रिय सचिव कामेश्वर राम ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।उन्होंने सिस्टा के केन्द्रीय महासचिव को अपना इस्तीफा भेजा है।सिस्टा से इस्तीफा देने पर स्थानीय सिस्टा के कार्यकर्ताओं में मायूसी देखी जा रही है।केंद्रीय महासचिव को लिखे इस्तीफा में कामेश्वर राम ने अपने निजी कारणो से इस्तीफा देने की बात कही है।साथ ही बीते 23 जनवरी से ही इस्तीफा को स्वीकृति प्रदान करने की अपील की है।ज्ञात हो कि कामेश्वर राम सीसीएल पिपरवार एरिया के अशोक परियोजना में सीनियर मैक्नीक के पद पर कार्यरत है।पिपरवार मे वह सिस्टा के क्षेत्रिय सचिव के अलावे युनाईटेड कोल वर्क्स युनियन सहित कई समाजिक संगठनो से जुड़े हुए है, लेकिन अचानक सिस्टा पिपरवार क्षेत्रिय सचिव के पद से कामेश्वर राम के इस्तीफा देने पर क्षेत्र में कई तरह के चर्चा हो रही है। फिलहाल इस्तीफा देने के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल सका है।



# पिपरवार मे हुई युनाईटेड कोल वर्क्स युनियन की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बसंत विहार कॉलोनी में गुरुवार को युनाईटेड कोल वर्क्स युनियन की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता यूनियन के क्षेत्रीय संयोजक मोहम्मद रहमतुल्लाह ने किया।बैठक मे युनियन को मजबूत बनाने एंव सदस्यता अभियान चलाने सहित मजदुरो की कई समस्या पर चर्चा की गई।बैठक में कॉमरेड रहमतुल्लाह के द्वारा 25 जनवरी को हुए केंद्रीय कार्यकारणी की बैठक की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट के पहले सरकार ने श्रम संगठनों के नेताओं से बात करना उचित नहीं समझा।इसका अंदेशा यह है कि फिर बजट में सरकार पूंजीपतियों के लिए ही लाभ पहुंचाने के लिए स्कीम लाएगी और मजदूर,किसान, बेरोजगार नौजवानों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाएगा।इस पर भी यूनियन की नजर है और इस पर आगे यूनियन कदम उठाएगी।श्रम कानून जो कि अंग्रेज के जमाने में मजदूरों के द्वारा यूनियन के नेतृत्व में लड़कर लिया गया है उसे जबरन पूंजीपतियों के पक्ष में करके चार कोड में लागू करने की जो मनसा सरकार की है उसका एटक जोरदार विरोध करती है और आगे भी करती रहेगी।बैठक में पिपरवार क्षेत्र के सभी शाखाओं के सदस्यता कि समीक्षा की गई और 2025 में और अधिक से अधिक मेंबर बनाने का आह्वान किया गया।बैठक में पिपरवार क्षेत्र का यूनियन का दूसरा सम्मेलन 10 फरवरी को करने का भी निर्णय लिया गया।बैठक में मुद्रिका प्रसाद,अरविंद शर्मा, मोहम्मद रहमतुल्लाह,धनेश्वर गंझु,मोहम्मद अब्दुल्ला सहित कई लोग उपस्थित थे।




# इनमोसा के सीसीएल स्तरीय समिति की बैठक में शामिल हुये पिपरवार के लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** इंडियन नैशनल माईन ऑफिसियल एंड सुपरवाईजर स्टॉफ एसोसिएशन (इनमोसा) पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी के कई सदस्य गुरुवार को सीसीएल के उरीमारी एरिया मे आयोजित इनमोसा सीसीएल कार्यकारिणी समिति की बैठक मे शामिल हुए।इस बैठक मे इनमोसा के द्वारा सदस्यता अभियान चलाने सहित माईनिंग स्टॉफ से जुड़ी समस्या पर चर्चा की गई।इस संबंध में इनमोसा के पिपरवार क्षेत्रीय अध्यक्ष एसडी राम और क्षेत्रीय सचिव अनिल कुंवर ने बताया कि सीसीएल स्तरीय इस बैठक में सीसीएल के सभी क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल हुए।बैठक में मुख्य रूप से माईनिंग स्टाफ के करियर ग्रोथ एवं मैन पॉवर बजट पर चर्चा की गई।साथ ही वर्ष 2024 के सदस्यता शुल्क पर चर्चा करते हुए नए साल 2025 में सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।माईनिंग स्टॉफ से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए समस्याओं के समाधान को लेकर जल्द ही उग्र आंदोलन करने का निर्णय लिया गया,जिसके लिए सभी को एकजुट होने का आह्वान किया गया है।बैठक मे पिपरवार क्षेत्र से क्षेत्रिय अध्यक्ष एसडी राम, सचिव अनिल कुंवर,सुरेश कुमार सहित अन्य लोग शामिल हुए।



## स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल बरियातु रॉची में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मेडिका अस्पताल के डॉ. रोहित कुमार के नेतृत्व में विद्यार्थियों को सी.पी.आर. अर्थात् कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन के बारे में जानकारी दी गई। सी.पी.आर. एक तरह की प्राथमिक चिकित्सा है जिसे आपातकालीन स्थिति में तब दिया जाता है जब किसी व्यक्ति की दिल की धड़कन अचानक बंद हो जाती है। इस विधि में बचावकर्ता जितनी जल्दी सीने में खास तौर से कम्प्रेशन शुरू करता है उतनी ही अधिक सम्भावना रोगी को जीवित रखने के लिए आवश्यक आवश्यक ऑक्सीजन मस्तिष्क और शरीर के अन्य महत्वपूर्ण अवयवों को मिल पाएगी। इससे किसी की जान बचाई जा सकती है। प्राचार्य डॉ. तापस घोष ने इस महत्वपूर्ण जानकारी के लिए डॉ. रोहित कुमार और उनकी टीम को धन्यवाद दिया। प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय नियमित रूप से स्वास्थ्य सजगता सम्बंधी कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। विगत 17 दिसंबर 2024 को पांच दिवसीय मुफ्त नेत्र चिकित्सा शिविर डॉ. स्वाति कुमारी तथा 18 जनवरी 2025 को मुफ्त फुल बॉडी चेक-अप डॉ. सुमन दुबे और उनकी टीम द्वारा किया गया था।




## बिजुपाड़ा से अनिल उरांव की बोलेरो हुई चोरी, थाने को दी गई सूचना

**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो थाना क्षेत्र बिजुपाड़ा से अनिल उरांव की बोलेरो बीती रात चोरी हो गई। इसकी जानकारी थाना में देने की बात कही है गुरुवार 12 बजे अनिल उरांव के द्वारा बताया गया कि रोजाना की तरह घर के बाहर बोलोरो गाड़ी खड़ी रहती है मगर जब गुरुवार सुबह उठे तो वहां से गाड़ी गायब थे काफी खोज के बिन के बाद भी कहीं कोई पता नहीं चल पाया है।

## कार स्कूटी की टक्कर, दो घायल

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर गुरुवार को 1 बजे दिन में कराँजी पेट्रोल पंप के समीप स्कूटी और कार के बीच सीधी टक्कर में स्कूटी पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल क्रमशः सुनिल लकड़ा 35 वर्ष पिता गब्रियल लकड़ा और अभिषेक लकड़ा 28 वर्ष पिता अजित कुमार लकड़ा दिघिया गांव के निवासी है। जो दिघिया से बेड़ो जा रहे थे। तभी बेड़ो से लोहरदगा की ओर जा रही एक कार के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय ग्रामीणो ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंहुचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीरावस्था में दोनो को रिम्स रेफर कर दिया। इस दुर्घटना में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

## देवी मण्डप मंदिर का स्थापना दिवस आज

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी के देवी मंडप मंदिर का आज (शुक्रवार) को 21वाँ स्थापना दिवस मनाया जायेगा, सुबह 9.30 बजे कलश यात्रा निकाली जायेगी वहीं शाम में भजन कीर्तन के साथ साथ भंडारे का आयोजन होगा। उक्त जानकारी आयोजन समिति के बिहारी केशरी ने दी।

## बुढ़मू स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू प्रभारी ईशानी सिंह के नेतृत्व में मध्य विद्यालय मक्का में आई डीडी सर्वे अंतर्गत नमक एवं यूरीन का सैंपल लिया गया तथा गॉईटर स्क्रेनिंग 06 से 12 वर्ष के 45 बच्चियां एवं 45 बच्चे का किया गया। सैंपल एकत्रित करके स्टेट आई डीडी मॉनिटरिंग लैबोट्री आई डीडी सेल नामकुम रांची भेजा गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के कई डॉक्टर उपस्थित थे।

## शहीद दिवस के उपलक्ष्य पर अंचल कार्यालय में 2 मिनट का मौन रखा गया

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड के अंचल कार्यालय में गुरुवार को शहीद दिवस के उपलक्ष पर भारत के वीर शहीदों को याद करते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया!इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा की पूरा देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद करते हैं और उनके विचार एवं आदर से हमें मार्गदर्शन मिलता रहेगा! महात्मा गांधी के विचारों से देशवासियों को प्रेरणा मिलती रहेगी! राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शहीद दिवस पर आज पूरा देश राष्ट्रीय श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहा है।

## 30 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण प्रारंभ आज

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वरा शिक्षण द्वारा केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण आज शुक्रवार से शुभारंभ किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक बेरोजगार महिला जिनका उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच है एवं वे प्रशिक्षण लेकर अपना स्वयं का स्वरोजगार करना चाहते हैं वैसी महिलाएं संस्थान कार्यालय में संपर्क कर अपना नामांकन कर सकते हैं प्रशिक्षण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, शैक्षिक योग्यता, प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, महिला समूह कोड आदि डॉक्यूमेंट की आवश्यकता है प्रशिक्षण पूरी तरह से निशुल्क है साथ में रहने खाने की भी व्यवस्था है।

## तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के कथित दम्पति की जोड़ी बंटी बबली के कारनामे से लोग परेशान

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के कई गांव से ग्रामीणों से करोड़ों रुपया की ठगी करने वाला पति पत्नी अब तक फरार हैं। दोनों ठग के कारण ग्रामीण काफी परेशान है। पुलिस भी पति-पत्नी को नहीं खोज पायी है। इस संदर्भ में प्रखंड क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित बधई गांव के करीब 42 महिलाएं एवं पुरुषों ने बताया कि हमारे ही गांव के रहने वाली डोमनी देवी तमाड़ मुरलीडीह निवासी पति शम्भू मुंडा एवम ऐजेंट कार्तिक कुमार महिला समुह बनाने के नाम से ग्रामीण का करोड़ों रुपया लेकर फरार हो गया। ग्रामीणों को ठगी का पता तब चला जब भारत फाइनेंस, बंधन बैंक, आर बी एल फाइनेंस, लाइट फाइनेंस एवम भाया फाइनेंस कंपनी के एजेंट गांव जाकर ग्रामीणों से फाइनेंस कंपनी से ली गई पैसा वापस करने की बात कही। तो ग्रामीणों के पैर के तले जमीन खिसक गई। किसी महिला का डेढ़ लाख किसी का दो लाख किसी का ढाई लाख सहित अन्य रुपया ऋण बताया जा रहा है। गुरुवार को सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित होकर पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें एक रुपया नहीं मिला है। मगर पति-पत्नी ने मिलकर उन लोगों के नाम से पांचों फाइनेंस कंपनी से लाखों रुपया निकासी कर फरार हो गया हैं। दोनों के खिलाफ तमाड़ थाना में एक मामला भी दर्ज की गई है। मगर पुलिस भी उन्हें खोज पाने में सफल नहीं हो पायी है। इधर फाइनेंस कंपनी के एजेंट द्वारा ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण काफी आक्रोशित है। एवं उनका कहना है कि हम लोग जब पैसा ही नहीं लिए हैं तो दे कहां से। सबसे ज्यादा ठगी का शिकार पुण्डिदीरी निवासी उत्तम कुन्डु से चार लाख चालीस हजार की ठगी हुआ है।

## सांसद प्रतिनिधि विक्रम नाग प्रशासनिक पदाधिकारीयों से मुलाकात कर लिखित आवेदन सौंपा

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी लोकसभा सांसद काली चरण मुंडा द्वारा कर्रा प्रखंड से घासीबारी निवासी विक्रम नाग को सांसद प्रतिनिधि चुने गये है जिसे लेकर सांसद प्रतिनिधि विक्रम नाग ने गुरूवार को अपने कार्यकर्ताओं के साथ कर्रा पहुंचकर थाना प्रभारी कर्रा मनीष कुमार, बीडीओ कर्रा स्मिता नगेशिया व सीओ कर्रा वंदना भारती को लिखित आवेदन सौंपा गया. साथ पहली मुलाकात में सांसद प्रतिनिधि विक्रम नाग ने सभी पदाधिकारीयों से क्षेत्र के विकास व जनता कि समस्याओं का निवारण को लेकर समन्वयक बनाकर काम करने की बात कही. इस मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजीव परधिया, प्रदीप देवघरिया, भोला खान, अलेकिस्यूस परधिया, सूचित सांगा, संदीप संगा, उमेश गोप, हाबिल कच्छप, मनुएल संगा, बिट्टू कुमार,राहूल कुमार गुप्ता, मनीष कुमार, आशिष कुमार महतो के अलावे अन्य लोग मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा के तहत क्रिकेट मैच का आयोजन



**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से आज जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो एवं खेल पदाधिकारी अमित कुमार के द्वारा एक दिवसीय क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 में तहत क्रिकेट मैच के माध्यम से सड़क सुरक्षा से संबधित जानकारी दी गयी. सबको हिट एंड रन और गुड समेरियटन पॉलिसी 2020 के बारे में जानकारी दी जा रही है। समाज के बीच के दायरे को कम करने के उद्देश्य से इस प्रकार का आयोजन बहुत जरूरी है । गोल्डन हावर में किसी भी दुर्घटना पीड़ित को बचाने में सोचें नहीं, पुलिस कभी भी आपको किसी की मदद करने के लिए परेशान नहीं कर सकती है, ऐसा गुड समेरिटन पॉलिसी 2020 के द्वारा आपको हक़ मिलता है जिससे पुलिस और अस्पताल आपसे अनावश्यक पूछताछ नहीं कर सकती है और किसी भी प्रकार के कानूनी प्रक्रियाओं से आप मुक्त रहेंगे । गुड समेरिटन पॉलिसी 2020 के तहत किसी भी दुर्घटना पीड़ित की मदद करने पर रुपए 2000 से रुपए 5000 तक आपको सम्मानित किया जाता है साथ ही प्रशस्ति पत्र भी दिया जाता है।

## गम्हरिया में जिला कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किया नमन



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से गम्हरिया में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने प्रखंड परिसर स्थित बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात, कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा संविधान बचाओ अभियान के तहत %जय भीम, जय संविधान% रैली निकाली गई। इस दौरान प्रखंड परिसर से कार्यकर्ता पैदल मार्च कर नारा लगाते हुए लाल बिल्डिंग चौक पहुंचे जहां रैली सम्पन्न हुआ। इस मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष अम्बुज कुमार, प्रदेश सचिव सुरेशधारी, दिवाकर झा, खिरोद सरदार, प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश तिवारी, वरिष्ठ नेता फुलकान्त झा, जिला महासचिव राजू रजक, लालबाबू सरदार, सिद्धेश्वर उपाध्याय, नागेंद्र झा, नीतू शर्मा, दीपू ठाकुर, अवधेश गोराई समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 25 मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के एस.एम.पब्लिक स्कूल रामनगर बिस्टाटांड़ में गुरुवार को टाटा स्टील फाउंडेशन एवं जमशेदपुर नेत्र चिकित्सालय के द्वारा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों लोगों का नेत्र जाँच किया गया ,जिसमें 25 लोगों का मोतियाबिंद हेतु चयन किया गया। सभी चयनित मोतियाबिंद के मरीजों को आपरेशन के लिए टाटा नेत्र चिकित्सालय ले जाया जाएगा। वही आयोजक समाजसेवी राम प्रसाद महतो ने बताया कि हर साल नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के बूढ़े बुजुर्ग लोग जो अपने पैसे से आँख का ऑपरेशन नहीं कर पाते है,उसे शिविर के माध्यम से नेत्र जाँच कर निशुल्क ऑपरेशन किया जाता है। नेत्र चिकित्सा शिविर में मुख्य अतिथि के रुप में कुड़मी संस्कृति विकास समिति के केंद्रीय अध्यक्ष स्वपन महतो उपस्थित हुए। मौके पर डॉ.मुकेश कुमार महतो, सामजसेवी उमाकांत महतो, इंटर कॉलेज तिरुलडीह के प्राचार्य उपेन चंद्र महतो, ठाकुरदास महतो, हृदय रंजन महतो, गोपेश कुमार महतो, सौरभ, मनोज, दीपक, मृणाल कांत सहित चिकित्सा कर्मी उपस्थित थे।

## गो डिजिट लाइफ़ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया डिजिट ग्लो टर्म लाइफ़ इंश्योरेंस

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गो डिजिट लाइफ़ इंश्योरेंस लिमिटेड (डिजिट लाइफ़) ने अपना पहला इंडीवीजुअल प्योर टर्म लाइफ़ इंश्योरेंस प्लान डिजिट ग्लो टर्म लाइफ़ इंश्योरेंस लॉन्च करने की घोषणा की है। इसे खास तौर पर स्वरोजगारी भारतीयों के लिए तैयार किया गया है। ग्राहक सेवा में सरलता और एजेंट की त्वरित ऑनबोर्डिंग के लिए, डिजिट लाइफ़ इंश्योरेंस ने जमशेदपुर के बिष्टुपुर में ऑफ़िस भी खोला है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, झारखंड के लगभग 68 प्रतिशत लोग स्वरोजगार करते हैं। भारत में करीब 30 करोड़ से ज्यादा स्वरोगारी हैं जो तमाम चुनौतियों, जैसे आय में उतार चढ़ाव, आय प्रमाण का न होना के कारण अपने लिए बेहतर टर्म लाइफ़ इंश्योरेंस नहीं खरीद पाते। डिजिट लाइफ़ इंश्योरेंस लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर संदीप भारद्वाज, ने कहा कि झारखंड के स्वरोजगारी, जिनमें छोटे व्यापारी, गिग वर्कर, और पेशेवर शामिल हैं, हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। समाज के निम्न वर्ग के लोगों को भी इंश्योरेंस की सुविधा देने के लिए, प्लान में 10 लाख रुपए से 1 करोड़ रुपए तक के कवरेज के साथ कॉम्प्रिहेंसिव प्रोटेक्शन दिया जा रहा है। ऑनबोर्डिंग से लेकर रिनुअल और क्लेम सेटेलमेंट तक की पूरी प्रक्रिया 100 प्रतिशत डिजिटल होगी, जिससे लंबी कागजी कार्यवाई की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## गुरूपद गोप की हत्या मामले में अदालत ने सुनाई उम्रकैद की सजा व जुर्माना

**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के ईचागढ बाजार में कुनाल साहदेव को गोली मारकर हत्या के खिलाफ जिला व अपर सत्र न्यायाधीश सच्चिन्द्र नाथ सिन्हा के अदालत में उम्र कैद एवं 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा का फैसला दिया । वहीं आर्म एक्ट में 4 साल एवं 10 हजार रुपए अर्थदंड लगाया गया। उक्त मामले में 19 गवाही कराया गया । चांडिल अनुमंडल न्यायालय में ईचागढ केस संख्या 29/22 ,धारा 302 एवं धारा 27 आर्म एक्ट में अपर लोक अभियोजक हर्ष वर्धन ने हत्या का पक्ष रखा एवं अनुसंधान कर्ता दिनेश ठाकुर के अनुसंधान में मामले पर सुनवाई हुई। मालूम हो कि 26 मई 2022 को ईचागढ बाजार में दिन दहाड़े कुनाल साहदेव को गुरू पद गोप, उर्फ गीड्डु यादव द्वारा गोली मारकर हत्या कर दिया गया था।

### वन स्टॉप सेंटर को बेहतर और सशक्त बनाने पर मंथन

# केंद्रीय बजट से झारखंड सेंटर के लिए हिस्सा का करुंगी मांग : महुआ माजी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** वन स्टॉप सेंटरों को सशक्त और सुविधा युक्त बनाने को लेकर सामाजिक संस्था यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन (युवा ) की पहल पर क्रिया,नई दिल्ली के सहयोग से होटल बीएनआर चाणक्य, रांची में राज्य स्तरीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन हुआ ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद महुआ माजी और विशिष्ट अतिथि के रूप में एडीजी एवं राज्य स्तरीय महिला कोषांग की प्रभारी सुमन गुप्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में युवा की ओर से एक सर्वे रिपोर्ट को जारी किया गया जिसमें बताया गया कि राज्य के 24वन स्टॉप सेंटरों में मात्र पांच सेंटर, कोडरमा, रामगढ, सरायकेला, लोहरदगा और धनबाद में ही सेंटर 24घंटे कार्यरत हैं. बाकी सेंटरों में इंफ्रास्ट्रक्चर की काफी कमी की



वजह से 24घंटे सुविधा उपलब्ध नहीं है. विशिष्ट अतिथि एडीजी सह महिला विशेष सुरक्षा कोषांग की प्रभारी सुमन गुप्ता ने खुलकर माना कि पुलिस और वन स्टॉप सेंटर के प्रतिनिधियों के बीच एक गैप है जिसे पाटने की जरुरत है. मुख्य अतिथि महुआ माजी ने कहा कि वे वन स्टॉप सेंटरों के बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर की बाधाओं के विषय में संसद में प्रश्न उठाकर इन सेंटरों के लिए तय किए गए तीन हजार करोड़ में से झारखंड के हिस्से को देने की मांग करेंगी। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटरों में पीड़ितों और दिव्यांगजनों की पहुंच मजबूत करने को लेकर पैनल डिस्कशन का भी आयोजन हुआ जिसमें नसरीन जमाल मॉडरेटर की भूमिका में थीं. इसमें मीडिया से अन्नी अमृता, शक्ति फाउंडेशन की निदेशक पद्मा कुमारी, सी एस एन आर की आकृति लकड़ा, क्रिया की प्रोग्राम मैनेजर बबीता सिन्हा व अन्य शामिल हुए.

## जिला समाहरणालय सभागार में उपायुक्त के नेतृत्व में शहीदों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल, अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी (शहीद दिवस) को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा शहीदों को स्मरण किया । जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने इस मौके पर कहा कि देश के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर शहीदों के प्रति हमें अपनी कृतज्ञता प्रकट करने का दिवस है, साथ ही देश की एकता, अखंडता के लिए उनके आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है ।राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला स्तरीय कार्यालय, अनुमंडल स्तरीय कार्यालय तथा प्रखंड/अंचल के कार्यालयों में भी दो मिनट का मौन रखकर शहीदों का स्मरण किया गया। साथ ही सभी शैणणिक संस्थान के अलावा कौशल विकास केन्द्र, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय एकता के बारे में वार्ताएं एवं भाषण आयोजित किए गए । वहीं सार्वजनिक उपक्रमों /निजी कंपनियों में भी शहीदों की याद में मौन रखा गया ।

## टायो कॉलोनी प्रभावितों से मिले डुमरी विधायक जयराम महतो, हरसंभव मदद का दिया भरोसा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** टाटा स्टील की गम्हरिया स्थित बंद पड़ी अनुषंगी इकाई टायो कंपनी के फ्लैट्स धराशायी होकर गिरने की सूचना पर डुमरी के विधायक जयराम महतो गुरुवार को प्रभावितों से मिलने कॉलोनी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने फ्लैट धराशायी होने से प्रभावित होकर सड़कों पर रात गुजार रहे परिवारों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। साथ ही, उन्होंने प्रभावितों को हरसंभव सहायता दिलवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जयराम महतो ने फोन पर उपायुक्त, गम्हरिया के अंचल अधिकारी और टाटा प्रबंधन के अधिकारियों से वार्ता कर सड़कों पर रात गुजार रहे परिवारों को अविलंब दूसरे फ्लैट में रखने से संबंधित आग्रह किया। इस पर टाटा प्रबंधन के अधिकारियों ने अपने हाथ खड़े कर दिए। विधायक जयराम महतो ने मौके से ही सरायकेला उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला से फोन पर प्रभावित परिवारों को उचित तौर पर व्यवस्थित करने की बात कही। इस पर उपायुक्त ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है और गम्हरिया अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि परिवारों को वहां से दूसरे मकान में शिफ्ट करने की कवायद जल्द पूरा करें। इससे पूर्व डुमरी विधायक जयराम महतो के वहां पहुंचने पर सड़कों पर रात गुजार रहे लोगों ने उनसे गुहार लगाते हुए उचित हक दिलाने की मांग करते हुए अपना दुखड़ा सुनाया। इस मौके पर काफी संख्या में टायो कॉलोनी निवासी और कई झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## सोना जैसा बनना है तो, सूरज जैसा जलना होगा : डॉ. जे.पी मिश्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोना देवी विश्वविद्यालय के सभागार में आज स्वर्गीय सोना देवी की आठवीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में व्याख्यान श्रृंखला की शुरुआत की गई। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. जे.पी मिश्रा ने कहा स्वर्गीय सुखदेव सिंह जी एवं स्वर्गीय सोना देवी जी के संस्कारों के कारण ही हम सभी यहाँ तक पहुँचे हैं। इसलिए सोना देवी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भी अपने व्यक्तित्व को ऐसा बनाये कि उसी के आधार पर आपकी पहचान बने। जीवन में सफल बनने के लिए आपका कृतित्व अच्छा होना चाहिए। सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. गुलाब सिंह आज़ाद ने कहा कि सौभाग्यशाली लोगों के सम्बन्ध में ही इस तरह के आयोजन किये जाते हैं। कुलाधिपति प्रभाकर सिंह ने बताया कि सोना देवी मेमोरियल एजुकेशनल फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा सामाजिक दायित्व निर्वाहन के तहत नेत्र




चिकित्सा शिविर, रक्त दान शिविर और कम्बल वितरण आदि भी समय- समय पर किया जाता है। इसी के तहत सोना देवी विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम के साथ आगामी 15 फरवरी से 17 फरवरी तक 3 दिवसीय निश्शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन जमशेदपुर में किया जा रहा है।

## शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से पारुलिया मध्य विद्यालय को हाईस्कूल में अपग्रेड करने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुसाबनी :** मुसाबनी प्रखंड के पारुलिया पंचायत स्थित मध्य विद्यालय कुदगाड़िया को हाईस्कूल का दर्जा देने की मांग ग्राम प्रधान अशोक कुमार सोरेन, प्रखंड प्रमुख रामदेव हेंब्रम, पंचायत समिति सदस्य हरि शरण महाकुड़, शंभु गगराई व अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से किया है। गुरुवार को मुसाबनी में एक कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री को एक ज्ञापन सौंपकर कहा गया है कि पारुलिया पंचायत में एक भी उच्च विद्यालय नहीं है। विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए मुसाबनी और डुमरिया जाते है। मध्य विद्यालय कुदगाड़िया को उच्च विद्यालय का दर्जा मिलने से अनेक विद्यार्थी उच्च शिक्षा हासिल कर पायेंगे। क्षेत्र के ग्रामीण भी वर्षों से पारुलिया पंचायत में हाईस्कूल की मांग कर रहे हैं। शिक्षा



मंत्री रामदास सोरेन ने इस संबंध में उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## जिला कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के पुण्यतिथि में उन्हें दी गई श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का पुण्य तिथि कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टुपुर में आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे उपस्थिति हुए। अतिथि के द्वारा सर्वप्रथम महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं कांग्रेस के पदाधिकारी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

पुण्य तिथि कार्यक्रम को प्रदेश सचिव महेंद्र मिश्र, जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रदेश सचिव राकेश तिवारी ने संबोधित किया।




कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह आजाद उपाध्यक्ष ने किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रदेश सचिव महेंद्र मिश्र, राकेश तिवारी, रियाजुद्दीन खान, के के शुक्ल, ब्रजेन्द्र तिवारी, अरूण कुमार सिंह, रजनीश सिंह, रंजीत सिंह, भरत सिंह, अशोक सिंह क्रांतिकारी, मुन्ना मिश्रा, कुमार गौरव, अरूण बारीक, एस आर के कमलेश, पुरबी रानी दत्ता, विनोद यादव, सन्नी सिंह, अनंत लाल, रामदास मेहता, अखिलेश यादव सहित कांग्रेसजन शामिल हुए।

### युवा कांग्रेस ने मनाई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77 वीं पुण्यतिथि

## गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक : प्रेमेंद्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** आमदा में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77 वीं पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। खादी पार्क आमदा में युवा कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर बापू को याद किया। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि महात्मा गांधी की शिक्षाएं और त्यागमय जीवन विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने सभी से नए भारत विकसित भारत के निर्माण के लिए सत्य अहिंसा और स्वदेशी के मार्ग पर चलने का आवाह्न किया।



उन्होंने कहा कि गांधी जी सभी धर्मो का समान रूप से सम्मान करते थे। इसलिए स्वतंत्रता आंदोलन में लाखों लोगों ने उनके साथ दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा उपाध्यक्ष राजाराम पाड़िया बलभद्र महतो रामचंद्र लोहार शंकर दिग्गी रविंद्र बोयपाई संजय पुष्टि वीरेंद्र नायक अजय पान आदि उपस्थित थे।

## टाटा स्टील फाउंडेशन ने 150 छात्रों को दिया ज्योति फेलोशिप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सुकिंदा/जमशेदपुर :** आज टाटा स्टील के सुकिंदा क्रोमाइट माइन परिसर में आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी के दौरान, टाटा स्टील फाउंडेशन ने 150 मेधावी एससी/एसटी छात्रों को ज्योति फेलोशिप से सम्मानित किया। ये सभी छात्र कलिंगानगर-बामनीपाल-सुकिंदा क्षेत्र से चयनित किए गए हैं। कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों को दी जाने वाली यह फेलोशिप उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करने के साथ-साथ उनके भविष्य को संवारने की दिशा में एक अहम कदम है। टाटा स्टील के फेरो अलॉय और मिनरल्स डिवीजन के एक्जीक्यूटिव इंचार्ज पंकज कुमार




सतीजा, पद्म दैतारी नायक, जिन्हें ओडिशा के नहर पुरुष के नाम से भी जाना जाता है, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक शुभाष चंद्र राउत, स्टेम लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड के क्लस्टर मैनेजर सयंतन मित्रा, ओडिशा के बाईसिंगा स्थित खैरबनी आश्रम स्कूल की प्रधानाचार्या बिनिता दास और अन्य सम्माननीय व्यक्तियों ने छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर पंकज सतीजा, टाटा स्टील के फेरो अलॉय और मिनरल्स डिवीजन के एक्जीक्यूटिव इंचार्ज ने कहा, हम मेधावी छात्रों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने और उन्हें सफलता की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस संगोष्ठी में नवीन श्रीवास्तव, सरूआबिल और कमरदा के ट्विन माइंस के हेड, आदर्श अग्रवाल, एफएपी बामनीपाल के हेड, प्रमोद कुमार, एफएएमडी के एडमिन हेड, अंबिका प्रसाद नंदा, टाटा स्टील फाउंडेशन के सीएसआर हेड, डॉ. जयंत त्रिपाठी, सुकिंदा-बामनीपाल क्लस्टर के हेड, और देबांजन मुखर्जी, कलिंगानगर इम्पैक्ट क्लस्टर के हेड सहित फाउंडेशन के कई अन्य टीम सदस्य भी उपस्थित थे।

## प्रखंड कार्यालय में मनाई गई महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि

**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय एवं पंचायत सचिवालयों में राष्टपिता महात्मा गांधी का 77 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर महात्मा गांधी के चित्र पर



माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा ने महात्मा गांधी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अहिंसा के मार्ग पर चलने वाले राष्ट पिता महात्मा गांधी ने आजादी की लड़ाई अहिंसा के रास्ते चलकर अंग्रेजी हुकूमत को पीछे हटने पर मजबुर किया। वहीं सितु सोड़ो,तुता, पातकुम, देवलटांड़,नदीसाई आदि पंचायत सचिवालयों में भी महात्मा गांधी का पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर बीडीओ एकता वर्मा, अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद, मुखिया राखोहरी सिंह मुण्डा, बिपीन सिंह मुण्डा, कृष्णा सिंह मुण्डा आदि उपस्थित थे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# समान नागरिक संहिता लागू

**भाजपा** ही नहीं, भारतीय जनसंघ का भी एक बुनियादी, वैचारिक एजेंडा लागू हो गया। समान नागरिक संहिता को कानूनन उत्तराखंड राज्य ने लागू किया है। अभी भाजपा शासित 6-7 राज्य और हैं, जहां समान नागरिक संहिता की दिशा में लगातार प्रयास जारी हैं। वहां से भी जल्द ही अच्छी खबरें आ सकती हैं। केंद्र के स्तर पर कब होगा, फिलहाल यह निश्चित नहीं है। उत्तराखंड देश का सर्वप्रथम राज्य बन गया है। भाजपा के मातृ-दल जनसंघ ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने और तीन तलाक को कानूनन बनाने सरीखे मुद्दों को अपना वैचारिक एजेंडा तय किया था और उसी के आधार पर राजनीति की थी। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण भाजपा और विहिप का साझा एजेंडा था। आरएसएस बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश के बाहर खदेडऩे का पक्षधर रहा है। देखा जाए तो ये संघ परिवार के ही वैचारिक मुद्दे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उन मुद्दों को साकार कराया है, बेशक समान नागरिक संहिता पर वह राज्यवार चलना चाहते हैं। यह बचाव-मुद्रा इसलिए है, ताकि देश भर में सांप्रदायिक बवाल न मचे और दंगों की नौबत न आए। उत्तराखंड ने जो पहल की है, उसका भी त्वरित विरोध 'जमायत-ए-हिंद' ने किया है और समान संहिता को मुसलमानों के मजहबी हुकूक में दखलअंदाजी माना है। उन्होंने इस कानूनी व्यवस्था को सर्वोच्च अदालत में चुनौती देने का भी ऐलान किया है। वैसे समान नागरिक संहिता कोई 'संघी व्यवस्था' नहीं है। संविधान बनाने वाले हमारे पुरखों ने अनुच्छेद 44 में यह प्रावधान निहित किया था कि केंद्र अथवा राज्य सरकारें समान नागरिक संहिता लागू करने के प्रयास जरूर करें। देश की सर्वोच्च अदालत ने भी इसकी पक्षधरता कुछ अवसरों पर व्यक्त की है। तो यह बुनियादी निष्कर्ष तय है कि समान संहिता को लागू करना अवैध और असंवैधानिक नहीं है। यह भाजपा सरकार ने ही तय नहीं किया है, बल्कि सर्वोच्च अदालत की न्यायाधीश रह चुकीं जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई के नेतृत्व में 2.35 लाख लोगों से विमर्श किया गया। उस प्रक्रिया के बाद ही 740 पन्नों का मसविदा सामने आया। उसे विधानसभा में पारित किया गया, फिर राज्यपाल ने सहमति दी और 12 मार्च, 2024 को राष्ट्रपति ने अनुमोदित किया। विमर्श की गुंजाइश अब भी है। साफ है कि समान नागरिक संहिता के तहत सभी धर्मों के सभी लोगों को समान अधिकार देने की व्यवस्था की गई है। हमारा सवाल है कि अनुसूचित जनजातियों को भी इससे अलग क्यों रखा गया है? आदिवासी अब पूरी तरह कबीलाई नहीं हैं। वे भी सुशिक्षित हैं, सरकारी नौकरियां कर रहे हैं, आईएएस/आईपीएस अधिकारी भी हैं। नए दौर, नए युग की करवटें वे भी देख रहे हैं। उन आदिवासियों को इस कानून से अलग रखा जा सकता था, जो आज भी अनपढ़ हैं और जंगल की जिंदगी जी रहे हैं। बहरहाल समान नागरिक संहिता में विवाह, तलाक, बहुविवाह, बाल विवाह, बेटा-बेटी बराबर, गोद लेने की कानूनी व्यवस्था, विरासत, वसीयत और लिव-इन सरीखी तमाम व्यवस्थाएं समान रूप से लागू की जा सकती हैं। उत्तराखंड ने अपने कानून में 'हलाला' को 'अपराध' करार दिया है। धारा 63 और 51, महिला से क्रूरता या उत्पीडऩ धारा 69 में अपराध है। हलाला पर 10 साल तक जेल की सजा का प्रावधान किया गया है। बहरहाल समान नागरिक संहिता देश भर में लागू क्यों न की जाए।

> भाजपा शासित 6-7 राज्य और हैं, जहां समान नागरिक संहिता की दिशा में लगातार प्रयास जारी हैं। वहां से भी जल्द ही अच्छी खबरें आ सकती हैं। केंद्र के स्तर पर कब होगा, फिलहाल यह निश्चित नहीं है। उत्तराखंड देश का सर्वप्रथम राज्य बन गया है। भाजपा के मातृ-दल जनसंघ ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने और तीन तलाक को कानूनन बनाने सरीखे मुद्दों को अपना वैचारिक एजेंडा तय किया था और उसी के आधार पर राजनीति की थी। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण भाजपा और विहिप का साझा एजेंडा था। आरएसएस बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश के बाहर खदेडऩे का पक्षधर रहा है। देखा जाए तो ये संघ परिवार के ही वैचारिक मुद्दे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उन मुद्दों को साकार कराया है, बेशक समान नागरिक संहिता पर वह राज्यवार चलना चाहते हैं। यह बचाव-मुद्रा इसलिए है, ताकि देश भर में सांप्रदायिक बवाल न मचे और दंगों की नौबत न आए। उत्तराखंड ने जो पहल की है, उसका भी त्वरित विरोध 'जमायत-ए-हिंद' ने किया है और समान संहिता को मुसलमानों के मजहबी हुकूक में दखलअंदाजी माना है। उन्होंने इस कानूनी व्यवस्था को सर्वोच्च अदालत में चुनौती देने का भी ऐलान किया है। वैसे समान नागरिक संहिता कोई 'संघी व्यवस्था' नहीं है।

### आचार संहिता के लागू होने के चलते केंद्र सरकार के पूंजीगत खर्चों एवं अन्य खर्चों में भारी भरकम कमी दृष्टिगोचर हुई है

# वित्तीय वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट से मिल सकती हैं कई सौगातें

प्रह्लाद सबनानी

> प्रथम तिमाही (अप्रेल-जून 2024) में तो सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर गिरकर 5.2 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई थी। इसी प्रकार द्वितीय तिमाही (जुलाई-सितम्बर 2024) में भी सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। इससे वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत की रही थी।

**वित्तीय** वर्ष 2024-25 की पहली छमाही (अप्रेल-सितम्बर 2024) में भारत की आर्थिक विकास दर कुछ कमजोर रही है। प्रथम तिमाही (अप्रेल-जून 2024) में तो सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर गिरकर 5.2 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई थी। इसी प्रकार द्वितीय तिमाही (जुलाई-सितम्बर 2024) में भी सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। इससे वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत की रही थी। वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम छमाही में आर्थिक विकास दर के कम होने के कारणों में मुख्य रूप से देश में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनाव है और आचार संहिता के लागू होने के चलते केंद्र सरकार के पूंजीगत खर्चों एवं अन्य खर्चों में भारी भरकम कमी दृष्टिगोचर हुई है। साथ ही, देश में मानसून की स्थिति भी ठीक नहीं रही है।

केंद्र सरकार ने हालांकि मुद्रा स्फीति पर अंकुश लगाने में सफलता तो अर्जित कर ली है परंतु उच्च स्तर पर बनी रही मुद्रा स्फीति के कारण कुल मिलाकर आम नागरिकों, विशेष रूप से मध्यमवर्गीय परिवारों, की खर्च करने की क्षमता पर विपरीत प्रभात जरूर पड़ा है और कुछ मध्यमवर्गीय परिवारों के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे परिवारों की श्रेणी में जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। किसी भी देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की जितनी अधिक संख्या रहती है, उस देश की आर्थिक विकास दर ऊंचे स्तर पर बनी रहती है क्योंकि मध्यमवर्गीय परिवार ही विभिन्न प्रकार के उत्पादों (दोपहिया वाहन, चारपहिया वाहन, फ्रिज, एयर कंडीशनर जैसे उत्पादों एवं नए फ्लेट्स एवं भवनों आदि) को खरीदने पर अपनी आय के अधिकतम भाग का उपयोग करता है। इससे आर्थिक चक्र में तीव्रता आती है और इन उत्पादों की बाजार में मांग के बढ़ने के चलते इनके उत्पादन को विभिन्न कम्पनियों द्वारा बढ़ाया जाता है, इससे इन कम्पनियों की आय एवं लाभप्रदता में वृद्धि होती है एवं देश में रोजगार के नए अवसर निर्मित होते हैं।

भारत में पिछले कुछ समय से मध्यमवर्गीय परिवारों की व्यय करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है अतः दिनांक 1 फरवरी 2025 को केंद्र सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन से अब यह अपेक्षा की जा रही है कि वे वित्तीय वर्ष 2025-26 के केंद्र



सरकार के बजट में मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए विशेष रूप से आय कर में छूट की घोषणा करेंगी। देश के कई अर्थशास्त्रियों का तो यह भी कहना है कि न केवल आय कर में बल्कि कारपोरेट कर में भी कमी की घोषणा की जानी चाहिए। इनफोसिस के संस्थापक सदस्यों में शामिल श्री मोहनदास पई का तो कहना है कि 15 लाख से अधिक की आय पर लागू 30 प्रतिशत की आय कर की दर को अब 18 लाख से अधिक की आय पर लागू करना चाहिए। आय कर मुक्त आय की सीमा को वर्तमान में लागू 7.75 लाख रुपए की राशि से बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर देना चाहिए। आयकर की धारा 80सी के अंतर्गत किए जाने निवेश की सीमा को भी 1.50 लाख रुपए की राशि से बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर देना चाहिए। मकान निर्माण हेतु लिए गए ऋण पर अदा किए जाने वाले ब्याज पर प्रदान की जाने वाली आयकर छूट की सीमा को 2 लाख रुपए से बढ़ाकर 3 लाख रुपए किया जाना चाहिए।

फरवरी 2025 माह में ही भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मोनेटरी पोलिसी की घोषणा भी होने जा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक से अब यह अपेक्षा की जा रही है कि वे रेपो दर में कम से कम 25 अथवा 50 आधार बिंदुओं की कमी तो अवश्य करेंगे। क्योंकि, पिछले लगातार लगभग 24 माह तक रेपो दर में कोई भी परिवर्तन नहीं करने के चलते मध्यमवर्गीय परिवारों द्वारा मकान निर्माण एवं चार पहिया वाहन आदि खरीदने हेतु बैकों से लिए गए ऋण की किश्त की राशि का बोझ बहुत अधिक बढ़ गया है। बैकों से लिए गए इस प्रकार के ऋणों एवं माइक्रो फाइनैन्स की किश्तों की अदायगी में चूक की घटनाएं भी बढ़ती हुई दिखाई दे रही हैं। अब मुद्रा स्फीति की दर खाद्य पदार्थों (फलों एवं सब्जियों आदि) के कुछ महंगे होने के चलते ही उच्च स्तर पर आ जाती है जबकि कोर मुद्रा स्फीति की दर तो अब नियंत्रण में आ चुकी है। खाद्य पदार्थों की मंहगाई को ब्याज दरों को उच्च स्तर पर बनाए रखकर कम नहीं किया जा सकता है। अतः भारतीय रिजर्व बैंक को अब इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनाव के चलते देश में पूंजीगत खर्चों में कमी दिखाई दी है। इसीलिए अब लगातार यह मांग की जा रही है कि देश में वन नेशन वन इलेक्शन कानून को शीघ्र ही लागू किया जाना चाहिए क्योंकि बार बार देश में चुनाव होने से केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा आचार संहिता के लागू होने के चलते अपने बजटीय खर्चों को रोक दिया जाता है जिससे देश का आर्थिक विकास प्रभावित होता है। अतः वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लोक सभा में पेश किए जाने वाले बजट में पूंजीगत खर्चों को बढ़ाने पर गम्भीरता दिखाई जाएगी। हालांकि वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में 7.50 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किया गया था, वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में 10 लाख करोड़ रुपए एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में 11.11 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किया गया था। अब वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कम से कम 15 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किये जाने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इससे देश में धीमी पड़ रही आर्थिक गतिविधियों को तेज करने में सहायता मिलेगी और रोजगार के करोड़ों नए अवसर भी निर्मित होंगे, जिसकी वर्तमान समय में देश को अत्यधिक आवश्यकता भी है।

विभिन्न राज्यों द्वारा चलायी जा रही फ्रीबीज की योजनाओं पर भी अब अंकुश लगाए जाने के प्रयास किए जाने चाहिए। इन योजनाओं से देश के आर्थिक विकास को लाभ कम और नुक्सान अधिक होता है। केरल, पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं दिल्ली की स्थिति हम सबके सामने है। इस प्रकार की योजनाओं को चलाने के कारण इन राज्यों के बजटीय घाटे की स्थिति दयनीय स्थिति में पहुंच गई है। पंजाब तो किसी समय पर देश के सबसे सम्पन्न राज्यों में शामिल हुआ करता था परंतु आज पंजाब में बजटीय घाटा भयावह स्थिति में पहुंच गया है। जिससे ये राज्य आज पूंजीगत खर्चों पर अधिक राशि व्यय नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि इन राज्यों की न तो आय बढ़ रही है और न ही बजटीय घाटे पर नियंत्रण स्थापित हो पा रहा है।

दृष्टि कोण

# हिरासत में हत्या : मानवाधिकार का उल्लंघन

**हाल** ही में हिमाचल प्रदेश के बहुचर्चित गुडिया बलात्कार और हत्या मामले से जुड़े सूरज कस्टोडियल डेथ केस में चंडीगढ़ की सीबीआई अदालत ने हिमाचल पुलिस के आईजी जहूर जैदी समेत आठ पुलिस कर्मियों को उम्रकैद की सजा दी है। 2017 में कोटखाई में नाबालिग गुडिया के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या के बाद नेपाली नागरिक सूरज सिंह को हिरासत में लिया गया था। पुलिस कस्टडी में प्रताडऩा के कारण सूरज की मौत ने जनता के आक्रोश को और बढ़ा दिया। इस घटना में पुलिस पर आरोप था कि उन्होंने असली अपराधियों को बचाने के लिए निर्दोष सूरज को बलि का बकरा बनाया। सीबीआई जांच में यह पुष्टि हुई कि पुलिस कर्मियों ने सूरज के साथ बर्बरता की। अदालत का यह फैसला न केवल पुलिस तंत्र में व्याप्त अमानवीयता और लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि यह मानवाधिकारों के उल्लंघन और कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है।

गुडिया बलात्कार और हत्या मामला : एक संक्षिप्त विवरण : 4 जुलाई 2017 को हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के कोटखाई क्षेत्र में एक 16 वर्षीय नाबालिग लडक़ी, जिसे 'गुडिया' नाम दिया गया, स्कूल से घर लौटते समय लापता हो गई। कुछ दिनों बाद उसका शव जंगल में मिला, जहां उसके साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या की पुष्टि हुई। इस घटना ने महिलाओं की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर पूरे राज्य में जनाक्रोश पैदा किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कई संदिग्धों को हिरासत में लिया, जिनमें सूरज सिंह शामिल था। 18 जुलाई 2017 को पुलिस हिरासत में सूरज की मृत्यु हुई, जिसके बाद यह मामला सीबीआई को सौंपा गया। जांच और अदालत के फैसले ने पुलिस हिरासत में मानवाधिकारों की रक्षा की दिशा में गंभीर सुधारों की आवश्यकता को रेखांकित किया। भारत में पुलिस हिरासत में मौतें मानवाधिकारों के उल्लंघन का एक गंभीर मुद्दा हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अनुसार 1 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2022 तक देशभर में 669 हिरासत मौतों के मामले दर्ज किए गए। इन मौतों के प्रमुख कारणों में बर्बर प्रताडऩा, लापरवाही और चिकित्सा सहायता की कमी शामिल हैं। अक्सर अपराध कबूल करवाने के लिए पुलिस द्वारा बल प्रयोग किया जाता है, जो कैदियों के जीवन के लिए खतरा बन जाता है। ऐसे मामलों की जांच और दोषियों को सजा देने में देरी न्याय प्रणाली पर जनता के विश्वास को कमजोर करती है।

पुलिस हिरासत में मृत्यु : एक गंभीर समस्या : भारत में हिरासत में मौतों को रोकने के लिए कई कानून और प्रावधान मौजूद हैं। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 120 (1) और 120 (2) के तहत हिरासत के दौरान प्रताडऩा को दंडनीय अपराध माना गया है। इसके अतिरिक्त भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 196 के अनुसार, पुलिस हिरासत में मृत्यु के मामलों में न्यायिक जांच अनिवार्य है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी ऐसे मामलों की निगरानी करता है। लेकिन इन प्रावधानों के बावजूद, जमीनी स्तर पर इनका क्रियान्वयन कमजोर है। पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए पुलिस अधिकारियों को संवेदनशीलता और मानवाधिकारों के प्रति जागरूक करना जरूरी है।

न्यायिक सक्रियता और सुधार : 1978 में 'सुनील बत्रा बनाम दिल्ली प्रशासन' मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जेलों में कैदियों के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर ऐतिहासिक फैसला दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कैदियों को भी भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार प्राप्त हैं। यह निर्णय जेल सुधारों के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश दिया कि जेल प्रशासन कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार करे और उन्हें उचित चिकित्सा सुविधा, भोजन और स्वच्छता उपलब्ध कराए। इस मामले के बाद, सरकार ने कैदियों के अधिकारों की रक्षा के लिए कई नीतियां बनाई। जेल मैनुअल में संशोधन किया गया और अंडरट्रायल कैदियों को बेल पर रिहा करने जैसे उपाय अपनाए गए। हालांकि, इन सुधारों के बावजूद, पुलिस हिरासत में होने वाली मौतें दर्शाती हैं कि सुधारों का क्रियान्वयन अभी भी प्रभावी नहीं है।

राज्य की जिम्मेदारी और सुधार की आवश्यकता : जेल और हिरासत में कैदियों की सुरक्षा राज्य की नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है। सरकार को जेलों को पुनर्वास केंद्र के रूप में विकसित करना चाहिए, न कि अत्याचार और दुव्र्यवहार का केंद्र बनने देना चाहिए।

कुछ अलग

# मेरी पुस्तक का लंचार्पण

**अपने** शहर के तमाम पुस्तकों के चाय समोसार्पण से बोर हो चुके साहित्यिक कम असाहित्यिक मित्रों को यह सृजनात्मक सूचना देते हुए मुझे दौरे पर दौरा पड़ रहा है कि अगले रविवार को होटल खिलाजा में मैंने अपने पहले काव्य संग्रह चटाक पटाक गटाक का लंचापर्ण रखा है। मित्रो! किताब के चाय समोसिया लोकार्पण में वह मजा नहीं होता जो किताब के धांसू लंचार्पण में होता है। बिना लंच के किसी किताब का लोकार्पण वैसे ही होता है जैसे बिना हलुआ पूड़ी के किसी का उठाला। तब उस उठाले से न उठते बनता है न वहां बैठते। तब वहां जैसे कैसे उठते हुए बैठे रहने तक मन से बस, एक यही बद्दुआ निकलती रहती है कि मरने वाले की आत्मा को तो भगवान शांति दे ही नहीं, पर उसके उठाले का इंतजाम करने वालों को भी भगवान उनके पास सब कुछ होने के बाद भी कतई शांति न दें। इसे उठाला कहते हैं क्या यारो? हद होती है मरने के बाद के खर्चों में कट लगाने की भी। जिंदा रहे तो दिल खोलकर ईएमआई पर ईएमआई देते अंधाधुंध खर्चे करते और जब मरे तो...एक ईएमआई अपने उठाले के लिए भी ले लेते तो क्या चला जाता तुम्हारा? उठाले में चावल कढ़ी? अरे भैया मरने वाले! तुम्हारा उठाला कौनसा रोज रोज होना था? फॉर्मैलिटी के लिए जब ऐसा ही गमगीन उठाला करना था तो अपने उठाले में लोग बुलाए ही क्यों थे? घर से ही श्रद्धांजलि दे देते। बंधुओ! किताब का सद्य प्रकाशन सृजनात्मक खारिश के सिवाय और कुछ भी नहीं। प्रकाशक की अनगिनत बदतमीजियां सहते बार बार इतने उसके खाते में पाने को कहते आखिर जब किताब छप ही जाती है तो वह सृजन की खारिश खत्म तो नहीं होती, पर काफी कम हो जाती है। उसके बाद ज्यों ही बीस तीस कविताएं लिखीं कि सृजनात्मक खारिश फिर होने लगी। सृजनात्मक खारिश का इलाज किसी भी अस्पताल के डॉक्टर के पास नहीं होता। न ही इसका कोई लोशन, गोलियां वैगरह आज तक ईजाद हो पाई हैं। विज्ञान ने कैंसर तक की दवाई खोज ली। विज्ञान ने दिमाग के कीड़ों की दवाई भी खोज ली। पर सृजन की खुजली की वह आज तक कोई खाने लगाने वाली दवाई नहीं खोज पाया। इसलिए इसका एकाधिकारिक इलाज अभी भी प्रकाशकों के पास ही मौजूद है कि कोई सृजन की खारिश वाला रोगी उन्हें फोन करे तो वे वहीं से उसकी सृजनात्मक खारिश का इलाज करने लग जाएं। तो किताब के लंचार्पण समारोह में मिलते हैं अगले रविवार ठीक ग्याह बजे से बजे। तब तक के लिए अपना ख्याल रखिएगा। मेरे सद्य प्रकाशित काव्य संग्रह के वैष्णवी लचार्पण का कार्यक्रम निम्न रहेगा- किताब के लंचार्पिणियों का भव्य स्वागत ग्यारह बजे तक। किताब के लंचार्पिणियों के लिए नॉन स्टाप जलपान ग्यारह बजे से एक बजे तक। सवा एक बजे किताब का आपकी जीभों द्वारा डाइनिंग हॉल में लोकार्पण। और वहीं पर किताब के लंचार्पण में पधारे विद्वत बंधुओं के किताब पर विचार। मुख्यातिथि- गर्मागर्म रसगुल्ले। सारस्वत अतिथि- मटर पनीर। विशेष अतिथि- दाल मक्खनी, राजमाश। अध्यक्षता- फ्राइड राइस, मिस्सी रोटी। प्रमुख वक्ता- आप सब। विशिष्ट अतिथि- रबड़ी जलेबी, रस मलाई। आशा ही नहीं, विश्वास है कि आप सब पुस्तक प्रेमियों का मेरे काव्य संग्रह के लंचार्पण पर मेरे काव्य संग्रह को आशातीत आशीर्वाद मिलेगा।

देश दुनीया से

# कैसा हो बजट-2025

**जल्द** ही बजट 2025 पेश किया जाएगा। देश के लोगों में बजट घोषणाओं को लेकर उत्सुकता बनी हुई है। आम आदमी, व्यापार जगत, इंडस्ट्री और वृहत समाज को इससे बहुत उम्मीदें होती हैं। देश की आजादी के साथ 26 नवंबर, 1947 को भारत के पहले वित्त मंत्री आरके शानमुखम चेट्टी द्वारा शुरू किया गया यह सफर निर्बाध तरीके से निर्मला सीतारमण तक चला आ रहा है। यह केंद्रीय बजट एक अप्रैल से शुरू होकर अगले साल 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए देश की वित्तीय योजना को तय करेगा। सरकार 2025 के बजट में नया आयकर विधेयक पेश करने की तैयारी कर रही है। इसका मतलब है कि देश के 64 साल पुराने आयकर कानून में बदलाव हो सकता है। नए विधेयक का लक्ष्य मौजूदा कर नियमों को सरल बनाना, उन्हें समझना आसान बनाना और दस्तावेजों के आकार को लगभग 60 फीसदी तक कम करना है। जहां तक देश की आर्थिक स्थिति का सवाल है तो मौजूदा वित्त वर्ष के लिए पहले अग्रिम अनुमान के मुताबिक, जीडीपी ग्रोथ 6.4 फीसदी पर आती दिख रही है। इसको और गति चाहिए। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में उत्पादन 5.3 फीसदी ही बढ़ेगा, जो पिछले वित्त वर्ष में 9.9 फीसदी बढ़ा था। सर्विसेज सेक्टर की ग्रोथ 5.8 फीसदी रहने का अनुमान है, जो सालभर पहले 6.4 फीसदी थी। फाइनैंशल, रियल एस्टेट और प्रोफेशनल सेगमेंट की ग्रोथ 8.4 फीसदी के मुकाबले 7.3 फीसदी रहने का अनुमान है। पहला सुझाव है कि बजट 2025 में सैलरी क्लास को राहत देने के लिए यूनियन बजट में स्टैंडर्ड कटौती बढ़ाने का ऐलान किया जाना बेहतर होगा। वर्ष 2024-25 के यूनियन बजट में वित्त मंत्री ने इनकम टैक्स की नई रिजीम में स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़ाने का ऐलान किया था।




लंबे समय से मिडिल क्लास इनकम टैक्स में छूट का दायरा बढऩे की उम्मीद कर रहा है। बजट 2025 में मिडिल क्लास की यह उम्मीद सरकार पूरी कर सकती है। सुझाव है कि इस बार किसान सम्मान निधि की रकम बढ़ा देनी चाहिए। बजट 2024 में इसका अनुमान लगाया गया था। 2019 में पहली बार पीएम किसान सम्मान निधि का ऐलान किया गया था। उसके बाद से इसकी रकम नहीं बढ़ाई गई है। फिलहाल इस स्कीम के तहत किसानों को हर साल 6000 रुपए मिलते हैं। सरकार 2000-2000 रुपए की तीन किस्तों में यह पैसा सीधे किसानों के अकाउंट में ट्रांसफर करती है। इससे किसान राहत महसूस करेंगे। काफी लोग आशा करते हैं कि सरकार को बजट 2025 में मिडिल क्लास के लिए टैक्स छूट बढ़ा देनी चाहिए। सरकार ने सबसे पहले 2022 में इनकम टैक्स की नई रिजीम का ऐलान किया था। उसके बाद से लगातार ऐसे फैसले लिए जा रहे हैं जिससे ज्यादा से ज्यादा टैक्सपेयर्स नए टैक्स रिजीम को चुनें। इसी तरह से सरकार ने कैपिटल गेंस टैक्स के नियमों में बजट 2024 में बदलाव किया था। इसे और आसान बनाए जाने की जरूरत है।

सुपर रिच यानी अधिक अमीर लोगों पर 2 फीसदी अतिरिक्त टैक्स लगाने का सुझाव दिया है। इस पैसे का इस्तेमाल सोशल सिक्योरिटी बेनेफिट्स शुरू करने के लिए किया जा सकता है। बेहतर हो कि प्रवासी मजदूरों के लिए एक अलग वेलफेयर बोर्ड बनाया जाए। साथ ही 'वन राशन वन नेशन' स्कीम के तहत कंस्ट्रक्शन से जुड़े मजदूरों का भी राशन कार्ड बनाने की मांग की गई है। देश में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाएं महंगी होती जा रही हैं। बजट 2025 में इसको लेकर राहत की उम्मीद है। देखें और जांचें तो भारत का स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र रोजगार और राजस्व के मामले में सबसे बड़े क्षेत्रों में से एक है। सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं पर लगने वाले इनपुट जीएसटी को कम करना चाहिए। इसके साथ ही, बीमा कंपनियों की क्लेम प्रक्रिया में सुधार की आवश्यकता है। विदित हो कि सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के बजट में वृद्धि और निजी क्षेत्र को सहयोग देने से लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जा सकता है। खास तौर पर उन इलाकों में बुनियादी ढांचे को सुधारने की जरूरत है जहां स्वास्थ्य सेवाएं अभी तक पूरी तरह नहीं पहुंच पाई हैं।

बजट 2025 भारत की शिक्षा प्रणाली को सशक्त बनाने और इसे विश्व स्तरीय बनाने के लिए एक सुनहरा अवसर है। डिजिटल शिक्षा, शिक्षक प्रशिक्षण और कौशल विकास पर जोर देकर सरकार युवाओं को एक मजबूत और कुशल कार्यबल में बदल सकती है। यह न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाएगा, बल्कि भारत की आर्थिक वृद्धि में भी योगदान देगा। 2025-26 के लिए पेश होने वाले सालाना आम बजट में देश के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों और जुड़े कर्मचारियों की भी उम्मीदें बंधी हैं। हालांकि, सरकार ने शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए पिछले सालों में लगातार बजट बढ़ाया है। 2024 में इस क्षेत्र को 1.48 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए, जिसमें से सबसे अधिक 73498 करोड़ रुपए स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग को दिए गए। इसके बावजूद, बजट में शिक्षा क्षेत्र को जीडीपी का केवल 4 फीसदी रकम ही आवंटित की जाती है, जबकि अमेरिका, कनाडा, जापान और जर्मनी जैसे विकसित देश 4.8 से 5.5 फीसदी तक खर्च करते हैं। इसमें वृद्धि वांछित है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा और उच्च शिक्षा के लिए बजट आवंटन में वृद्धि हुई है। हालांकि, उभरते हुए रोजगार क्षेत्र और डिजिटल युग की मांगों को पूरा करने के लिए आवंटन को और बढ़ाने की आवश्यकता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रावधान न केवल व्यक्तिगत स्तर पर, बल्कि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि के लिए भी आवश्यक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कार्यान्वयन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बजट 2025 को एनईपी 2020 के लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में 50 प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) प्राप्त करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के लिए निवेश बढ़ाना जरूरी है।

आप का नजरीया

# कोटखाई के कंकाल

**वो** मनहूस दिन तो गुजर गया, लेकिन कितने ही जनाजे छोड़ गया। एक सिहरन उस वक्त भी उठी थी जब कोटखाई के जंगल में हिमाचल की आंखों ने वहशीपन देखा। इस खबर के कई कंकाल उभरे और मातम के कई काल उभरे। रौंगटे खड़े कर देने की वारदात का हर सफा जालिम निकला और कानून व्यवस्था के पैगंबर अंजाम तक पहुंचते-पहुंचते मुजरिम निकले। एक पूरी पुलिस छानबीन की एसआईटी टीम को उम्रकैद, पुनः सिहरन पैदा करती है। इनमें अधिकारी, कुछ युवा पुलिस कर्मी और प्रोफेशन की महत्त्वाकांक्षा से ओतप्रोत विभागीय कसौटियां भी रही हैं। आश्चर्य यह कि एक ही मामले ने कई गुनाह समेट लिए और हिरासत की निगरानी में जांच का कातिल चेहरा, नेपाली मूल के सूरज के खून का दोषी करार हो गया। जिन्हें उम्रकैद हुई, उनकी पृष्ठभूमि में जोखिम उठाने का साहस, प्रतिस्पर्धा में आगे निकलने की क्षमता और महकमे के विश्वस्त कंधे बनने का हुनर रहा होगा, वरना एक मामले की पड़ताल में अति साहस यह दुराचार न करता। पूर्व आईजी जहूर हैदर जैदी व डीएसपी मनोज जोशी का करियर चमक रहा था, लेकिन अपनी ही सीमाओं के उल्लंघन में ये पुलिस अधिकारी पकड़े गए। मनोज जोशी तो तहसीलदार का पद छोडक़र पुलिस का पदक पाने की अभिलाषा में वर्दी में आया था, लेकिन अब उम्रकैद की खबर ने सब कुछ छीन लिया। कोटखाई प्रकरण हिमाचल के इतिहास में हमेशा जिंदा रहेगा। इसके अध्यायों में एक मासूम बेटी के आंसू, एक निर्दोष मजदूर की हिरासत में हुई मौत का मातम और कानून व्यवस्था पर लगे दाग हमेशा गूंजते रहेंगे। सजा के पात्र बने पुलिस कर्मी सिर्फ एक मुकाम पर फिसल गए। जल्दबाजी, अति उत्साह, सत्ता से गलबहियां, विपक्ष के सवाल और जनता का उबाल, उस वक्त की कमजोरी का जवाब ढूंढते आज जहां पहुंचा, वहां मीडिया का जिक्र होना चाहिए। उस वक्त अगर कोई संतुलित संवाद कर रहा था, तो वह मीडिया था, खास तौर पर महत्त्वपूर्ण अखबार जो न्याय के हर पक्ष के साथ खड़े थे, लेकिन कसौटियों की फेहरिस्त में यह वर्ग बुरी तरह 'टारगेट' में रहा। बेशक न्याय का सबसे मजबूत पक्ष चंडीगढ़ की सीबीआई अदालत में दिखा, लेकिन इस बीच हिमाचल की अदालतों में कई कठघरे सिर्फ कोटखाई रिपोर्टिंग के खिलाफ खड़े हुए। उस वक्त की सुर्खियां आरोपों से घिर गईं और जो लोग कोटखाई अपराध के छींटों से बच रहे थे, वे भी मीडिया में गुनाह खोज रहे थे। कम से कम तीन-चार बड़े अखबारों के पत्रकार और संपादक, कोटखाई की सुर्खियों के कारण अभी अदालती मामलों से जूझ रहे हैं। हमने यह उल्लेख इसलिए किया कि अब प्रोफेशन की संगत में मीडिया की हैसियत को कोई भी कानूनी प्रक्रिया में उलझा सकता है। यह हिमाचल मीडिया के लिए भी एक ऐसी सूचना है, जहां कानून-व्यवस्था में उसकी भूमिका अंततः सफल हुई। तब अगर मीडिया अपना शिविर कोटखाई में न लगाता, अपनी संवेदना की पहचान न कराता, राजनीतिक माहौल में सत्ता के दबाव से दूर रहता, न तो सुर्खियां आज सबूत न बनतीं। कहना न होगा कि हिमाचल की पत्रकारिता को ऐसे फैसलों से हिम्मत मिलेगी, क्योंकि मीडिया को डराने-धमकाने या उसके ऊपर प्रभाव जमाने की ऐसी परिणति से मीडिया संस्कारों का उदय हो सकता है, लेकिन इससे मिले सबक भी सीखने होंगे।

# प्रशासन द्वारा लगातार अतिक्रमण पर चलाया जा रहा है चाभुक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमंडल क्षेत्र के रेफरल अस्पताल प्रभारी अशोक करमाली के द्वारा अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय को लिखित आवेदन देकर हॉस्पिटल भूमि पर अतिक्रमण कर घर दुकान बनाने को लेकर हॉस्पिटल भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की अपील किया गया था। जहां रेफरल अस्पताल के प्रभारी अशोक कुमार करमाली के दिए गए आवेदन के आलोक में अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय ने चौक पर हॉस्पिटल भूमि पर किया गया अतिक्रमण को अमीन के माध्यम से मापी की गई। मापी के बाद हॉस्पिटल भूमि को नोटिस देकर अविलंब खाली करवाया जाएगा। वहीं चौक पर किया गया अतिक्रमण मुक्त स्थानों को सुंदरीकरण किया जाएगा। बीते चार दिन पूर्व खाता 2 प्लॉट 76/77 लगभग 55 एकड़ गैरमजूरुआ भूमि को जाबांज पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी आइएएस सन्नी राज, जाबांज अंचल अधिकारी गौरव कुमार, जाबांज प्रखंड पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद के संयुक्त कारवाई में लोगों द्वारा किया गया अतिक्रमण पर हल्की बुलडोजर चला कर तथा लोगों को नोटिस देकर सचेत किया गया है कि उक्त भूमि को अविलंब खाली कर दें या जो भी कागजात है आप अंचल को सुपुर्द करें ।दिए गए कागजातों को अवलोकन कर उक्त भूमि को अविलंब खाली कराने का निर्णय अधिकारियों ने लिया है। अधिकारियों ने कहा है कि लोग दिग्भ्रमित ना हों अविलंब कागजात अंचल को सुपुर्द करें अन्यथा उक्त भूमि पर जेसीबी चला कर एवं पूर्ण मापी कर पिलर गाड़ा जाएगा।साथ हीं उक्त भूमि पर उपकारा जेल एवं बस स्टैंड बना कर लोगों को रोजगार से जोड़ा जाएगा। मामले को लेकर अंचलाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि अंचल कार्यालय को रेफरल हॉस्पिटल प्रभारी द्वारा आवेदन देकर हॉस्पिटल भूमि पर किया गया अतिक्रमण को मुक्त कराने की मांग की गई है। जिसे लेकर अमीन द्वारा मापी कर भूमि को चिन्हित की जा रही है बाद में नोटिस देकर खाली करवाई जाएगी। वहीं पूर्व में भी पदाधिकारियों के संयुक्त कारवाई में केशर हिंद भूमि को खाली करवाया गया है। साथ हीं हजारीबाग रोड में किया गया यात्री शेड एवं शौचालय को भी अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। अतिक्रमण मुक्त भूमि पर प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सुंदरीकरण के लिए इंजीनियरों द्वारा स्टीमेट बना ली गई है, केशर हिंद भूमि पर पार्किंग बनाई जाएगी। वहीं यात्रिशेड और शौचालय को सुंदरीकरण किया जाएगा जिससे आम नागरिकों एवं चौक दुकानदारों तथा राहगीरों को रात्रि विश्राम में कोई दिक्कत का सामना करना ना पड़ें। इस तरह अधिकारियों के संयुक्त एवं जाबांजी कारवाई से क्षेत्र में चर्चा का विषय है। वहीं अधिकारियों को दुहाई दे रहे हैं।

## गिद्धौर पुलिस ने 3 अपराध कर्मीयों को भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के पुलिस ने चोरी के तीन अपराध कर्मियों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अपराधकर्मी गिद्धौर थाना क्षेत्र के बारिसाखी टोला मायाडीह गांव निवासी अर्जुन यादव का पुत्र रमेश कुमार यादव, बारिसाखी के तेलीटोला गांव निवासी प्रदीप साहू का पुत्र बीरेंद्र कुमार साव व बारिसाखी के कुम्हारिटोली गांव निवासी जानकी साव का पुत्र शंकर कुमार साव शामिल है।यह जानकारी थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने दीया है।थाना प्रभारी ने बताया कि बारिसाखी टोला मायाडीह के अर्जुन दांगी का पुत्र श्रवण कुमार ने स्थानीय थाना में चोरी का आवेदन दिया था।उन्होंने बताया कि इटखोरी से घर आने के क्रम में हौवाग मोड़ के आगे बारिसाखी गांव के तीन व्यक्ति इनके पास से मोबाइल एवं पर्स को लूट लिया है।उक्त कांड को गंभीरता से लेते हुए छापेमारी दल का गठन कर तीनों अपराध कर्मियों को लुटे हुए समान एवं कांड में प्रयुक्त अपाची मोटरसाइकिल तथा दो अन्य चोरी के मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। छापेमारी अभियान में सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रदीप कुमार,सहायक अवर निरीक्षक रंजय कुमार सिंह, विद्यानंद शर्मा समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## त्रिवेणी में डुबकी लगाया पूर्व सांसद प्रतिनिधि : ईश्वर दयाल पांडे



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भव्य महाकुंभ अपनी भव्यता, दिव्यता के साथ भारतीय सनातन संस्कृति का संदेश आज पूरे विश्व को दे रहा है। उक्त बातें ईश्वर दयाल पांडेय ने कही। साथ ही कहा कि तीर्थराज, प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दिन अमृत स्नान का परम सौभाग्य जो मुझे प्राप्त हुआ है, उसके लिए मैं सभी देवी देवताओं को कोटि-कोटि एवं बारंबार प्रणाम करता हूं। आगे श्री पांडे ने बताया कि हर बारह वर्षों में चार स्थानों (हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक) में पूर्ण कुंभ मेला आयोजित होता है। तथा बारह पूर्ण कुंभ मेला के बाद, हर 144 वर्षों में केवल प्रयागराज में ही यह महाकुंभ मेला आयोजित होता है। इस दिव्य अवसर पर महाकुंभ में भाजपा नेता ईश्वर दयाल पांडेय स परिवार ने अमृत स्नान में डुबकी लगाए, तथा मां गंगा से प्रखंड क्षेत्र वासियों की सुख, शान्ति एवं समृद्धि की कामना किया।

## शैक्षणिक भ्रमण के लिए प्रखंड से 8 छात्र छात्रायें कोलकाता के लिए हुए रवाना




**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड से 8 छात्र छात्राएं राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत गुरुवार को शैक्षणिक भ्रमण के लिए कोलकाता रवाना किया। सहायक शिक्षक दीपक कुमार के नेतृत्व में किया गया। बताया गया कि शैक्षणिक भ्रमण के लिए चतरा जिला से 100 छात्र छात्राएं शामिल है।सभी छात्र छात्राएं बस से चतरा से रांची हटिया रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। जहां रेलवे से सभी छात्र छात्राएं कोलकाता पहुंचेंगे। शैक्षणिक भ्रमण कर चार दिन बाद 2 को फरवरी को छात्र छात्राएं वापस आयेंगे। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा एडीपीओ मोनीदीपा बनर्जी समेत अन्य मौजूद थे।

## प्रखंड कार्यालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77 वें जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77 वें पुण्यतिथि मनाई गई। जयंती में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद के द्वारा संबोधन प्रस्तुत किया गया। वहीं इस दौरान उनके आदर्शों एवं मूल्यों के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को याद किया गया। सभी प्रखंड एवं अंचल कर्मियों के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमरिया, अंचल अधिकारी सिमरिया एवं समस्त प्रखंड एवं अंचल कर्मी शामिल थे।

# वीएलईएस का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय के सभागार कक्ष में वीएलईसएस का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हो गया है। जिसमें सिमरिया टंडवा और पत्थलगड्डा प्रखंड के वीएलईएस शामिल थे। सभी वीएलईएस को ग्राम स्वराज पीडीई टीएमपी पोर्टल से संबंधित प्रशिक्षण दी गई। साथ हीं ग्राम स्तर से लिए गए योजनाओं की ऑनलाइन टाइड अनटाइड के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण पंचायती राज प्रखंड समन्वयक नेहाल वारसी के द्वारा दी गई। प्रशिक्षण का समापन प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद के द्वारा विस्तृत जानकारी देते हुए किया गया। मौके पर पंचायती राज का डिस्ट्रिक मैनेजर लोकेश सिंह जेई अजय कुमार वीएलईएस प्रदीप कुमार, अशोक कुमार, लोकेश्वर प्रसाद, विनेश कुमार बबलू कुमार, पिंटू कुमार सहित बड़ी संख्या में वीएलईएस उपस्थित थे।

## सरकारी स्कूलों में साजिश के तहत की जा रही है यू केजी का प्रावधान

- सचिव द्वारा सरकारी हाजरी रजिस्टर में सादा कागज चिपका कर दी गई केजी यू
- सचिव बिनोद कुमार सिंह द्वारा साजिश के तहत प्रबंधन समिति का चुनाव में परिजनों को रखा चुनाव से वंचित
- विद्यालय बना राजनीति का अड्डा, परिजन परेशान, चुनाव से वंचित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा, हंटरगंज :** प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकतारा विद्यालय के सचिव बिनोद कुमार सिंह ने विद्यालय को राजनीतिक का अड्डा बना रखा है। विद्यालय में प्रबंधन समिति के चुनाव को लेकर विभाग द्वारा निकाली गई पत्रांक 762 दिनांक 10 जुलाई 2024 के आलोक में चुनाव की जानी थी । इसी चुनाव में विद्यालय सचिव बिनोद कुमार सिंह ने कुछ बच्चे को अपनी सरकारी हाजरी पंजी में यू केजी का प्रावधान कर बजापते सादा कागज चिपका कर उक्त सादा कागज में बच्चों का नाम तक लिख दिया है जिससे बच्चे के परिजनों को चुनाव से वंचित कर दी गई है। मामले को लेकर कपिल कुमार पिता लल्लू प्रसाद ने अपने पुत्री सृष्टि श्रेया को उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकतारा में क्लास प्रथम में नाम लिखाया था। इसी बीच प्रबंधन समिति का चुनाव की तिथि निर्धारित की गई थी। नामित बच्ची सृष्टि श्रेया के पिता कपिल ने भी चुनाव के लिए अपना प्रस्ताव किया था। किंतु विद्यालय के सचिव ने यह कहते हुए प्रस्ताव को खारिज कर दिया कि आपका पुत्री सृष्टि श्रेया यू केजी की बच्ची है आप चुनाव नहीं लड़ सकते। और रिश्वत लेकर किसी अन्य को प्रबंधन समिति का अध्यक्ष बना दिया गया है।और तो और सरकारी विद्यालय के हाजरी पंजी में सादा कागज चिपका कर कुछ बच्चों को यू केजी कर दी गई है। वैसे में भुक्तभोगी कपिल कुमार ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर उक्त सचिव बिनोद कुमार सिंह के विरुद्ध कानूनी कारवाई करने की मांग की है। आपको बता दें कि शिक्षक सचिव बिनोद सिंह का रजिस्टर में जिस तरह रजिस्टर में सादा कागज चिपका कर सादा कागज में नाम लिख यू केजी कर दी गई है वैसे में विद्यालय सचिव का कानामा साफ झलक रहा है। वहीं परिजनों को विद्यालय प्रबंधन समिति के चुनाव से दूर रखना शिक्षक पर बेइमानी या रिश्वत का प्रसाद लेना साफ दिख रहा है।

## अनियंत्रित 407 गाड़ी ने खड़े ट्रक में मारी जोरदार टक्कर, चालक सुरक्षित



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना गेट के बाहर एक जब्त किया हुआ ट्रक में 407 माल गाड़ी में जोरदार टक्कर मारी है। यह घटना गुरूवार की अहले सुबह 4:00 की है। जिस मालगाड़ी का वाहन नंबर जे एच 02 बी एल 7766 है। टक्कर इतना जोरदार था कि 407 वाहन बुरी तरह से छतिग्रस्त हो गया है। इस घटना में चालक बाल बाल बच गया है। थाना से गस्ती दल में निकले सहायक अवर निरीक्षक विद्यानंद शर्मा ने गाड़ी में फसे चालक को निकाल कर सुरक्षित रखा।बताया गया कि वाहन हजारीबाग के पदमा थाना के स्वर्गीय सोना महतो के पुत्र राजेश कुमार का बताया जा रहा है। मालूम हो कि407वाहन बिहार के मुजफ्फरपुर से पलायवुड लेकर हजारीबाग जा रहा था। इसी क्रम में थाना के मुख्य द्वार के समीप चालक को नींद आ गई। और वाहन अनियंत्रित होकर खड़ी ट्रक में जा टकराया और वाहन बुरी तरह छतिग्रस्त हो गई है।

## राष्टीय कुष्ट उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जागरूकता रथ को किया गया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शोभना टोप्पो शामिल हुई। मौके पर सबसे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। वहीं कुष्ठ मुक्त भारत अभियान को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों को शपथ दिलाई गयी। मौके पर जानकारी देते हुए डॉक्टर शोभना ने बताया की महात्मा गांधी के पुण्य तिथि के अवसर पर कुष्ठ जागरूकता अभियान की शुरुआत की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य नए मरीजों के खोज के लिए है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग छूने या साथ बैठने से नहीं फैलता है। इस दौरान कुष्ठ जागरूकता रथ को हरी झंडी देखकर रवाना किया गया। मौके पर प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रकाश बड़ाईक, डॉक्टर अलीशा टोप्पो, एमपीडब्ल्यू मिथिलेश कुमार, मृत्युंजय कुमार, कुंदन कुमार, एनएम रीना देवी समेत कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# नये सत्र में अप्रैल से शुरू हो बरवाडीह के केंद्रीय विद्यालय में पढ़ाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** केंद्रीय विद्यालय बरवाडीह में मार्च से कक्षा एक से पांच के लिए नामांकन प्रारंभ होगा और अप्रैल माह से पढ़ाई शुरू हो जायेगी।इसकी पूरी संभावना बन गयी है। विद्यालय अस?थायी रूप से बरवाडीह के एटीपी स्कूल भवन मे चलायी जायेगी। केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिलने के केंद्रीय विद्यालय संगठन और धनबाद डीआरएम के निर्देश पर रेलवे और केंद्रीय विद्यालय के नोडल पदाधिकारी ने बरवाडीह मे केंद्रीय विद्यालय शुरू करने के लिए एटीपी स?कूल का निरीक्षण किया। रेलवे के एटीपी स्कूल भवन का केंद्रीय विद्यालय के नोडल पदाधिकारी सह लातेहार केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह और सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता विकास शुक्ला ने निरीक्षण किया और एटीपी स्कूल के कमरों में अस्थाई रूप से रह रहे रेल चालकों को आगामी तीन फरवरी तक कमरों को खाली करने का निर्देश दिया गया है। दो सप्ताह के अंदर सभी कार्यों को पूर्ण करा कर हस्तगत कराने का निर्देश श्री सिंह ने दिया। केवी और रेलवे के अधिकारियों की टीम ने विद्यालय के नये भवन निर्माण को लेकर चयनित स्थल को भी निरीक्षण किया।श्री सिंह ने बताया कि अस्थाई भवन के हैंडोवर होते ही मार्च माह से नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। तत्काल कक्षा एक से पांच तक के लिए नामांकन होगा।अप्रैल माह से पढ़ाई नियमित शुरू कर दी जाएगी। रेलवे के सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता विकास शुक्ला ने कहा कि बरवाडीह में केंद्रीय विद्यालय का शुरू होना बड़ी सफलता है। इसका लाभ रेलवे कर्मचारियों के अलावा स्थानीय लोगों को भी मिलेगा। इस दौरान मौके पर वरीय अनुभाग अभियंता विधुत आसिफ इकबाल, आईओडब्लू अनिल कुमार, अपना अधिकार अपना सम्मान मंच के अध्यक्ष मयंक विश्वकर्मा, शशि शेखर, शेख फिरोज व विद्या भूषण समेत कई लोग मौजूद थे।

## एसी, एसटी को मिलेगा मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत लाभ के लिए राष्ट्रीय खाद्यान सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत झारखंड राज्य में निवासरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग के पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ परिवार राशन कार्डधारी, अंत्योदय राशन कार्डधारी, हरा कार्डधारी योग्य होंगे। लाभुक किसी भी तरह की बीमारी अथवा किसी शल्य चिकित्सा के कारण (गर्भावस्था व प्रसव को छोड़कर) पीड़ित, व कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित को योजना का लाभ मिलेगा। आवेदन करने की प्रक्रिया में अनसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के आवेदक आनलाइन निर्गत जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह सिविल सर्जन / प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत बीमारी से संबंधित प्रमाण पत्र, प्रतिवेदन या अभिप्रमाणित दस्तावेज, आधार कार्ड व बैंक पासबुक की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न कर देना होगा। आवेदक अपना आवेदन प्रखंड कार्यालय, सिविल सर्जन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, जिला कल्याण पदाधिकारी अथवा परियोजना निदेशक आईटीडीए के कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं। वयस्क लाभुकों को इस योजना के तहत निम्नवत राशि प्रदान की जाएगी और किसी भी तरह की बीमारी अथवा शल्य चिकित्सा बीमारी, अस्पताल में इलाज की अवधि सात दिनों से कम तो 3000 व सात दिनों से अधिक होने पर लाभुक को 5000 की राशि देय होगी। इसके अलावा कैंसर से पीड़ित होने पर लाभुक को 25000 रुपये मिलेंगे। अवयस्क लाभुकों को निम्नवत राशि प्रदान की जाएगी ÷ किसी भी तरह की बीमारी अथवा शल्य चिकित्सा बीमारी/अस्पताल में इलाज की अवधि सात दिनों से कम पर 1500 रुपये व सात दिनों से अधिक होने पर लाभुक को 2500 की राशि मिलेगी। व कैंसर से पीड़ित को 15000 हजार रुपये देय।

# जनप्रतिनिधियों के द्वारा उठाये गए जनहित के मुद्दों पर संवेदनशील होकर कार्य करें : सांसद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** समाहरणालय सभागार में माननीय चतरा सांसद कालीचरण सिंह की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोआर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी (DDCMC) दिशा की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा पूर्व में हुए दिशा की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की अनुपालन प्रतिवेदन प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।बैठक में माननीय सांसद महोदय ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के द्वारा उठाये गए जनहित के मुद्दों पर संवेदनशील होकर कार्य करें तथा जनहित में योजना विलंब न हो और गुणवत्तापूर्ण कार्य हो और योजनाओं का कियान्वयन ससमय हो इसे विभागीय पदाधिकारी सुनिश्चित करें। आगे उन्होंने विद्युत विभाग की समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत सभी छूटे हुए ग्राम/ टोला में विद्युत आपूर्ति कराने को लेकर संचालित योजनाओं का लाभ आमलोगों तक निर्बाध रूप से पहुंचाने तथा सभी योजनाओं की उपयोगिता सुनिश्चित करने के लिए सर्वे कराकर विद्युतीकरण का कार्य जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया ।बैठक में जल जीवन मिशन के तहत जिले में हो रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी लेने के क्रम में माननीय सांसद ने ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति योजनाओं एवं इससे संबंधित ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने का निर्देश दिया।राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं के माध्यम से लाभुकों को मिल रहे लाभ की जानकारी लेने के क्रम में माननीय सांसद महोदय ने अलग-अलग पेंशन योजनाओं में लक्ष्य के विरूद्ध अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली।श्रम विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी लेते हुए निबंधित श्रमिकों की संख्या और मिलने वाले मुआवजा राशि की समीक्षा के क्रम में सांसद महोदय ने विभिन्न माध्यमों का इस्तेमाल करते हुए श्रम विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी लेने के क्रम में सांसद महोदय ने मनरेगा के तहत लोगों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं रोजगार एवं मनरेगा के तहत संचालित कल्याणकारी योजना के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ देने हेतु निर्देशित किया गया। प्रधानमंत्री आवास , अबुआ आवास योजना के माध्यम से लाभुकों को आवास का लाभ देने के संबंध में हो रहे कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा क्रम में माननीय सांसद ने योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर उक्त व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं को दुरुस्त कर सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत आठ लाभुकों के बीच चार बकरी व एक बकरे का वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखंड कार्यालय स्थित पशु चिकित्सालय परिसर में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2024-25 के तहत स्वीकृत टोटी पंचायत अंतर्गत इटके ग्राम के आठ लाभुकों के बीच 90 प्रतिशत-75 प्रतिशत अनुदान पर चार चार बकरी व एक बकरे और आवश्यक दवाओं का का वितरण किया गया। प्रभारी पशु चिकित्सक डॉ सुशिला बागे ने सभी लाभुकों को पशुओ के रख रखाव व संबन्धि जानकारी दी। साथ ही होने वाले कई बिमारियों व उन्हें पहचान और रोकथाम के बारे मैं बताया, आवश्यक दवाओं के प्रयोग के सुझाव भी दिए। मौके पर टोंटी पंचायत समिति सदस्य,व पशु चिकित्सा कर्मी मौजूद थे।

## गारू के गुटुवा गांव में दर्जनों लोगों ने थामा झामुमो का दामन

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गारू प्रखंड के सुदूरवर्ती तथा अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र के गुटुवा गाँव में दर्जनों लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष तौकीर मियां, जिला परिषद सदस्य जीरा देवी और रुद पंचायत के मुखिया अजय टोप्पो की उपस्थिति में यह सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष तौकीर मियां ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ग्रामीणों की समस्याओं को हल करने के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य विकास को हर गाँव तक पहुँचाना है। वहीं रुद पंचायत के मुखिया अजय टोप्पो ने कहा कि ग्रामीणों की भागीदारी से झामुमो और मजबूत होगा।उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार की योजनाओं से क्षेत्र का समुचित विकास होगा।ग्रामीणों ने कहा कि वे झामुमो की नीति और झारखंड के विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं।उन्होंने गाँव के विकास में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

## कृषि सुरक्षा कार्यक्रम के तहत कृषि को सिंघानी पंचायत भवन में दो दिन का दिया गया प्रशिक्षण

**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सिंघानी पंचायत भवन में तीन दिवसीय कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार (कृषि प्रभाग) कृषि सुरक्षा कार्यक्रम योजना (पौ. स )2024-2025 पंचायत स्तरीय किसान प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में फसल संबंधित सभी जानकारियां दी गई। जो फसल लगाने से फसल कटाई तक किस-किस चीजों पर सावधानियां बरतनी नहीं चाहिए। जो हमारा फसल सुरक्षित रह सके, पंचायत सचिव राकेश प्रसाद ने प्रोजेक्टर पर डिजिटल तरीके से फसल में लग रहे कीट पतंग लगने के बाद उसकी किस तरह से देख भाल रख रखाव व उपचार करना चाहिए।

# उपायुक्त ने कृषि, पशुपालन और मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग एवं संबंद्ध विभागों किया समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में गुरुवार को कार्यालय सभागार में कृषि, पशुपालन और मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग एवं संबंद्ध विभागों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने उपरोक्त विभागों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजना जैसे पीडीएमसी, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, डेयरी, पशुधन, मत्स्य में डीएमएफटी के तहत चल रही योजना की स्तिथि, केज कल्चर, हॉर्टिकल्चर, उद्यान विकास, संरक्षित फूलों की खेती, अर्बन फार्मिंग, किसान समृद्धि योजना की स्तिथि व प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने सर्वप्रथम सभी विभागों के एक्सपेंडिचर स्टेटस की जानकारी ली। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि के सेल्फ रजिस्ट्रेशन के पेंडिंग आवेदनों को जल्द निपटारा करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। उन्होंने पशुपालन पदाधिकारी को डेयरी योजना में प्रगति लाने और पशुधन योजना में टारगेट कंप्लीट करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने मत्स्य पदाधिकारी से केज कल्चर और डीएमएफटी के तहत चल रही योजनाओं के स्तिथि की जानकारी ली। बैठक में उपायुक्त ने उद्यान पदाधिकारी से संरक्षित फूलो की खेती, अर्बन फार्मिंग से संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध करवाने और अपने स्तर से एजेंसी के द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का सत्यापन करने का निर्देश दिया। बैठक में कृषि पदाधिकारी ने उपायुक्त को बताया कि आगामी 15 फरवरी को प्रमंडल स्तरीय किसान मेला का आयोजन करने का निर्देश प्राप्त है। जिस पर उपायुक्त ने विनोबा विश्वविद्यालय परिसर में किसान मेला का आयोजन करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को यूनिवर्सिटी के कॉर्डिनेटर से समन्वय बनाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि किसानों के लिए चलाई जा रही योजना में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो मुझे सूचित करें। उन्होंने कहा कि डीएमएफटी से चल रही सोलर पंप और केज कल्चर में डबलिंग न हो इसका खाश ख्याल रखा जाय। इन योजनाओ में मिक्स पॉपुलेशन का होना जरूरी है। इन योजनाओं में महिला और पुरुष दोनों वर्ग को भी भागीदारी मिलनी चाहिए। बैठक में उपायुक्त नैंसी सहाय के अलावे पशुपालन पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी,कृषि पदाधिकारी सहित कई अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।



# उप विकास आयुक्त ने किया कटकमसांडी प्रखंड का दौरा, दिये कई आवश्यक निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**हजारीबाग :** उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने कटकमसांडी प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उप विकास आयुक्त ने प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी, सीडीपीओ, एमओआईसी,बीपीओ, बीसी, जेई,एई,रोजगार सेवक के साथ स्वास्थ्य, आईसीडीएस, जेएसएलपीएस,मनरेगा, पीएम आवास, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन एवं 15वें वित्त आदि योजनाओं की गहन समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को अपने अंतर्गत आने वाले स्वास्थ्य केंद्रों में जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता एवं चिकित्सकों का रोस्टर आदि को नोटिस बोर्ड में स्पष्ट रूप से उल्लेख करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में बिजली की निर्बाध आपूर्ति हेतु 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने का अनुरोध किया इस पर उप विकास आयुक्त ने विद्युत अभियंता से बात कर अग्रतर करवाई करने की बात कही। आईसीडीएस की समीक्षा के क्रम में उन्होंने सहायिका,सेविका आदि के रिक्त पदों की जानकारी ली। डीडीसी ने विशेष रूप से पीएम आवास योजना के नए लक्ष्य के अनुरूप योग्य लाभुकों का चयन कर आवास स्वीकृत करने की कारवाई पर जोर देने का निर्देश दिया। वहीं मनरेगा की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि 2022 से पहले की पुरानी योजनाओं को या तो पूर्ण करें नहीं तो उसे बंद कर दें। साथ ही प्रत्येक ग्राम में कम से कम पांच योजनाओं संचालित जरूर करें। आगे उन्होंने बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के कार्यों पर शिथिलता बरतने वाले पांच रोजगार सेवकों पर नाराजगी स्पष्टीकरण जारी का निर्देश दिया।

# एनएसयूआई द्वारा विभावि में इंटर डिपार्टमेंटल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय (विभावि) परिसर में एनएसयूआई द्वारा इंटर डिपार्टमेंटल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह में हजारीबाग के समाजसेवी एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विभावि के प्रॉक्टर प्रो. मिथिलेश कुमार सिंह, पत्रकार मुरारी सिंह, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रितेश तिवारी और विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का संचालन एवं अतिथियों का स्वागत छात्र नेता अभिषेक राज ने पौधा भेंट कर किया। मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता को विकसित करता है, जो जीवन के हर क्षेत्र में उपयोगी साबित होता है। प्रॉक्टर प्रो. मिथिलेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग है, जो विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सहनशीलता और परिश्रम की भावना को विकसित करता है। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए एनएसयूआई टीम की सराहना की। विभावि के कुलपति डॉ. पवन कुमार पोद्दार ने टेलीफोनिक माध्यम से सभी प्रतिभागियों और आयोजन समिति को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय इस तरह के आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा। टूर्नामेंट के पहले दिन विभिन्न विभागों की टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। छात्रों में जबर्दस्त उत्साह और जोश देखने को मिला। चौकों-छक्कों और शानदार गेंदबाजी ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। बड़ी संख्या में छात्र मैदान पर मौजूद रहे और अपनी-अपनी टीमों का उत्साहवर्धन किया। फाइनल मुकाबला 11 फरवरी को खेला जाएगा, जिसके लिए छात्रों और खेल प्रेमियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 77वीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 77 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डीडीसी इश्तियाक अहमद, डीपीओ पंकज तिवारी, भु-अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार सहित कई अन्य पदाधिकारियों व कर्मियों ने दो मिनट का मौन व्रत धारण कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। 15 अगस्त 1947 को देश को आजादी मिलने के कुछ महीने बाद ही 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे द्वारा दिल्ली के बिड़ला हाउस में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। इसी के चलते 30 जनवरी को प्रतिवर्ष महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई जाती है और साथ ही इसे महात्मा गांधी के शहीद होने पर शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

# श्रद्धालुओं ने माँ काली को नम आँखों से दी विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत रमूआ के पेठियाटाड़ स्थित काली मंदिर में माघ मास में लगने वाले तीन दिवसीय माघी काली पूजा का समापन मां की प्रतिमा विसर्जन के साथ हो गया। इस तीन दिवसीय पूजा में मां काली की प्रतिमा स्थापित कर मंदिर में पूजा अर्चना की गई। माघी काली पूजा की सत्यता को लेकर झारखंड, बिहार, उड़ीसा, बंगाल से ही नहीं अनेक राज्यों के कोने कोने से श्रद्धालु भक्त यहां पूजा अर्चना के लिए इस बार काफी संख्या में जुटे रहे। यह माघी काली पूजा प्रखंड के पूर्व जमींदार लाल बाबू के पूर्वजों से चला रहा है, जो अब यह काली पूजा पूरे प्रखंड में व्याप्त लिप्त हो गई है, प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरानी प्रथा के रीति रिवाजों को लेकर श्रद्धालु भक्तो की मन्नते पूरी होने पर भेड़, बकरे एवं भैंसा की बलि दी जाती थी, पर अब वह पुरानी प्रथा में सिर्फ बकरे की बलि देने की परंपरा अभी तक कायम है। साथ ही मन्नते पूरी होने पर मुंडन संस्कार भी किया जाता हैं। इस पूजा के महत्व की ख्याति झारखंड में ही नहीं, दूसरे राज्यों के कोने-कोने तक काफी प्रसिद्ध और बढ़ती ही जा रही है। जिसको लेकर इस बार मां काली मंदिर का बड़ा और भव्य आकर दिया गया है। इस अवसर पर प्रखंड का सबसे बड़ा तीन दिवसीय मेला लगने लगा है। जिसमे प्रखंड क्षेत्र से काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त यहां पूजा अर्चना करने एवं मेला का लुफ्त उठाने यहां पहुंचते हैं। मेले में खाने पीने की सामग्री जैसे चाट, चाऊमीन और खिलोने एवं मिठाई समेत कई प्रकार की दुकानें लगी है, साथ ही बच्चो के मनोरंजन के लिए मेले में नाव झूला, तारामाची झूला, ब्रेक डांस, मोनो रेल,मिकी मैक्स, तोरा तोरा, मारुति,चकरी, जंपिंग समेत कई साधन लगाए गए हैं। गुरुवार की संध्या प्रतिमा विसर्जन में हजारों श्रद्धालुओं ने मां काली प्रतिमा के साथ साथ चल कर नम आंखों से विदाई दी। इस दौरान महिलाओं ने अपने सुहागो की रक्षा की प्रार्थना कर, एक दूसरे के साथ सिंदूर खेला की। मां काली की प्रतिमा नगर भ्रमण करते हुए प्रखंड के ऐतिहासिक प्रसिद्ध बड़की बांध में विसर्जन किया गया। इसके साथ ही इस पूजा एवं मेले का समापन हो गया।

## श्रीदस स्कूल में मनाई गई महात्मा गांधी की 77 वीं पुण्यतिथि

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77 वीं पुण्यतिथि स्नेह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और छात्र एकत्रित हुए। और महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी।विद्यालय के उप-प्राचार्य विकास सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी जैसे महान व्यक्तित्व सदियों में एक बार जन्म लेते हैं। उन्होंने महात्मा गांधी के जीवन से जुड़ा एक उदाहरण देते हुए कहा कि जो कार्य तलवार और बंदूक के बल पर भी नहीं हो सके, वह गांधीजी ने अपनी सत्याग्रह की शक्ति से कर दिखाया। उन्होंने रंगभेद मिटाने, सत्याग्रह आंदोलन चलाने और स्वतंत्रता संग्राम में अपना अमूल्य योगदान देने जैसी बातें छात्रों को बताई और उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक शुभम पांडेय और शिवशंकर यादव ने भी छात्रों को महात्मा गांधी के विचारों और जीवन से प्रेरणा लेने की सलाह दी।विद्यालय के सभी शिक्षकों और छात्रों ने महात्मा गांधी के अहिंसा और सत्याग्रह के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया, और यह पुण्यतिथि एक स्मरणीय अवसर बन गई।

## महात्मा का साक्षात रूप थे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी : कांग्रेस

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का 77 वां शहादत दिवस उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने की । इस अवसर पर उन्होंने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा का साक्षात रूप थे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी । सत्य अहिंसा और प्रेम का आधार लेकर अंग्रजी सत्ता से जूझनेवाले इस संत पुरुष से अंग्रेजी सत्ता भी कांपती थी । जनता के बीच रहकर सादा जीवन उच्च विचार का आदर्श उन्होंने कायम किया । देश के कोने-कोने में प्रवास कर स्वभाषा, स्वदेशी और स्वाभिमान का भाव जागृत किया । कुटीर उद्योग, ग्रामोद्योग को बढ़वा दिया । अत्याचार सहे पर सत्य का मार्ग नही छोड़ा । मराठी मे एक कथन है मरवे परी कीर्ति रूपी उरावें इसका अर्थ है मृत्यु के बाद भी अपनी कीर्ति के बल पर वे आज भी अमर हैं । कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने किया । मौके पर पूर्व अध्यक्ष आबिद अंसारी वरिष्ठ कांग्रेसी अकील अहमद, अजय गुप्ता, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, रवि शंकर शर्मा ओबीसी प्रदेश सचिव रेणु कुमारी, विजय कुमार सिंह, कृष्णा किशोर प्रसाद, परवेज अहमद, मिथिलेश दुबे, रूप कुमारी टोपनो, कजरू साव कई लोग उपस्थित थ

## विष्णुगढ़ अंचल में छह दिवसीय शिविर में आये सैकड़ो मामले का किया गया निष्पादन

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ अंचल कार्यालय में जनहित एवं स्वत्त्व, हित या अंश की उद्घोषणा से पूर्णतयः निरपेक्ष एवं राजस्व उद्ग्रहण के उद्देश्य से 22 जनवरी से छह दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसका समापन 28 जनवरी को किया गया। इस संबंध में विष्णुगढ़ अंचल अधिकारी नित्यानंद दास ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त शिविर विष्णुगढ़ अंचल कार्यालय में 28 जनवरी तक लगाई गई, जिसमें ऑनलाइन लगान वसूली एवं उत्तराधिकार नामांकन शिविर (सक्सेशन म्यूटेशन कैंप) का आयोजन अंचल सह प्रखंड मुख्यालय परिसर में किया गया। आयोजित शिविर के संबंध में प्रधान लिपिक लोकेश कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के अंतिम तीन दिन यानि 25 जनवरी को उत्तराधिकार नामांकन के 07 और ऑनलाइन रसीद निर्गत करने के 41 समेत कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए, 27 जनवरी को उत्तराधिकार नामांकन 11 और ऑनलाइन रसीद निर्गत करने के 78 समेत कुल 89 आवेदन प्राप्त हुए, वहीं शिविर के अंतिम दिन उत्तराधिकार नामांकन एवं दाखिल खारिज के 6 और ऑनलाइन रसीद निर्गत करने के 174 समेत कुल 180 आवेदन प्राप्त हुए। आयोजित शिविर को लेकर आवेदकों द्वारा सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने को लेकर अंचल अधिकारी नित्यानंद दास ने कहा कि जिस उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया, वह सफल देखने को मिला, इसलिए भविष्य में भी इस तरह के शिविर का आयोजन कर जनता की समस्याओं का हल किया जाएगा।

# राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित मैथ के मास्टर रत्नेश्वर नाथ पाठक आज होंगे सेवानिवृत्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** कटकमसांडी के मिडिल स्कूल कंडसार से शिक्षक रत्नेश्वर नाथ पाठक 31 जनवरी 2025 को सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इन्हें मैथ का मास्टर की उपाधि से नवाजा जाए, तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। वैसे भी उन्हें मैथ में मास्टर की डिग्री हासिल है। आठ अक्तूबर 1994 में उन्होंने बतौर प्राथमिक शिक्षक सरकारी सेवा में योगदान दिया था। तब बीपीएससी क्रैक कर शिक्षक की नौकरी मिली थी। हजारीबाग जिले में उनका रिजल्ट पहले पायदान पर था। वर्ष 1985 में पीजी मैथ में भी वे रांची यूनिवर्सिटी में टॉपर्स की लिस्ट में थे। वह विलक्षण प्रतिभा के धनी रहे हैं। वर्ष 1979 में जब मैट्रिक में थे, तो प्योर एंड अप्लायड मैथेमेटिक्स में सौ फीसदी अंक हासिल कर शिक्षकों को भी चौंका दिया था। उन्होंने जेपीएससी, बीपीएससी जैसी सिविल सर्विसेज परीक्षा भी क्रैक की। ऐसे विद्यार्थी पर जिला स्कूल अब सीएम एक्सीलेंस स्कूल और संत कोलंबा जैसे ऐतिहासिक कॉलेज भी गर्व करता है। जिस जिला स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण की सरकार की अनुशंसा पर वहां लगभग एक दशक तक बच्चों का गणित मजबूत किया। यहां इन्होंने 30 जून 2004 से 25 जुलाई 2009 और 2012-13 तक शिक्षा का अलख जगाया। इस दौरान बच्चों के मैट्रिक और इंटर में मैथ में शानदार नतीजे रहे। शिक्षक रत्नेश्वर नाथ पाठक ने बतौर शिक्षक कभी इसे रोजगार और व्यापार नहीं बनाया, बल्कि मिशन बनाते हुए जुनून, लगन, ईमानदारी और समर्पण से तीन दशकों तक शिक्षा की लौ जलाए रखी। सरकारी सेवा में आने के साथ ही बरही स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय बुंडू में आठ अक्तूबर 1994 से 16 अक्तूबर 1998 तक सेवा दी। इस दौरान यहां के बच्चों को कॉन्वेंट की तर्ज पर शिक्षा दी। पहले ही प्रयास में इस स्कूल के छह बच्चों का जवाहर नवोदय विद्यालय में कामयाबी दिलाई। उन्होंने इसके लिए बच्चों को ख्वाब दिखाएं और फिर हौसला-जज्बा बढ़ाने के साथ उनके सपनों को पंख भी लगाए। उनके पढ़ाए कई विद्यार्थी आईआईटियन बने। एक छात्र इंडियन रेवेन्यू सर्विस में है। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय सिरसी कटकमसांडी में 17 अक्तूबर 1998 से 29 अक्तूबर 2002, मिडिल स्कूल महुदी बड़कागांव में 30 अक्तूबर 2002 से चार जून 2003, मिडिल स्कूल कोयरीटोला रामगढ़ में पांच जून 2003 से 31 जुलाई 2009, आदर्श मध्य विद्यालय ओरिया सदर में 12 अगस्त 2009 से 30 जनवरी 2017 और आखिरी सरकारी सेवा में मिडिल स्कूल कंडसार कटकमसांडी में 31 जनवरी 2017 से रहे। यहीं से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। तीन दशक का यह दौर निष्कलंक और बेदाग रहा।

# हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने जिला अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**हजारीबाग :** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने जिला परिषद भवन के सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में शामिल हुए,बैठक में जिले में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की गई एवं अधिकारियों को जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद,जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता,जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, सभी जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के मुख्य बिंदु एवं चर्चाएं आधारभूत संरचना सड़क, बिजली, पानी विधायक ने खराब सड़कों की मरम्मत और अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जिला प्रशासन को प्रभावी कदम उठाने को कहा गया। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति में सुधार लाने की आवश्यकता पर चर्चा की गई। जल जीवन मिशन के तहत सभी घरों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं,कृषि एवं ग्रामीण विकास, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन और दिव्यांग पेंशन योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। जन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने और सभी पात्र लाभार्थियों को राशन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए,योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए,अधिकारी नियमित रूप से फील्ड में जाकर योजनाओं की स्थिति का निरीक्षण करें,जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए। बैठक में जिला परिषद सदस्यों एवं प्रखंड प्रमुखों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक ने सभी जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि जनहित में कोई भी कार्य अधूरा नहीं रहेगा और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में यह तय किया गया कि सभी विभाग समन्वय स्थापित कर जनहित के कार्यों को तेज गति से पूरा करें, पारदर्शिता बनाए रखें और जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान निकालें। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की जनता की समस्याओं का समाधान और विकास कार्यों में तेजी लाना हमारी प्राथमिकता है। सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाएगा। विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान होगा।

## बरही नगर भवन में सरस्वती पूजा को लेकर अनुमंडलीय स्तर बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही नगर भवन में गुरुवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई, बैठक की अध्यक्षता एसडीओ जोहन टुडू व संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया। बैठक में एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो, पदमा प्रखंड विकास पदाधिकारी निधि रजवार, बरही अंचल अधिकारी अमित किस्कू बरही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभास कुमार, गौरहर थाना प्रभारी सोनू कुमार, चलकुस्सा थाना प्रभारी चितरंजन कुमार, व अधिकारियों के अलावा पंचायत प्रतिनिधि लोग शामिल हुए। एसडीओ जोहन टुडू ने कहा कि सरस्वती पूजा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में क्षेत्र में मनाए,उन्होंने पूजा कमेटियों से हुडदंगियों पर नजर रखने एवं तुरंत सूचना देने की बात कही। बैठक में शामिल अधिकारियों व जनप्रतिधियों ने बारीक्कबारी से बैठक को संबोधित किया।और अपने सुझावों को रखा। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बरही चौक पर ट्रैफिक की समस्या से आम जनता को निजात दिलाने के लिए बरही अनुमंडल प्रशासन को सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि बरही चौक के 200 मीटर के परिधि में बस,ठेला, एवं ऑटो समेत किसी भी प्रकार के अन्य वाहन को ठहरने की व्यस्था किसी दूसरे जगह पर की जाए।शांति समिति की इस बैठक में शहीदों के लिए दो मिनट का मौन धारण कर देश के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, मनोज कुमार, सिकन्दर राणा, शमशेर आलम, मंगलदेव यादव, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, विशेश्वर यादव, राजन ओम, मुकेश राम, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# बी.एम. मेमोरियल स्कूल में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**बड़कागांव :** बी.एम. मेमोरियल स्कूल में सम्पूर्ण विश्व को सत्य, अहिंसा, शांति का संदेश देने वाले महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रचार्य कैलाश कुमार व संचालन आनन्द कुमार ने किया। इस दौरान बापू महात्मा गांधी के चित्र पर सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दिया। साथ ही साथ उनके याद पर 1 मिनट का मौन धारण किया गया। मौके पर उप निदेशक पिंटू कुशवाहा दिनकर ने कहा कि महात्मा गांधी के बताए मार्गो पर हम सभी देशवासियों को चलने की जरूरत है। गांधी जी हमारे देश की आजादी के लिए अंग्रेजों के साथ अहिंसा के साथ लड़ाई लड़े और वह सदा कहते थे कि जो काम हम लड़ाई से नहीं कर सकते वह प्रेम से कर सकते हैं। महात्मा गांधी ने कई आंदोलन चलाएं जैसे दांडी मार्च, नमक आंदोलन, चंपारण आंदोलन, खेड़ा आंदोलन, असहयोग आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन सहित कई आंदोलन चलाकर देश को आजादी दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय के शिक्षक चेयरमैन रंजीत कुमार, वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान,आनंद कुमार पासवान , आशीष यादव, महेंद्र विश्वकर्मा, सुमित कुमार, सोनू कुमार ,मुकेश दास, ऋषभ अग्रवाल,राजेश कुमार रवि, सुभाष कुमार,मनीषा कुमारी, एरिका टोप्पो, ,देवंती देवी, अफसाना परवीन, स्नेहा कुमारी, गंगा भारती, अंजली मिश्रा,आर्या कुमारी, सुमन कुमारी, अंजनी कुमारी सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## नेत्र जांच शिविर का किया गया आयोजन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला प्रखंड के साड़म गांव में रांची मेडिका अस्पताल द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए पूर्व विधायक प्रतिनिधी कमलेश कुमार महतो साथ ही डॉ अनिन्धा अनुराधा सीनियर कंसल्टेंट नेत्र रोग विभाग जी के द्वारा लगभग सैकड़ों मरीजों का जांच किया गया साथ ही माननीय ने कहा की गांव में ग्रामीण क्षेत्र में लोग जांच नहि करा पाते हैं जिसको देखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में कैंप लागाकर जांच किए जिसमे नेत्र सम्बन्धित बीपी सुगर का भी जांच किया गया मौके पर पंचायत समिति सदस्य लालदेव महतो उपमुखिया तुलसी दास महतो ऑप्टोमेट्रिस्ट रमेश कुमार प्रीतम कुमार महिमा अरविंद कुमार देवानन्द सिंह सीमा सिमरन स्नेहा मुख्य रूप से शामिल थे!

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर सदर अस्पताल में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज दिनांक 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर सदर अस्पताल,रामगढ़ के परिसर में सिविल महालक्ष्मी प्रसाद की अध्यक्षता में समारोह व शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया जिसमें जिले में चलाये जा रहे कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत दिनांक 30 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक Sparsh Leprosy Awareness Campaign (SLAC) 2025 एवं कुष्ठ रोग खोज अभियान Leprosy Cases Detection Campaign (LCDC) 2025 wnd Round के बारे में जानकारी दी गयी।कुष्ठ पदाधिकारी डॉ0 तुलिका रानी के द्वारा विशेष कार्यक्रम सभी प्रखण्डों में करने के लिए दिशा-निर्देश दिया गया जिसमें कुष्ठ के रोग की भ्रांतियों को दुर करना एवं मुख्यधारा में लाने को कहा एवं सभी सहिया को घर-घर जा कर कुष्ठ के रोगियों की जांच करना साथ ही ग्राम प्रमुख के द्वारा उपायुक्त द्वारा शपथ घोषणा-पत्र को समुह में पढ़ा जाना हैं, जिससे कुष्ठ मुक्त रामगढ़ हो। इस समारोह में राज्य कार्यालय झारखण्ड़, रॉची से मुख्य अतिथि डॉ सानिध्य भार्गव, एनएसआरआईएफए झारखण्ड़, डॉ काशीनाथ चक्रवर्ती एनएलआर कोडिनेटर, झारखण्ड़ उपस्थित हुऐ एवं कार्यक्रम हेतु विशेष जानकारी दिए। इस आयोजन में मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, काय चिकित्सक, जिला कार्यक्रम सहायक एवं सभी कर्मचारी उपस्थित हुऐं।

## रामगढ़ में हुआ अष्ट मूलगुण संस्कार समारोह

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** परम् पूज्य आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर जी गुरुदेव के परम् प्रभावक शिष्य मुनिश्री 108 प्रज्ञान सागर जी महाराज एवं मुनिश्री 108 प्रसिद्ध सागर जी मुनिराज का प्रवास रामगढ़ में हैं। जहां दिनांक 30.1.2025 को मुनि संघ के सानिध्य में अष्ट मूलगुण समारोह का भव्य आयोजन सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा किया गया। जिसके अंतर्गत मुनि संघ द्वारा श्रद्धालुओं को जैन धर्म की प्रथम श्रेणी मद्य, मांस, मधु एवं पंच उदम्बर फल का परित्याग कराया गया।मुनिश्री ने कहा कि जैन श्रद्धालु को अपने धर्म पालन की प्रथम श्रेणी का त्याग अवश्य कर अपने सच्चे जैनत्व का प्रथम उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। समारोह में कम से कम 50 से अधिक श्रद्धालु ने मुनिश्री के सानिध्य में अष्ट मूलगुण को अपनाने की शपथ ली। त्याग करने वाले श्रद्धालुओं को मुनिश्री का मंगल आशीर्वाद प्राप्त हुआ। प्रत-काल मुनिश्री के मुखारविंद से शांति धारा कराई गई, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मावलंबी उपस्थित थे। समाज के सचिव योगेश सेठी ने मुनिश्री से कुछ दिनों का प्रवास रामगढ़ में करने का आग्रह किया है ताकि उनके सानिध्य में और भी धार्मिक कार्यक्रम संपादित करवा जा सके। मुनिश्री के कार्यक्रमों में समाज के अध्यक्ष राजेंद्र चुड़ीवाल, राजू पाटनी, संजय सेठी, देवेंद्र गंगवाल , राजेश चुड़ीवाल, सुभाष सेठी,राकेश पांडेय, सुशील चूड़ीवाल, रेणु चुड़ीवाल ,ममता गंगवाल, पुष्पा अजमेरा, अरुणा जैन, सुनीता सेठी , प्रेमलता काला , श्रीकांता गंगवाल , प्रिया पाटनी , खुशबू चुड़ीवाल, उषा अजमेरा आदि मुख्य रूप से शामिल थी।

## चौथे जनजातीय गौरव दिवस के तहत जिला स्तरीय रोजगार मेला का होगा आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिनांक 15 नवंबर 2024 से 15 नवंबर 2025 तक चौथा जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। इसी क्रम में झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा बेरोजगार युवाओं को बेहतर भविष्य प्रदान करने हेतु दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 31 जनवरी 2025 को अपराह्न 12ः00 बजे से रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में किया जाएगा। रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों के 25 नियोक्ता शामिल होंगे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि एवं शहीद दिवस

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 77वीं पुण्यतिथि एवं शहीद दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय ने रामगढ़ शहर अंतर्गत थाना चौक स्थित मुक्तिधाम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी जिले वासियों से महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर देश की आजादी में महात्मा गांधी के महत्वपूर्ण योगदान को स्मरण करने एवं उनके आदर्शों को अपने जीवन में शामिल करने के अपील की वही उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने गांधी घाट रामगढ़ में डीएमएफटी मद से तोरण द्वार, जनरेटर रूम एवं गांधी घाट रामगढ़ तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि एवं शहीद दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार, अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि सहित अन्य वरीय अधिकारियों, अधिकारियों एवं कर्मियों ने देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में समाहरणालय सभाकक्ष में 2 मिनट का मौन रखा।

# जुआ के अड्डे पर रामगढ़ पुलिस ने मारा छापा, तीन गिरफ्तार





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ पुलिस के जुआ के अड्डे पर छापेमारी से जुआरियों में हड़कंप मच गया है। इस दौरान पुलिस ने तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया और जुए के अड्डे से लगभग 17 हजार रुपये भी जब्त किये। गुरुवार को रामगढ़ थाने में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने इस कार्रवाई की जानकारी मीडिया के साथ साझा की। एसडीपीओ ने बताया कि रामगढ़ एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि रामगढ़ थाना क्षेत्र के बगीचा कॉलोनी, दामोदर नदी के किनारे सार्वजनिक स्थान पर कुछ जुआरी जुआ खेल रहे हैं। वे काफी हो हल्ला मचा रहे हैं, जिससे आम लोगों को परेशानी हो रही है। सूचना के बाद रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने बगीचा कॉलोनी, दामोदर नदी के किनारे घेराबंदी की।छापेमारी के दौरान आठ जुआरी पुलिस को देखते ही झाड़ी और नदी का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस इस दौरान तीन जुआरी को पकड़ने में सफल रही। इनमें वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के केदला, घाटोटांड़ निवासी अमित कुमार, कुजू ओपी क्षेत्र के पोचरा गांव निवासी गुड्डू यादव, रामगढ़ दुसाध मोहल्ला निवासी कयूम खान शामिल हैं।जब जुआरी वहां से भागे तो वे रुपए, ताश के पत्ते, अपनी मोटरसाइकिल, स्कूटी छोड़ गए थे। पुलिस ने उस जुए के अड्डे से ताश का पत्ता, 17,300 रुपए, एक मोबाइल, स्कूटी (जेएच 24 के 3594), लाल रंग की मोटरसाइकिल एफजेडएस (जेएच 24 एफ 3422), स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (जेएच 01 एम 0607), स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (जेएच 02 एडब्ल्यू 9344) बरामद किया है।इस छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक सह रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार , पुअनि मंटू कुमार शर्मा, पुअनि सलीम खान, सअनि सुजीत कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## एमएमटी ग्राउंड में 1 फरवरी से स्वदेशी मेला का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ बाजार टांड़ के निकट स्थित एमएमटी ग्राउंड में स्वदेशी जाकरण मच द्वारा 1 फरवरी से स्वदेशी मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला 10 फरवरी तक चलेगा। यह जानकारी मेला के संयोजक पंचम चौधरी ने गुरूवार को प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि स्वदेशी मेला के आयोजन का उद्देश्य स्वदेशी वस्तुओं के प्रचार प्रसार के साथ साथ एक सशक्त आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना है। कहा कि वर्तमान समय में करोड़ों युवा और युवतियां बेरोजगार हैं। जो एक बड़ी चुनौती है। कहा कि स्वावलंबी भारत अभियान एकमात्र माध्यम है जिसके द्वारा इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। वहीं, मेला समन्वयक प्रो आलोक सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में 18-29 वर्ष के 37 करोड़ युवक और युवतियां बेरोजगार हैं। इन सभी को रोजगार देना सरकार के लिए संभव नही है। कहा कि स्वावलंबी भारत अभियान देश में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का ठोस कदम उठाने के लिए एक सामूहिक पहल है। जिसमें आर्थिक,सामाजिक, शैक्षणिक क्षेत्र में काम कर रहे राष्ट्रीय संगठनों के सहयोग से संचालन की जिम्मेवरी स्वदेशी जागरण मंच ने ली है। वहीं, महिला प्रमुख प्रो पिंकी कुमारी ने कहा कि वर्तमन समय में बेरोजगारी को दूर करने का एकमांत्र माध्यम स्वरोजगार है। सरकारी, गैर सरकारी और बैंकों की ऐसी कई योजनाएं हैं जिनके माध्यम से व्यवसाय के लिए आर्थिक मदद ली जा सकती है और अपना व्यवसाय और स्वरोजगार खड़ा कर आगे बढ़ा जा सकता है। इसके लिए जरूरत है मानसिकता बदलने की। मौके पर जिला संघर्ष वाहिनी प्रमुख नीरज कुमार पाठक, सह संयोजक नेपाल महतो, पूर्णकालिक प्रेम कुमार गुप्ता, सह संयोजक राजेश कुमार साह, कोषध्यक्ष वेनु गोपाल, पत्रिका प्रमुख बागेश्वर प्रसाद गुप्ता, जिला युवा प्रमुख जय प्रकाश बादल, सह समन्वयक मुकुल कुमार भरद्वाज, सरंक्षक विजय मेवाड़, नरेश कुमार, कैलाश चंद्र साहा, सज्जा प्रमुख सिट्टू सिंह सलूजा, एससी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद राम, मीडिया प्रभारी ब्रजेश पाठक, प्रहलाद साव, दिगंबर महतो, जयकिशुन साव, पियूष तिवारी, संजय कुमार, मलिका दत्ता, सुमन कुमारी पाठक, रानी देवी, नीलम केसरी, पूनम टोप्पो आदि उपस्थित थे।

*इंडी गठबंधन का वनभोज सह चुनावी समीक्षात्मक बैठक गंधोनिया में हुआ संपन्न*

## विधानसभा चुनाव में 231 मतों से जीत-हार कोई मायने नही रखता : मथुरा महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** गंधोनिया में इंडिया गठबंधन का वनभोज सह चुनावी समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसमें इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के डाडी प्रखंड के तमाम पंचायत के प्रतिनिधि और नेता मौजूद थे। बैठक में झारखंड सरकार के मुख्य सचेतक मथुरा महतो मुख्य रूप से मौजूद थे। समीक्षात्मक बैठक कों सम्बोधित करते हुए झारखंड सरकार के मुख्य सचेतक मथुरा महतो ने मांडू विधानसभा क्षेत्र के इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल की हार के विषय पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि पुरे राज्य में सबसे कम अंतर से हार जीत वाला एकमात्र सीट यही है। मांडू विधानसभा चुनाव में 231 मतों से जीत हार कोई मायने नही रखता है। यह विचार धारा की लड़ाई है।विदित हो कि मांडू विधानसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जेपीभाई पटेल मात्र 231 वोट से एनडीए उम्मीदवार से हार गए थे। उक्त समीक्षात्मक बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी पंचायत वार चुनाव की समीक्षा करते हुए कहां कहां चूक हुई उस कमी का बेवाक ढंग से रखा और उच्च पदाधिकारियों से इस पर अभी से कार्य करने की बात कही। वक्ताओं ने कहा कि डाडी प्रखंड में सबसे ज्यादा मत कांग्रेस प्रत्याशी को मिला। यहाँ कार्यकर्ता चुनाव में तन मन धन से अंत तक जुटे रहे।

## अभिभावक-शिक्षक गोष्टी विद्यार्थियों के विकास के लिये है आवश्यक : डॉ शाहनवाज खान

*रामगढ़ महाविद्यालय उर्दू विभाग में शिक्षक-अभिभावक गोष्टी हुई संपन्न*



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ के उर्दू विभाग में आज शिक्षक अभिभावक गोष्ठी संपन्न हुई। सेमेस्टर तीन 2023-27 के विद्यार्थियों के अभिभावकों को आंतरिक परीक्षा की कॉपी की स्थिति और उपस्थिति से अवगत कराते हुए कक्षा में न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति और ड्रेस कोड की अनिवार्यता से अवगत कराया गया। इस अवसर पर अभिवावकों और विद्यार्थियों से संवाद करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ शाहनवाज खान ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी विद्यार्थियों के विकास के लिए आवश्यक है ताकि विद्यार्थी की प्रगति के संबंध जानकारी आदान प्रदान हो सके।क्योंकि विद्यार्थियों को कक्षा और घर दोनों स्थानों पर अध्ययन करना होता है अतः दोनो स्थानों पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होनें अभिभावकों से अनुरोध किया कि अपने बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए कक्षा में निरंतर उपस्थित करवाना और घर पर भी अभ्यास करवाना आवश्यक समझें।अभिभावकों में मुख्य रूप से आसिफ रजा, रियाज अंसारी, कलीम अंसारी, रहनुमा फिरदौस, निक्की परवीन, सरफराज आलम, जफर अली, मो सगीर अंसारी, सरवर जिशान, रेशमा खातून, मुस्कान परवीन, मो सनाउल्लाह, मनीर अंसारी, मो वाहिद, रेहाना खातून, , मो आसिफ रजा, सिद्दिक राज, रहनुमा फिरदौस, आयशा बानो, मंजूर अंसारी, राफिया परवीन, रुखसाना खातून, मो रकाउल्लाह, समीर अंसारी आदि उपस्थित थे।

## ओल्ड खान एक और दो के पास बने बालू के बंकर को काट कर सीसीएल कि लाखों कि संपत्ति पर चोरो ने किया हाथ साफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी ओपी क्षेत्र के उरीमारी होलेज घर के पिछे लगभग पांच साल पहले बने सीसीएल उरीमारी खान संख्या पांच और छह में कोयला निकालने के बाद सरफेस में बालू व पानी भरने के लिए बनाए गए खान संख्या एक और दो के समीप बालू बंकर पर बिते सोमवार कि रात में अज्ञात चोरों के द्वारा बंकर में लगे लोहे को गैस कटर से काटकर चोरी कर ली गई। वहीं गुप्त सुत्रो से यह भी जानकारी मिली है कि लोहे कि चोरी करने के बाद सभी चोर उरीमारी चेकपोस्ट होते हुए दामोदर पुल पार कर सयाल के रास्ते भागे है। वहीं अनुमान लगाया जा रहा है कि इस चोरी में 15 से 20 की संख्या में चोर शामिल होंगे। वहीं काटे गए लोहे कि अनुमानित कीमत लाखों रुपए बताई जाती है। जिसपर चोरों ने हाथ साफ किया है। वहीं गुप्त सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार इस चोरी कार्य में एक सफेद पोश ओढ़े व्यक्ति का नाम भी सामने आ रहा है। जो इस चोरी कार्य में सामने खड़े होकर चोरी कि वारदात को अंजाम दिला रहा है। बता दें कि यह बंकर का निर्माण कार्य ठिकेदार संजय कुमार ने आज से लगभग पांच से छह साल पहले 70 से 75 लाख रुपए तक से निर्माण कराया था। ये बंकर खान पांच और छह में अंडरग्राउंड खदान से कोयला निकालने के बाद खाली सरफेश को भरने के लिए बनाया गया था। हालांकि उस वक्त यह क्षेत्र सयाल डी परियोजना अंतर्गत आता था। जिसकी देखरेख सयाल डी परियोजना करता था। वहीं इस मामले कि गंभीरता से जांच कराई जाए तो कई सफेद पोश ओढ़े लोग व सीसीएल सुरक्षा विभाग से जुड़े लोग एवं प्रसानिक स्तर के लोग शामिल नजर आएंगे। अब देखना यह है सीसीएल प्रबंधन व जिला प्रशासन इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई करती है या नहीं। उरीमारी ओपी से महज पचास मीटर कि दुरी पर है बालू बंकर जहां चोरों ने दिया है चोरी कि घटना को अंजाम उरीमारी ओपी क्षेत्र के उरीमारी ओपी से महज पचास मीटर कि दुरी पर है यह बालू बंकर जहां सोमवार कि देर रात्रि में 15 से 20 कि संख्या में पहुंचे चोरों ने सीसीएल कि लाखों कि संपत्ति पर हाथ साफ किया है। और उरीमारी ओपी के रास्ते होते हुए पुलिस के नाक के निचे से लोहे कि इतनी बड़ी खेप को चोरो ने आसानी से भारी वाहन के माध्यम से ले गए और पुलिस को कोई भनक तक नहीं लगी। पुलिस के नाक के निचे से आखिर कैसे ले जाया जा सकता है यह सवालिया घेरे में आता है। यह घटना पुलिस के लिए एक खुली चुनौती है। चोरी घटना पर क्या कहते हैं सीसीएल सयाल सुरक्षा इंस्पेक्टर बह्मदेव राय उरीमारी में हुई चोरी कि घटना पर सयाल डी परियोजना के सुरक्षा इंस्पेक्टर बह्मदेव राय ने कहा कि मामले कि जानकारी मिली है, चोरी मामले कि जांच कर मामले को अग्रसर उचित कार्रवाई करने को लेकर उरीमारी थाना को आवेदन देकर अज्ञात लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने को लेकर आवेदन दिया जाएगा।

# मुक्तिधाम संस्था ने गांधी घाट पर बापू की पुण्यतिथि मनाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मुक्ति धाम संस्था ने 30 जनवरी को गांधी घाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई। कार्यक्रम में रामगढ़ विधायक ममता देवी, उपायुक्त चंदन कुमर, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, एनडीसी रविंद्र कुमार गुप्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार शामिल हुए। अतिथियों ने गांधीजी के अस्थि कलश समाधि पर पुष्पांजली अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान रांची लायंस क्लब के प्रवीण लोहिया और रामगढ़ लायंस क्लब के एचएन सौंधी ने एक डेड बॉडी फ्रीज मुक्तिधाम संस्था के लायंस क्लब के सौजन्य से सौंपा। जिसका उदघाटन कर्यक्रम में शामिल अधिकारियों और विधायक ममता देवी ने किया।मौके पर मुक्तिधाम द्वार निर्माण, नदी की तरफ सड़क का विस्तार, शवदाह गृह के जेनरेटर रूम का शिलान्यास उपस्थित विधायक ममता देवी एवं अधिकारियों ने किया। योजना का निर्माण डीएमएफटी फंड से 20 लाख की लागत से किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन कमल बगड़िया ने किया। मौके पर राजकुमार अग्रवाल, भास्कर अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, मनजी सिंह, बलजीत सिंह बेदी, जीवन जैन, एचएन सौंधी, विजय अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, अजीत अग्रवाल, रविंद्र साहू, अशोक जैन, ओमप्रकाश अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## आगामी वार्षिक माध्यमिक एवं इंटर परीक्षा को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ केंद्र अधीक्षकों के साथ बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी 11 फरवरी 2025 से शुरू होने वाली वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त आयोजन के मद्देनजर गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में केंद्र अधीक्षकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य को जानकारी दी गई कि इस वर्ष रामगढ़ जिले में माध्यमिक परीक्षा के लिए 53 परीक्षा केंद्रों पर 12669 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 40 केंद्रों पर 12300 अभ्यर्थी परीक्षा में हिस्सा लेंगे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी केंद्र अधीक्षकों को उनके उनके केंद्रों पर परीक्षाओं का आयोजन पूरी पारदर्शिता के साथ एवं कदाचार मुक्त तरीके से करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने केंद्र अधीक्षकों के लिए जारी दिशा निर्देशों से संबंधित पुस्तिका को सभी केंद्र अधीक्षकों को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर त्वरित रूप से उन्हें दूर कर लेने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सभी केंद्र अधीक्षकों को उनके परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी के द्वारा परीक्षा के आयोजन को लेकर जारी दिशा निर्देशों की जानकारी देने के क्रम में केंद्र अधीक्षकों की कई दुविधाओं को दूर किया गया वहीं अनुमंडल पदाधिकारी ने परीक्षा के आयोजन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी केंद्र अधीक्षकों को दिए। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, केंद्र अधीक्षकों, शिक्षकों सहित अन्य उपस्थित थे।

## श्री श्याम मंदिर में ट्रस्ट परिवार के सभी पुरुष और महिला सदस्यों की हुई संयुक्त बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मारवाड़ी सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वाधान में नेहरू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में ट्रस्ट परिवार के सभी पुरुष और महिला सदस्यों की एक संयुक्त बैठक रखी गई। अध्यक्ष संवार कुमार अग्रवाल सचिव अनिल गोयल एवं कोषाध्यक्ष संजय चौधरी ने सभी आए हुए महिला और पुरुष श्याम भक्तों का स्वागत किया। ट्रस्ट के सचिव ने सबसे सहयोग के लिए निवेदन किया। एवं कार्यक्रम में होने वाले विभिन्न विभागों के बारे में जानकारी दी ।श्री श्याम परिवार की महिलाओं के समक्ष आगामी तीन फरवरी से 7 फरवरी तक होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में उनसे सहयोग की अपील की गई। सभी उपस्थित महिला सदस्यों ने पूर्ण सहयोग देने की की सहमति व्यक्ति की । कलश यात्रा में पीली साड़ी एवं शोभायात्रा में लाल चुनरी साड़ी निर्धारित की गई। प्रसाद वितरण, कलश यात्रा निशान यात्रा, एवं फुटबॉल ग्राउंड में होने वाले सभी कार्यक्रम सुंदरकांड पाठ श्याम ज्योति पाठ एवं भजनों के दौरान वॉलिंटियर्स के रूप में भी पूर्ण सहयोग देने के लिए अपने वचनबद्धता दोहराई। इस अवसर पर नीरू गोयल, सरिता जैन, ममता मंगलम, नेहा अग्रवाल ,कविता अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, मीना बगड़िया , मुन्नी देवी, मीनू मोदी, सुमन अग्रवाल, सोनम अग्रवाल सहित अनेक श्याम भक्त बहनें उपस्थित थी। श्री श्याम शंखाचार एवं भोजन प्रसाद के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## उपायुक्त, एसएसपी ने दी राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन सहित अन्य पदाधिकारियों ने सिटी सेंटर पर स्थापित राष्ट्रपिता की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रपिता के विचार आज भी हमें आगे बढ़ने और कुछ अच्छा करने की प्रेरणा देते हैं। हमें शांति, अहिंसा, सादगी, साधनों की पवित्रता और विनम्रता के उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए। इसके बाद उपायुक्त सहित सभी पदाधिकारियों ने गांधी सेवा सदन में राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। गांधी सेवा सदन में सुमन नाग एवं वर्षा बोराल ने राष्ट्रपिता के प्रिय भजन प्रस्तुत किए। इसके बाद सभी ने शहीद दिवस के अवसर पर 2 मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी अजीत कुमार, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीएसपी नौशाद आलम, ट्राफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह, एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो, एनडीसी दीपक कुमार दुबे, गांधी सेवा सदन के महामंत्री गोपाल, बीयाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## बीसीसीएल के निदेशक का अमरेश सिंह ने किया स्वागत

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा नेता अमरेश सिंह ने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के डायरेक्टर टेक्निकल मनोज कुमार अग्रवाल से मुलाकात की। अमरेश सिंह ने मनोज अग्रवाल को बीसीसीएल के डायरेक्टर बनने एवं धनबाद आगमन पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। मुलाकात के दौरान विभिन्न विषयों पर वार्ता हुई। बधाई देने वालो में राम अवतार कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर अरविंद सिंह, आदित्य सिंह, अंकित कुमार आशुतोष, मुकेश कुंभकार सहित अन्य लोग मौजूद थे।




## गुलगुलिया समुदाय ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किया नमन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिव्यांग अमरैली गुलगुलिया के नेतृत्व में गुलगुलिया समुदाय के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर झरिया चिल्ड्रेन पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर अनिल पाण्डेय की महात्मा गांधी पर हस्तलिखित लघु पुस्तिका महात्मा गांधी एक खोज का वितरण किया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि विधायक रागिनी सिंह तथा कांग्रेस-सह-इंटक नेत्री अनुपमा सिंह को सम्मानित किया जाएगा। दोनों नेत्रियां वंचित गुलगुलिया समुदाय के लिए संवेदनशील हैं और उनके पहल से इस समुदाय के विकास का कार्यक्रम भी क्रियान्वित हो रहा है। वंचित समुदाय के प्रत्येक घर में दरवाजे पर महात्मा गांधी की तस्वीर लगाई जाएगी। वंचित, दलित व महिला उत्थान समिति का गठन किया जाएगा जिसका मुख्यालय गुलगुलिया बस्ती स्थित गुलगुलिया विद्यालय के परिसर में होगा। इस मौके पर वंचित समुदाय के अतिरिक्त अनिल पाण्डेय, प्रकाश शर्मा, मोख्तार खान, किशोर कुमार, प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, सतीश रजक, भोला नाथ सिंह की मुख्य उपस्थिति थी।



## जेपी हॉस्पिटल करेगा ईएसआईसी के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का फ्री इलाज

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेपी अस्पताल और रिसर्च सेंटर ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत, राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में ईएसआईसी लाभार्थियों और कर्मचारियों को सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं और सुपर स्पेशियलिटी जांच सहित उन्नत चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।अस्पताल उच्च स्तरीय डायग्नोस्टिक और जांच सेवाएं भी प्रदान करेगा, जिनमें सीटी स्कैन, एमआरआई (टाई-अप व्यवस्था के माध्यम से), ईको, टीएमटी कार्डियोग्राफी, विशेष जैव रासायनिक और इम्यूनोलॉजिकल जांच, विभिन्न अंगों के स्कैन और 3,000 रुपए से अधिक लागत वाली अन्य डायग्नोस्टिक प्रक्रियाएं शामिल हैं।इस अवसर पर जेपी अस्पताल के प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल ने कहा हमें ईएसआईसी के साथ सहयोग करने पर गर्व है, ताकि कर्मचारियों और उनके परिवारों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। यह साझेदारी हमारे समुदाय के कल्याण के लिए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल और अग्रणी अनुसंधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।




## झमाडा प्रबंधन के तीन दिन का दावा विफल

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झमाडा जामाडोबा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट मे 49 लाख का मरम्मती का कार्य के साथ साथ पाइप बदलने का कार्य चल रहा है। ये तीन चरणों में कार्य चलना है पहला चरण का काम शुरू हो गया है। 15 दिन के बाद दूसरा चरण कार्य चालू होगा। पहले चरण के कार्य में ही चार दिन पानी बंद होने से झरिया कोयलांचल की 10 लाख आबादी पानी के लिए तरस गई है। अभी तक पानी का पहला चरण का कार्य पूरा नहीं हुवा है। स्त्री, पुरुष और बच्चे डेक्की-बाल्टी लेकर दिन भर पानी की जुगाड़ में भटकते रहे। कार्य को देखते हुए लोगो को पानी के लिए और इंतज़ार करना पड़ सकता है। कारण यह है लीकेज को बंद करने के लिए सीमेंट बालू से रिपेरिंग किया गया है उसे जुड़ने मे समय लगेगा। इधर झमाडा प्रबंधन का दावा है कि शुकवार से जलापूर्ति सामान्य हो जाएगी। कार्य को देखते हुए ऐसा दिखाई नहीं दे रहा है। झमाडा प्रबंधन तीन दिन तक मरम्मत का कार्य करने के बाद पानी सुचारू रूप से चालू होने का दवा विफल होते दिखाई दे रहा है। 15 दिन के बाद झरिया के लोगो को दुबारा पानी के लिए तरसना पड़ेगा। झमाडा प्रबंधन ने 20 मजदूर को 24 घंटा काम पर लगाने के बावजूद अभी तक कार्य पूरा नहीं हो पाया है। धनबाद जिला कमेटी के महा मंत्री किशोर कुमार ने जामाडोबा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पहुच कर मरम्मती का कार्य को देखा पत्रकारों से बात करते हुए कहा की लोगो को पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए माडा का यह अच्छी पहल है। लोगो को परेशानी तो हो रही है लेकिन पूरे झरिया के लोगो को प्रेशर के साथ सुचारू रूप से पानी मिलने लगेगा। उन्होंने जनता से सहयोग करने की अपील की है।



# धनबाद सांसद ढुलू महतो ने राष्ट्रपति को श्री राम महायज्ञ में शामिल होने के लिये किया आमंत्रित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सांसद ढुलू महतो ने आगामी श्री श्री रामराज मंदिर, चिटाही धाम के वार्षिकोत्सव सह श्रीराम महायज्ञ में शामिल होने के लिए देश की शीर्ष हस्तियों को आमंत्रित किया है। इस सिलसिले में उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केन्द्रीय पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस तथा इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मुलाकात कर उन्हें व्यक्तिगत रूप से आमंत्रण पत्र सौंपा।



**राष्ट्रपति को दिया आमंत्रण, हुई सौहार्दपूर्ण चर्चा**

सांसद महतो ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट कर उन्हें इस ऐतिहासिक महायज्ञ की विस्तृत जानकारी दी और महायज्ञ में सम्मिलित होने का अनुरोध किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने इस आयोजन को लेकर विशेष रुचि दिखाई और इसे भारतीय संस्कृति एवं परंपरा को मजबूत करने वाला आयोजन बताया।

**केन्द्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और अन्नपूर्णा देवी को भी दिया न्योता**

महतो ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी से भी भेंट की और उन्हें चिटाही धाम के महायज्ञ में भाग लेने का आमंत्रण दिया। इस दौरान क्षेत्र के औद्योगिक विकास और सामाजिक उत्थान से जुड़े कई मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

**महायज्ञ की तैयारियाँ जोरों पर**

चिटाही धाम में 4 से 12 फरवरी 2025 तक भव्य श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस महायज्ञ में लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। महायज्ञ के दौरान शोभायात्रा, प्रवचन, भक्ति जागरण, कवि सम्मेलन और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। सांसद ढुलू महतो ने देशभर के श्रद्धालुओं से इस महायज्ञ में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

**श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाएँ**

महायज्ञ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, वहीं विशाल भंडारा, चिकित्सा सुविधा, जलपान और विश्राम स्थल की विशेष व्यवस्था की गई है।

**सांसद ढुलू महतो का संदेश**

चिटाही धाम का यह महायज्ञ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और आध्यात्मिक धरोहर को संजोने का एक पवित्र प्रयास है। मैं सभी श्रद्धालुओं, संतो और धर्मप्रेमियों से अनुरोध करता हूँ कि वे इस महायज्ञ में आकर इसे ऐतिहासिक बनाएँ।

**महायज्ञ को लेकर जबरदस्त उत्साह**

धनबाद और पूरे झारखंड में इस महायज्ञ को लेकर अपार उत्साह है। सांसद महतो के आमंत्रण के बाद यह उम्मीद जताई जा रही है कि इस महायज्ञ में कई वरिष्ठ नेता, संत-महात्मा और गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हो सकते हैं, जिससे यह आयोजन और भी भव्य और ऐतिहासिक बन जाएगा।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार ने राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सम्पूर्ण विश्व को प्रेम,मानवता,शांति और सद्भावना का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि,शहादत दिवस के अवसर पर चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार द्वारा पुराना बाज़ार पंचशील प्लाजा के समीप एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के अध्यक्ष सोहराब खान,महासचिव पवन सोनी, कोषाध्यक्ष कुणाल कुमार,चैंबर संरक्षक भीखू राम अग्रवाल,संजय पांडेय,दीपक सिंह, नितिन अग्रवाल, इमरान अली, भावेश राठौर, सरदार नारायण सिंह ,दिनेश प्रसाद, गोपाल प्रसाद, सलाउद्दीन महाजन, रत्नेश सिंह, विजय अग्रवाल, रमेश कुमार, पप्पू साव, गोपाल साव,हाजी सैयद मोहम्मद खालिद,नरेश कुमार सहित बड़ी संख्या में पुराना बाज़ार के दुकानदारों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।





## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ़

राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर

गोला रोड़, रामगढ़ कैंट

ssa_ramgarh@rediffmail.com

शिक्षा का अधिकार — सर्व शिक्षा अभियान — सब पढ़ें सब बढ़ें

पत्रांक– SSA-R/24-25/116 दिनांक– 30/01/2025

**आम सूचना**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित विद्यालय/महाविद्यालयों द्वारा यू–डायस प्लस 2024–25 पोर्टल (www.udiseplus.gov.in) में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं का इंट्री/अद्यतन का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है–

| Sl. No. | Block Name | UDISE Code | School Name | Total Students 2024-25 | Total Completed |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CHITARPUR | 20241500302 | HOLLY CROSS PUBLIC SCHOOL BHUCHUNGDIH | 20 | 0 |
| 2 | CHITARPUR | 20241502008 | NEW KIDS SCHOOL LARI | 13 | 0 |
| 3 | CHITARPUR | 20241501802 | sunbeam international acdemy murubanda | 0 | 0 |
| 4 | GOLA | 20240706003 | D.K PUBLIC SCHOOL | 28 | 0 |
| 5 | GOLA | 20240706206 | MADARSA AYUBIYA | 89 | 0 |
| 6 | MANDU | 20241202902 | JHARKHAND PUBLIC H/S DUNI | 55 | 0 |
| 7 | MANDU | 20241208002 | BAL VIKASH MANDIR ARA | 24 | 0 |
| 8 | MANDU | 20241208510 | D.A.V KEDLA | 362 | 0 |
| 9 | MANDU | 20241207518 | DR. BHIM RAO AMBEDKAR VIDYALAYA KARMA | 126 | 0 |
| 10 | MANDU | 20241207706 | LITTLE FLOWER PUBLIC SCHOOL RATWE | 57 | 0 |
| 11 | MANDU | 20241202515 | MARSHAL MANDIR M.S KUJJU | 219 | 0 |
| 12 | MANDU | 20241208716 | MIDDLE SCHOOL KUJJU COLLIERY | 0 | 0 |
| 13 | MANDU | 20241208907 | SHARDA BAL VIDYA MANDIR | 90 | 0 |
| 14 | MANDU | 20241203605 | SHARMIC MADHAYA VIDALAYA TOPA | 79 | 0 |
| 15 | MANDU | 20241207804 | UPG P.S. HARIJANTOLA CHITAHIYA | 23 | 0 |
| 16 | MANDU | 20241207705 | UPG P.S. NAWATAND | 71 | 0 |
| 17 | MANDU | 20241208103 | URDU P.S. WEST BOKARO | 9 | 0 |
| 18 | PATRATU | 20241302406 | ADARSH SHISHU VIDYALAYA | 11 | 0 |
| 19 | PATRATU | 20241307410 | BAL VIKASH HIGH SCHOOL PATEL NAGAR | 0 | 0 |
| 20 | PATRATU | 20241307910 | BAL VIKASH VIDYALAYA GHUTUWA | 10 | 0 |
| 21 | PATRATU | 20241308710 | BAPU JUNIOR H.S SAYAL | 17 | 0 |
| 22 | PATRATU | 20241307706 | BENCH MARK PUBLIC SCHOOL | 92 | 0 |
| 23 | PATRATU | 20241306602 | BUNIYADI VIKASH VIDALAYA TELIYATU | 63 | 0 |
| 24 | PATRATU | 20241308705 | DR.AMBEDKAR MADHYA VIDYALAYA SAYAL | 72 | 0 |
| 25 | PATRATU | 20241307318 | GURUKUL PUBLIC SCHOOL | 7 | 0 |
| 26 | PATRATU | 20241307411 | GURURDEV D.A.V PATELNAGAR | 21 | 0 |
| 27 | PATRATU | 20241307419 | GYAN NIKETAN B.T.T.I BHURKUNDA | 29 | 0 |
| 28 | PATRATU | 20241310601 | M R F PUBLIC SCHOOL SAYAL | 99 | 0 |
| 29 | PATRATU | 20241308102 | MAA PANCH BAHNI HIGH SCHOOL, LABAGA | 0 | 0 |
| 30 | PATRATU | 20241307428 | MADARSA GULSAN-E- RAZA | 18 | 0 |
| 31 | PATRATU | 20241305004 | MADRASA AHLE SUNNAT NOORUL ISLAM | 49 | 0 |
| 32 | PATRATU | 20241304806 | MAULANA AZAD PUBLIC SCHOOL ,CHAINGADA | 31 | 0 |
| 33 | PATRATU | 20241305002 | MILLAT ACADEMY | 62 | 0 |
| 34 | PATRATU | 20241308707 | MORDEN CHILDRENS CONVENT SAYAL | 230 | 0 |
| 35 | PATRATU | 20241310101 | NPS TURI TOLA | 40 | 0 |
| 36 | PATRATU | 20241307417 | OXFORD PUBLIC SCHOOL | 79 | 0 |
| 37 | PATRATU | 20241304406 | PEACE KEEPER BOARDING SCHOOL CHIKOR | 3 | 0 |
| 38 | PATRATU | 20241308704 | PRATHMIK SAN MADHYA SANSKRIT VIDYALAY SAYAL | 10 | 0 |
| 39 | PATRATU | 20241306701 | PRIMARY SCHOOL URLUNG | 0 | 0 |
| 40 | PATRATU | 20241307515 | RED ROSE SCHOOL | 28 | 0 |
| 41 | PATRATU | 20241303002 | RPS PUBLIC SCHOOL | 34 | 0 |
| 42 | PATRATU | 20241302203 | SHISHU VIDYA MANDIR, BALKUDRA | 67 | 0 |
| 43 | PATRATU | 20241307909 | SISHU GYAN NIKETAN GHUTUWA | 0 | 0 |
| 44 | PATRATU | 20241304702 | UPG P.S. CHURI TUNGRI | 12 | 0 |
| 45 | PATRATU | 20241307101 | UPG P.S. KACHUDAG | 25 | 0 |
| 46 | RAMGARH | 20241400707 | BLUE PLANET PUBLIC SCHOOL | 191 | 0 |
| 47 | RAMGARH | 20241409509 | CHILD STAR SCHOOL | 77 | 0 |
| 48 | RAMGARH | 20241411807 | G.S JOLLY PUBLIC SCHOOL | 69 | 0 |
| 49 | RAMGARH | 20241402702 | N.P.S SHIV MOHALLA BARLONG | 1 | 0 |
| 50 | RAMGARH | 20241401902 | NPS PARLOLO | 15 | 0 |
| 51 | RAMGARH | 20241400107 | PATEL DAV SCHOOL | 150 | 0 |
| 52 | RAMGARH | 20241400403 | RULAR GROWTH PUBLIC SCHOOL KOTHAR | 101 | 0 |
| 53 | RAMGARH | 20241400708 | STEP BY STEP | 115 | 0 |
| 54 | RAMGARH | 20241411601 | UPG N.P.S. PARDIH KUSUM TOLA | 27 | 0 |

एक सप्ताह के अंदर कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के विरूद्ध मान्यता रद्द संबंधी कार्रवाई हेतु संबंधित बोर्ड को प्रेषित की जायेगी, गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए यू–डायस कोड रद्द की जायेगी तथा सरकारी विद्यालयों विरूद्ध के नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

ह०/–

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ़

PR 345429 District (24-25)_D



## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉची।

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**

उपरोक्त माण्डर थाना काण्ड सं0 2024–11–18–दिनांक, 2024/137– धारा (2)351/64– बि0एन0एस0 के प्राथमिक अभियुक्त एनामुल अंसारी, पिता–स्व0 क्युम अंसारी, ग्राम–माण्डर बाजारटॉड, थाना–माण्डर, जिला–राँची का द0प्र0सं0 की धारा–82 के अन्तर्गत माननीय न्यायालय से इस्तेहार निर्गत किया गया है।

**Court of R.T S.D.J.M Ranchi**
Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF
A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]

माण्डर थाना काण्ड सं0 2024/137

(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.) process 82 crpc

1. नाम व शिाल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)
एनामुल अंसारी, पिता–स्व0 क्युम अंसारी, ग्राम–माण्डर बाजारटॉड, थाना–माण्डर, जिला–राँची
थाना–विधान सभा, जिला–रॉची।
2. किया है या करने का उस पर शुवहा है। — जो व–मुजिब दफा — मजमूआए तावीरात हिन्द के सजा के लायक है — (2) माण्डर थाना काण्ड सं0 2024–11–18, दिनांक, 2024/137–
3. नाम एनामुल अंसारी, पिता–स्व0 क्युम अंसारी, ग्राम–माण्डर बाजारटॉड, थाना–माण्डर, जिला–राँची — और व–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि (3) **वर्तमान थाना–माण्डर, जिला–रॉची** जब
4. फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उसपर जरी न हो सके। — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशप्फी हमारे साबित किया गया है कि (3) जब
5. मोकाम। ग्राम–माण्डर बाजारटॉड, थाना–माण्डर, जिला–राँची फरार मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि धारा (2) 351/64 बि0एन0एस0
मजकुर साकिनच
ब–मोकाम(5)
6. इस अदालतव रूबरू मेरे। — अ–हजुर(6)
**ब–तारीख 10 माह 02.2025 नालिश–मजकुर**
करे जवाब देही के लिए हाजिर हो
**आज तारीख माह सन्**

**Sd. R.T S.D.J.M Ranchi**

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि प्राथमिक अभियुक्त एनामुल अंसारी, कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय/**R.T S.D.J.M Ranchi** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें

पुलिस उपाधीक्षक, खलारी राँची। –9431742777
थाना प्रभारी, माण्डर, रॉची। –9431706154

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–
वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR 345462 (Police) 24-25 (D)



## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, खूँटी।

**आम सूचना :–**

खूँटी जिला के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश संख्या–15रा0, दिनांक–01.07.2024 के आलोक में जिलान्तर्गत सभी प्रखण्डों में पंचायत स्तरीय दो दिवसीय विशेश पशु चिकित्सा शिविर (द्वितीय चरण) का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभागीय योजनाओं की जानकारी/ संक्रामक रोगों से बचाव की जानकारी/बीमार पशुओं की चिकित्सा/कृत्रिमगर्भाधान/टीकाकरण/बधियाकरण एंव मल–मूत्र, रक्त आदि की जाँच की जायेगी। पशुपालकों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि को उक्त कार्यक्रम में भाग लेकर इसका लाभ उठायेगें।

**वित्तीय वर्ष 2024–25 में खूँटी जिलान्तर्गत दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर (द्वितीय चरण) का आयोजन की सूची निम्नवत् है:–**

| कं0 सं0 | प्रखंड का नाम | कं0 सं0 | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशु चिकित्सक का नाम | पदनाम | दूरभाष सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | खूँटी | 1 | गुटजोरा | गुटजोरा | 03.02.2025 04.02.2025 | डॉ0 गीतांजली कच्छप | प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, खूँटी | 8210276170 |
| | | 2 | फूदी | फूदी | 05.02.2025 06.02.2025 | | | |
| | | 3 | मुरही | मुरही | 07.02.2025 08.02.2025 | | | |
| | | 4 | भण्डरा | भण्डरा | 09.02.2025 10.02.2025 | | | |
| | | 5 | सिलादोन | सिलादोन | 11.02.2025 12.02.2025 | | | |
| | | 6 | लान्दुप | लान्दुप | 13.02.2025 14.02.2025 | | | |
| | | 7 | मारंगहादा | मारंगहादा | 15.02.2025 16.02.2025 | | | |
| | | 8 | बारूडीह | बारूडीह | 17.02.2025 18.02.2025 | | | |
| | | 9 | डाड़ीगुटू | डाड़ीगुटू | 19.02.2025 20.02.2025 | | | |
| | | 10 | बिरहू | बिरहू | 21.02.2025 22.02.2025 | | | |
| | | 11 | तिलमा | तिलमा | 23.02.2025 24.02.2025 | | | |
| 2 | तोरपा | 12 | जरीया | कुटाम | 03.02.2025 04.02.2025 | डॉ0 सुरेश कुमार | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डोड़मा | 7250379473 |
| | | 13 | ओकड़ा | जापुत | 05.02.2025 06.02.2025 | | | |
| | | 14 | सुन्दारी | सुन्दारी | 07.02.2025 08.02.2025 | | | |
| | | 15 | डोड़मा | चकला | 09.02.2025 10.02.2025 | | | |
| | | 16 | कमड़ा | बरदा | 11.02.2025 12.02.2025 | | | |
| | | 17 | हुसीर | गोपला | 13.02.2025 14.02.2025 | | | |
| | | 18 | फटका | गुटुहातु | 15.02.2025 16.02.2025 | | | |
| | | 19 | तपकरा | बाजारटाड़ | 17.02.2025 18.02.2025 | | | |
| | | 20 | तोरपा पूर्वी | बाजारटंड़ | 03.02.2025 04.02.2025 | डॉ0 लोलेन कण्डुलना | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, तोरपा | 7004283110 |
| | | 21 | तोरपा पश्चिमी | कोटेंगसेरा | 05.02.2025 06.02.2025 | | | |
| | | 22 | दियांकेल | उबका | 07.02.2025 08.02.2025 | | | |
| | | 23 | उडीकेल | उलिहातु बडाटोली | 09.02.2025 10.02.2025 | | | |
| | | 24 | मर्चा | भालुटोली | 11.02.2025 12.02.2025 | | | |
| | | 25 | उकड़ीमाड़ी | उकड़ीमाड़ी | 13.02.2025 14.02.2025 | | | |
| | | 26 | बारकुली | सेमरटोली | 15.02.2025 16.02.2025 | | | |
| 3 | मुरहू | 27 | गोड़ाटोली | सुरुन्दा | 03.02.2025 04.02.2025 | डॉ0 विनय कुमार झा | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, मुरहू | 8002684981 |
| | | 28 | गनालोया | दारला | 05.02.2025 06.02.2025 | | | |
| | | 29 | कोड़ाकेल | कोड़ाकेल | 07.02.2025 08.02.2025 | | | |
| | | 30 | रूमूतकेल | जामदा | 09.02.2025 10.02.2025 | | | |
| | | 31 | हास्सा | हास्सा | 11.02.2025 12.02.2025 | | | |
| | | 32 | कुंजला | कुंजला | 13.02.2025 14.02.2025 | | | |
| | | 33 | बिचना | पाण्डु | 15.02.2025 16.02.2025 | | | |
| | | 34 | कुदा | कुदा | 17.02.2025 18.02.2025 | | | |
| | | 35 | केवड़ा | केवड़ा | 19.02.2025 20.02.2025 | | | |
| | | 36 | हेठगोवा | चिचिगाडा | 21.02.2025 22.02.2025 | | | |
| | | 37 | गुटुहातु | गुटुहातु | 23.02.2025 24.02.2025 | | | |
| | | 38 | दिगड़ी | रोगो | 25.02.2025 26.02.2025 | | | |
| | | 39 | इंदीपीड़ी | जाते | 27.02.2025 28.02.2025 | | | |
| | | 40 | बिन्दा | रोरो | 01.03.2025 02.03.2025 | | | |
| | | 41 | कूडापूर्ती | कूडापूर्ती | 03.03.2025 04.03.2025 | | | |
| 4 | अड़की | 42 | सरगेया | सरगेया | 03.02.2025 04.02.2025 | डॉ० दीपक मैथ्यू एक्का, | प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, अड़की | 8757506309 |
| | | 43 | उपरबालालौंग | जोजोहातु | 05.02.2025 06.02.2025 | | | |
| | | 44 | हुँठ | हेमरोम | 07.02.2025 08.02.2025 | | | |
| | | 45 | सोसोकुटी | सोसोकुटी | 09.02.2025 10.02.2025 | | | |
| | | 46 | नौढ़ी | नौढ़ी | 11.02.2025 12.02.2025 | | | |
| | | 47 | पुरनानगर | पुरनानगर | 13.02.2025 14.02.2025 | | | |
| | | 48 | सिन्दरी | पिस्काहातु | 15.02.2025 16.02.2025 | | | |
| | | 49 | तिनतिला | रागोनोय | 03.02.2025 04.02.2025 | डॉ0 ललित कुमार गागराई | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, बीरबांकी | 9572339783 |
| | | 50 | मदहातु | कटुई | 05.02.2025 06.02.2025 | | | |
| | | 51 | तिरला | तुबिल | 07.02.2025 08.02.2025 | | | |
| | | 52 | कोचांग | कोचांग | 09.02.2025 10.02.2025 | | | |
| | | 53 | तोडांग | कोरबा | 11.02.2025 12.02.2025 | | | |
| | | 54 | बीरबांकी | घाघरा | 13.02.2025 14.02.2025 | | | |
| | | 55 | बोहण्डा | बोहण्डा | 15.02.2025 16.02.2025 | | | |
| | | 56 | बाडीनिजकेल | बाडीनिजकेल | 17.02.2025 18.02.2025 | | | |
| 5 | रनिया | 57 | जयपुर | जापुत | 03.02.2025 04.02.2025 | डॉ0 अनिल कुमार नायक | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, रनिया | 9608142030 |
| | | 58 | खटखुरा | कैनबाकी | 05.02.2025 06.02.2025 | | | |
| | | 59 | सोदे | टुटीकेल | 07.02.2025 08.02.2025 | | | |
| | | 60 | खटंगा | डिगरी | 09.02.2025 10.02.2025 | | | |
| | | 61 | डाहु | कोटांगेर | 11.02.2025 12.02.2025 | | | |
| | | 62 | बनई | कोयनारा | 13.02.2025 14.02.2025 | | | |
| 6 | कर्रा | 63 | बमरजा | बडागाई | 03.02.2025 04.02.2025 | डॉ0 सौरभ आनन्द | प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, कर्रा | 9955437142 |
| | | 64 | कुदलुम | कालामुछिया | 05.02.2025 06.02.2025 | | | |
| | | 65 | डुमरगढ़ी | जेरगा | 07.02.2025 08.02.2025 | | | |
| | | 66 | सुनगी | लुदरू | 09.02.2025 10.02.2025 | | | |
| | | 67 | जुरदाग | बिचागाडा | 11.02.2025 12.02.2025 | | | |
| | | 68 | धुनसुली | गुनी | 13.02.2025 14.02.2025 | | | |
| | | 69 | हाकाजांग | गुयु | 15.02.2025 16.02.2025 | | | |
| | | 70 | कच्चाबारी | चन्दापारा | 17.02.2025 18.02.2025 | | | |
| | | 71 | छाता | सावडा | 19.02.2025 20.02.2025 | | | |
| | | 72 | लोधमा | तिग्गा | 21.02.2025 22.02.2025 | | | |
| | | 73 | मेहा | तुनेल | 23.02.2025 24.02.2025 | | | |
| | | 74 | लरता | मेरले | 03.02.2025 04.02.2025 | डॉ0 प्रदीप कुमार | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, गोविन्दपुर | 6201382513 |
| | | 75 | जरिया | होचोर | 05.02.2025 06.02.2025 | | | |
| | | 76 | गोविन्दपुर | गुस्साटोली | 07.02.2025 08.02.2025 | | | |
| | | 77 | लिमड़ा | तिरला | 09.02.2025 10.02.2025 | | | |
| | | 78 | बकसपुर | गारी | 11.02.2025 12.02.2025 | | | |
| | | 79 | उड़ीकेल | चाम्पी | 13.02.2025 14.02.2025 | | | |
| | | 80 | डेहकेला | बरवादाग | 15.02.2025 16.02.2025 | | | |

PR 345471 Animal Husbandry(24-25)D

जिला पशुपालन पदाधिकारी खूँटी।

## कांग्रेस कार्यकर्ता एवं जनता से मिले डॉ. रामेश्वर उरांव, सुनी सभी की समस्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बृहस्पतिवार को विधायक लोहरदगा सह पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव अपने विधायक कार्यालय बरवाटोली लोहरदगा में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आम जनता से हुए रूबरू इस मौके पर कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनता लोहरदगा विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के समक्ष आवेदन के माध्यम से लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अपनी-अपनी समस्याएं को रखें। मौके पर विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने प्राप्त सभी आवेदनों के कार्य हेतु संबंधित विभागीय के पदाधिकारी से मौके पर बात कर जल्द से जल्द सभी आवेदनों पर आवश्यक कार्य करते हुए निष्पादन करने की बात कही साथ है जो कार्य पूर्व में लंबित थी उन सभी कार्यों को भी समय अनुसार अब कार्य करने की बात कही। इस मौके पर रामेश्वर उरांव ने कहा लोहरदगा की जनता के सेवा के लिए सदा तात्पर्य हूं हमारे कार्यकर्ता और जनता की जो भी समस्या है उन सभी का समस्याओं का निष्पादन करना हमारा कर्तव्य है प्राथमिकता के आधार पर जो भी कार्य आवश्यक है उनका कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य रूप से मौजूद। साथ उन्होंने कहा किसी भी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों की कोई भी समस्या हो तो वे झिझक विधायक कार्यालय बरवाटोली में आवेदन दे उनके ऊपर कार्य किया जाएगा। इस मौके पर माननीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव का स्वागत कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों के द्वारा किया गया मौके पर मुख्य रूप से मौजूद जिला कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, हाजी अफसर कुरैशी, 20 सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, हाजी सदरुल, अनीस अहमद, रविंदर सिंह, हाजी सिकंदर, ऐनुल अंसारी, रौनक इकबाल, विनय उरांव, विशाल डुंगडुंग, अरशद अयूब, सीमा परवीन, शंभू प्रजापति, प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर, युनुस अंसारी, जुगल भगत, विनोद खेरवार, सत्यदेव भगत, रेहान अख्तर, इंतेखाब आलाम, दानिश अली, सगीर अंसारी, शोहरत हुसैन, कमरुल इस्लाम, तलहा अंसारी, सीमा भगत, अमृता भगत, पुनीता उरांव, एजाज अंसारी, साजिद अंसारी के साथ काफी संख्या में पंचायत अध्यक्ष विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी कांग्रेस कार्यकर्ता में आम जनता उपस्थित थे।

## शहीदों की याद में रखा गया दो मिनट का मौन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के निदेश पर आज समाहरणालय परिसर में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस के मौके पर दो मिनट का मौन रखा गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमण्डल दण्डाधिकारी अमित कुमार समेत जिला स्तरीय पदाधिकारीगण व कर्मीगण उपस्थित थे। समाहरणालय समेत सभी जिला एवं प्रखंड स्तरीय कार्यालयों में, शैक्षणिक संस्थाओं और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## 30 जनवरी से 14 फरवरी तक चलाया जाएगा कुष्ठ रोग मुक्त जागरूकता अभियान



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रांगण में स्वास्थ विभाग और प्रखंड प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में कुष्ठ रोग मुक्त अभियान को सफल बनाने के लिये जागरुकता अभियान चलाने को लेकर शपथ दिलाया गया। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मु ने कहा कि कुष्ठ रोग का इलाज सम्भव है। अगर यदि शरीर में किसी तरह का दाग है तो स्वास्थ केंद्र सेन्हा में पहुंच कर उसका जांच करायें साथ ही कहा कि अगले बगल में कुष्ठ रोगी हैं तो उन की सहायता करें कुष्ठ रोग का शरीर मे सफेद दाग और डेग के जगह में झिनझिन और सूनापन जैसा कुछ लक्षण है। स्वास्थ्य केंद्र में जा कर चिकित्सक से जांच करा कर नियमित दवा का सुन करें और चिकित्सा कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी लोग गांव में घर घर जा कर कुष्ठ रोग के बाटे में बतायें की प्रारंभिक चरण में जानकारी होने पर कुष्ठ बीमारी संपूर्ण इलाज सम्भव है। स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार 30 जनवरी से 14 फरवरी तक कुष्ठ रोग पहचान के तहत जागरूकता अभियान चलाया जाना है। कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान के लिये स्वास्थ सहिया,एएनएम और आंगनबाड़ी सेविकाओं को क्षेत्र में भ्रमण कर कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों खोज कर इलाज के लिये प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही आम जन से अपील किया गया है की कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्तियों को कुष्ठ रोगी से भेद भाव नही करने और मुख्य धारा से जोड़ने का अपील किया गया। जिसे कुष्ठ रोग प्रखंड और जिला से मुक्त हो। मौके पर बीडीओ संग्राम मुर्मु, सीओ मो मुदस्सर नजर मंसूरी, सुजीत उरांव, कुदरत खेरवार, महेश कुजूर सहित अन्य प्रखंड व अंचल कर्मी तथा स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## अविराम में आयोजित वार्षिक खेलकूद महोत्सव में अनुराग और अमीषा बने स्पोर्ट्स स्टूडेंट ऑफ द ईयर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको, कुरू, लोहरदगा में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेल कूद महोत्सव सह इंटर कॉलेज प्रतियोगिता का भव्य समापन खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा मेडल और शील्ड प्रदान कर किया गया। विजेताओं में बालक बालिकाओं के समूहों में जेवलिन थ्रो में पवन और बिनीता प्रथम, अनुराग और कुसुम द्वितीय,तृतीय राकेश और संध्या,शॉर्ट पुट में प्रथम स्थान लव तथा सोनाली,द्वितीय यशवंत और सुलेखा को, तृतीय स्थान विकाश और सुष्मिता, बिस्कुट रेस में प्रथम निशा, द्वितीय अनिमा, तृतीय खुशबू, डिस्कस थ्रो में प्रथम राकेश और कुसुम, द्वितीय उज्ज्वल तथा बिना, तृतीय स्थान पवन और अमीषा, रस्सा कसी में रनर अप में डेविड और विद्या समूह और विजेता प्रियांशु तथा अर्चना समूह रहे। सर्वाधिक मेडल जीतने वाले अनुराग तिग्गा डी एल एड से और अमीषा मिंज बी एड से स्पोर्ट्स स्टूडेंट ऑफ द ईयर बने। समस्त स्टाफ के लिए भी विविध खेल कूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें जेवलिन थ्रो में प्रथम जंगबहादुर, द्वितीय पवन, तृतीय पंकज कुमार भारती, शॉर्ट पुट में प्रथम ममता और जंगबहादुर, द्वितीय कुंदन और पवन, तृतीय रेणुका और शिवशंकर विजेता रहे। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि इंद्रजीत भारती द्वारा सम्मानित किया गया और कहा कि सभी प्रतिभागियों ने जिस जोश और खेल भावना के साथ खेल खेला वह सराहनीय है। इस अवसर पर लक्ष्मण, बिरेंद्र समेत प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, रेणुका, ममता, कुंदन, आफताब, पंकज, जंगबहादुर, शशि, शिव, पवन चीनीबास, प्यारी, तबस्सुम आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम समापन जंगबहादुर महतो के धन्यवाद ज्ञापन और शांति पाठ के साथ किया गया।

## पुर्व रा0स0 सांसद धीरज प्रसाद साहू के सौजन्य से प्रखंड के सैकड़ो लोगों के बीच किया गया कम्बल का वितरण

**कांग्रेस पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता गरीब जरुरतमंदो की सेवा कार्य करने के लिये तत्पर : अनीश अहमद खान**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत दिनांक 29 जनवरी बुधवार को गरीबों के मसीहा पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के सौजन्य से कैरो प्रखंड मुख्यालय में ग्राम कैरो, नयाटोली, उतका, जामुनटोली एवं बिराजपुर के सैकड़ो गरीब, असहाय, विकलांग, बुजुर्गो एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद ने कहा कि गरीबों के मसीहा पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू हमेशा से गरीब, असहाय एवं जरूरतमंदों की मदद करते आए हैं। इसबार भी ठंढ को देखते हुए उनके सौजन्य से लोहरदगा जिले के सभी प्रखंडों में कंबल का वितरण किया जा रहा है। पूर्व राज्यसभा सांसद एवं माननीय विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव लोहरदगा की जनता का सेवा के लिए तत्पर हैं और समय समय पर भौतिक सामाजिक जरूरतों को पूरा करते आए हैं। इस बीच ठंड के मौसम को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। ताकि ठंड से बचाव हो सके साथ ही विधायक डॉ रामेश्वर उराँव के प्रयास से विभिन्न क्षेत्रों में हाइमस्ट लाइट लगाया जा रहा है जो सराहनीय कार्य है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद, मोजाहिर अंसारी, जमील अंसारी, शमीरुद्दीन अंसारी, पहान वीरेंद्र उरांव, अमीन उरांव, फिरोज खान, सामजुद खान इत्यादि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता कम्बल वितरण के समय उपस्थित थें।

## कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर किया माल्यार्पण



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में जिला अध्यक्ष सुखेर भगत के अध्यक्षता में आयोजित हुई। सर्वप्रथम उपस्थित कांग्रेसियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तत्पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भारत ही नहीं पूरे विश्व के मार्गदर्शक हैं। महात्मा गांधी ने उन लाखों करोड़ों भारतीयों के आजादी के सपनों को साकार किया। बापू हमेशा अहिंसा और सामाजिक एकता पर विश्वास रखते थे। उन्होंने भारतीय संस्कृति से अछूत और भेदभाव की भावनाओं को समाप्त किया। बापू के विचार आज भी पूरे विश्व में प्रासंगिक और प्रेरणा स्रोत है। बापू सर्वधर्म समभाव की भावना से प्रेरित थे, आधुनिक युग में वैश्विक सद्भावना के वातावरण बनाए रखने और वसुदैव कुटुंबकम के विचार को साकार करने के लिए यह बेहद जरूरी है?। और हम सभी कांग्रेसी सौभाग्यशाली हैं,कांग्रेस पार्टी गांधी के विचारों का संवाहक है, आज ही के दिन 30 जनवरी 1948 को आरएसएस के नाथूराम गोडसे के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या कर दी गई थी, परंतु उनके द्वारा बताए गए मार्ग सत्य, अहिंसा, और समानता जैसे विचार आज भी जीवित है। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, मोहन दुबे, सदरूल अंसारी,परवेज़ सिद्दीकी, विनोद खैरवार, अनीस अहमद, शंभू प्रजापति, सीमा परवीन, मोजाहिद अंसारी, रशीद अंसारी,बबीता देवी किस्मती देवी, मदन प्रसाद समेत अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

## पशु चिकित्सा शिविर आयोजित कर पशुओं का जांच कर दिया गया निःशुल्क दवा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत अन्तर्गत अरु ग्राम में जिला पशुपालन पदाधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिस निमित प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य पशु चिकित्सा शिविर आयोजित कर मेढो ग्राम के 30 पशुपालक किसानों का लग्भग 250 पशुओं का जांच किया गया। वही प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने पशुपालक किसानों को पशु में होने वाली मौसमी बीमारी के साथ पशुओं का पेट मे कृमि होना, गाय, भैंस, बकरियों का गर्भधारण नही करना, बुखार, जोंक सहित अन्य बीमारी के बारे में विस्तारकपूर्वक जानकारी देते हुए। कैलिशयम, मिनरल, मलहमत टॉनिक, कृमि नाशक की दवाएं दी गई। साथ ही पशुओं की देख भाल साफ सफाई और रख रखाव के बारे में भी किसानों जागरूक किया गया। मौके पर शुशिल कुमार, शंकर महली, प्रताप प्रजापति के अलावे अशोक साहू, उदयनाथ महतो, मजिना बीबी, रामचन्द्र महतो, नसीम अंसारी, कलिगा महतो, मुस्ताक अंसारी, बिनोद यादव, अविनाश कुजूर समेत अन्य किसिन मौजूद थे।

## सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में टॉप 10 छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं का हुआ जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विद्या भारती योजना अंतर्गत सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में एक महत्वपूर्ण शैक्षिक आयोजन में,सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के कक्षा 10 के शीर्ष 10 छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस मूल्यांकन का उद्देश्य मेधावी छात्रों के शैक्षिक प्रदर्शन का सटीक मूल्यांकन करना और शिक्षा में उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करना था। निरीक्षण का नेतृत्व विपिन कुमार दास, संकुल प्रमुख ने किया, जिन्होंने यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी निभाई कि समीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह से और निष्पक्ष रूप से की जाए। उन्हें संस्थान के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने सहायता प्रदान की, जिन्होंने छात्रों के कार्य की जांच के दौरान मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की। मूल्यांकन प्रक्रिया में कई प्रतिष्ठित विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिनमें नरेश साहू, अनीता देवी, बालकेश्वर साहू, श्यामसुंदर कुमार, आकाश कुमार, रवि रंजन कुमार उपाध्याय, नरेश साहू, मधुमिता शर्मा, वीणा तिवारी और सुकेश साहू शामिल हैं। इस आयोजन में प्रधानाचार्य मनोहर मोदी, प्रमोद कुमार, विमलेश तिवारी और रूपेश कुमार की उपस्थिति रही। सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर की शैक्षिक उत्कृष्टता और छात्र विकास के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

## 25 वर्षीय युवक का मिला शव, पुलिस घटनास्थल पर पंहुचकर शव का शिनाख्त कराते हुये की जांच शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र के ऐडादोन गांव के पास कैरो कुडू सड़क पर बने पुल के नीचे कोयल नदी के नजदीक एक 25 वर्षीय युवक का शव बरामद किया गया। शव की पहचान कुडू थाना क्षेत्र के तान गांव निवासी सिल्वेस्टर मिंज का पुत्र सोहदन मिंज के रूप में हुई है। गुरुवार सुबह ऐडादोन के कुछ किसान अपने खेत जा रहे थे। तो देखा कि पुल के नीचे एक शव पड़ा है। लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। पुलिस घटनास्थल पर पंहुचकर शव का शिनाख्त करते हुए जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो ने बताया कि मृतक के शरीर में कोई दाग नहीं हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। ग्रामीण आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि युवक की कहीं दूसरे जगह गला दबाकर हत्या कर शव को यहां फेक दिया गया है।

## सांसद सुखदेव भगत संसद सत्र में भाग लेने दिल्ली हुए रवाना



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत 31 जनवरी से प्रारंभ होने वाले संसद के बजट सत्र में भाग लेने के लिए आज दिल्ली रवाना हुए। सांसद सुखदेव भगत बजट सत्र में देश, राज्य एवं स्थानीय स्तर के अनेक मुद्दे को उठाएंगे। इसके साथ कल 31 जनवरी को दिल्ली में मुख्य सचिव कार्यालय (एनसीआर) संसद भवन में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ करने के प्रावधान वाले विधायक (वन नेशन वन इलेक्शन) पर विचार करने हेतु गठित संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) की द्वितीय बैठक में भाग लेकर अपनी बातों को तार्किक ढंग से रखेंगे।

## सांसद सुखदेव भगत ने हरी झंडी दिखलाकर पहली गाड़ी को किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा का सदर प्रखंड के भोक्ता बगीचा के समीप एनएफ एस माइन्स एंड मिनरल प्राइवेट कंपनी लिमिटेड की स्टॉक यार्ड खोला गया। लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत पहली गाड़ी जो यार्ड से मुरी के लिए रवाना हुआ उसको हरी झंडी दिखलाकर रवाना किये ।इससे पूर्व स्टॉक यार्ड स्थल पहुंचने पर सांसद को कंपनी के पदाधिकारी के द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया तथा वहां पर उपस्थित पुरोहित द्वारा विधि विधान से पूजा कराया गया। मौके पर सांसद ने कहा कि बाहर की कंपनी आकर यहां पैसा लगाकर व्यापार करती है तो इसका फायदा यहां के लोगों को होगा। कई प्राइवेट माइंसों से यहां बॉक्साइट डंपिंग होगा जिससे लोगों को रोजगार मिलेगा। परिवहन मालिकों फायदा होगा और इससे संबंधित व्यापारियों को फायदा होगा ।लोहरदगा में बेहतर वातावरण बनाना होगा ताकि और भी कंपनी यहां रुपया लगाकर व्यापार करें जिससे यहां के लोगों को फायदा होगा। मौके पर माइंस मलिक दुर्गा भगत, कंपनी के प्रोपराइटर सिद्धार्थ लोला, नागा भूषणम, शाश्वत सिद्धार्थ, आलोक कुमार साहू, रवि रोशन बेक, विनोद सिंह, माजीद अहमद, सोनू कुरेशी, मन्ना गुप्ता सहित अनेक लोगों उपस्थित थे।

## नगर भवन में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना को लेकर जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी और उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि मेहनत की बदौलत आज महिलाएं कुछ भी हासिल कर सकती हैं। महिला अगर ठान ले तो अपनी जिम्मेवारियों को निभाते हुए कुछ भी हासिल कर सकती हैं। बेटियां हमारा गर्व हैं। आज जिला प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया है और आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है जो सराहनीय है। जिनको नियुक्ति पत्र मिला है उनकी जिम्मेवारी अपने कार्यक्षेत्र में बहुत अहम हो जाती है। प्रारंभिक शिक्षा और स्वास्थ्य आपके हाथों में है जिसकी बेहतर नींव आप रख सकती हैं। जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि माताएं अपने बच्चों; विशेषकर लड़के व लड़कियों के बीच कोई भेदभाव नहीं करें। सभी को समान अवसर दें।आज पढ़ाई और खेल के साथ-साथ कई क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। उप विकास आयुक्त ने कहा कि आज लड़कियां, लड़को से आगे हैं। हर क्षेत्र में लड़कियां काम कर रही हैं। लोहरदगा जिला में स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बनीं हैं। आज के कार्यक्रम में 8 छात्राओं को मैट्रिक की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिला प्रशासन की ओर से टैब प्रदान किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि बच्चियां इस टैब का इस्तेमाल पढ़ाई में करें। आईआईटी, नीट समेत प्रशासनिक परीक्षा की तैयारी के लिए छात्राएं टैब का इस्तेमाल करें। सोशल मीडिया से दूर रहें। एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करें। उप विकास आयुक्त ने कहा कि लोहरदगा जिला जनजातीय बहुल क्षेत्र है। यहां पीएम जनमन के तहत पीवीटीजी समूह को प्रधानमंत्री आवास योजना से आच्छादित किया गया है। जनजातीय आवासीय विद्यालय के लिए छात्रा वास बनाया गया है। खेलकूद में डे बोर्डिंग कोचिंग की सुविधा दी जा रही है। चार एकलव्य विद्यालयों का शुभारंभ किया गया है। आज आंगनबाड़ी सेविकाओं-सहायिकाओं की नियुक्ति की गई है। बिना विवाद के इन नियुक्तियों को पूरा किया गया है। जिला में स्वास्थ्य, शिक्षा और खेलकूद के स्तर को बेहतर बनाया जा रहा है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का मुख्य उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को रोकना, स्कूली छात्राओं में ड्रॉप आउट की दर को कम करना, बाल विवाह को रोकना,महिलाओं के लिए कार्य के समान अवसर पैदा करना आदि है। कार्यशाला में महिला बाल विकास विभाग द्वारा कन्या भ्रूण हत्या निषेध परनिर्मित एनिमेशन फिल्म मुस्कान का प्रदर्शन किया गया। लोकनाथ लोहार कला जत्था की टीम के द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। मैट्रिक की परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली कस्तूरबा एवं एकलव्य विद्यालय की 08 छात्राओं को पुरस्कार के स्वरूप tab प्रदान किया गया। नव चयनित 15 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को चयन पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में गुडटच-बैड टच, जेंडर समानता,यौन उत्पीडन एवं बालक-बालिकाओं से संबंधित अन्य कानूनी संबंधी जानकारी दी गई तथा इस संबंध में किशोरियों के बीच व्यापक जागरूकता चलाने के लिए सेविकाओं को प्रेरित किया गया। ÷बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना÷ के माध्यम से लिंग आधारित भेदभाव को कम करने,शिक्षा को बढ़ावा देने तथा बालिकाओं के अस्तित्व और सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। यह कार्यक्रम बालिकाओं के लिए अधिक अवसरों का समर्थन करने,शिक्षा,कानूनी अधिकार, चिकित्सा, देखभाल, महिलाओं के प्रति हिंसा और बाल विवाह जैसे विषयों पर व्यापक जागरूकता लाना है। इसके अलावा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत बाल विवाह को रोकने, बेटियों की पढ़ाई और सुरक्षा को लेकर शपथ दिलाई गई। इस दौरान किशोरियों के लिए चार मुख्य अधिकार 1. जीने का अधिकार 2. विकास का अधिकार 3. सुरक्षा का अधिकार तथा 4. सहभागिता का अधिकार आदि के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि बालक एवं बालिकाओं का जन्मदर अनुपात को समान करना है तथा कन्या भ्रूण हत्या को रोका जाना है।

## चलते चलते एक नजर

### बाबा विश्वनाथ के दर्शन के बाद वाहन स्टैंड की तलाश में भटक रहे श्रद्धालु



**वाराणसी :** प्रयागराज महाकुम्भ से श्रद्धालुओं का पलट प्रवाह काशी में अनवरत बना हुआ है। शहर में भीड़ प्रबंधन और सुगम यातायात के लिए जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग के लिए अलग–अलग जगह निर्धारित किया है। ऐसे में प्रयागराज और देश के अन्य प्रांतों से काशी दर्शन पूजन के लिए आने वाले कुछ श्रद्धालु दर्शन पूजन के बाद अपने वाहनों की पार्किंग स्थल पर पहुंच रहे हैं। तो कुछ जगह की तलाश में भटक भी रहे हैं। अनजान शहर में अपना वाहन कहां खड़ा किया जाय श्रद्धालु को पता ही नहीं चल रहा है। ऐसे में पुलिस अफसर उनकी सहायता कर रहे हैं।गुरूवार को यह नजारा शहर में दिखा। रामोराबाड़ी रांची झारखंड के महेश यादव अपने चार पहिया वाहन से परिजनों के साथ प्रयागराज पहुंचे। यहां संगम तट पर पुण्य की डुबकी लगाने के बाद वे अपने वाहन से परिजनों के साथ वाराणसी आए। उनके वाहन को पुलिस अफसरों ने पार्किंग संख्या 05 लौटूबीर में खड़ा करा दिया। लौटूबीर से महेश यादव और उनके परिजनों ने घाट पर पहुंचकर गंगा स्नान किया। इसके बाद बाबा विश्वनाथ के दरबार में घंटों कतार में खड़े रहने के बाद उन्होंने दर्शन पूजन किया। दर्शन पूजन के बाद महेश और उनके परिजन मंदिर से बाहर निकलने के बाद अपने पार्किंग स्थल के लिए निकले। कुछ दूर जाने पर उन्हें अपने पार्किंग स्थल का नाम न पता होने से भटकने की नौबत आ गई।

### मौनी अमावस्या के विशेष आस्था के पर्व पर प्रसाद वितरण

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद विभाग के तत्वाधान मे कुंभ मेले से सैकड़ों श्रद्धालुओं, रिश्तेदारों-नातेदारों, मित्रों बंधु बांधवों के सकुशल लौट कर आने और इस महान तीर्थ यात्रा को पूरा करने के उपलक्ष्य में भदानी बिल्डकॉन प्रा. लि. झुमरीतिलैया के स्व. दयाराम भदानी की स्मृति मे प्रवीण भदानी एवं श्रेयस भदानी ने आत्मीयता एंव पूर्ण श्रद्धा के साथ सहयोगी अनन्या मंगल के हाथों समाज परिवार से उपेक्षित घर परिवार से अलग राधारानी कुष्ठ आश्रम इटकी रोड़ मे रहने वाले 200 से कुष्ठ रोगियों के बीच दोपहर का भोजन प्रसाद के रूप में वितरित किया। मान्यता है कि मौनी अमावस्या जो हिंदू आस्थाओं का एक प्रमुख पर्व है तथा गरीबों को भोजन और अन्नदान विशेष फलदायी होता है. इस निमित्त दिया गया दान बहुत महत्व का होता है। विश्व हिन्दू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि इस आयोजन की व्यवस्था प्रांत सह-सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल और प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह मुंडा और जितेन्द्र महतो ने अपने सहयोगियो मित्रों ने की थी. अभी 10 दिन पूर्व राधा रानी कुष्ठ आश्रम निवासी राजू कुमार का प्राकृतिक कारणों से देहवासन हो गया था, जिनका दाह संस्कार हरमू घाट पर विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया था।

# इंडोनेशिया के लिए रवाना हुए पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने बुधवार को इंडोनेशिया के तीन दिवसीय दौरा पर रवाना हो गए हैं। डॉ कौशल इंडोनेशिया के बाली में पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। डॉ कौशल ने कहा है कि उनके द्वारा निःशुल्क पौधा वितरण व रोपण के 58 वां एवं पर्यावरण धर्म व वनराखी मूवमेंट के 48 वां बर्ष पुरा होने पर इस बर्ष 2025 का कार्यक्रम का उद्घाटन इंडोनेशिया के जाकर्ता में पौधरोपण व वृक्षों पर रक्षाबंधन कर करेंगे। श्री कौशल ने इसकी जानकारी शहर के बाईपास रोड केपीजे कंपलेक्स के पीछे स्थित अपने आवास पर्यावरण भवन से एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है। उक्त कार्यक्रम को लेकर पर्यावरणविद कौशल इंडोनेशिया के लिए तीन दिवसीय दौरे पर रवाना हो गए।ल हैं। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए श्री कौशल ने बताया कि। उन्होंने वर्ष 2025 -26 में विश्व के आधा दर्जन देशों में और देश के 10 राज्यों के 20 जिलों में दो लाख निशुल्क पौधा वितरण सह रोपण व वृक्षों पर रक्षाबंधन करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उक्त सभी कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण धर्म पर संगोष्ठी का आयोजन कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक भी किया जाएगा।वनराखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल ने यह भी बताया है कि देश के 10 राज्यों में होने वाले कार्यक्रम का उद्घाटन जिले के छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर से किया जाएगा। जबकि झारखंड राज्य के लिए आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मेदिनीनगर के आवासीय परिसर पर्यावरण भवन से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार 95 फीसदी कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाएगा। ताकि किसानों को वृक्ष खेती को बढ़ावा देने व हरित क्रांति लाने के प्रति जागरूक किया जा सके। मौके पर छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, प्रो,अरुण कुमार जायसवाल, ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, अराध्य जायसवाल, अशिविका जायसवाल, उर्मिला देवी आशा जायसवाल,आद्रिका ,अनुसा, रामू, छोटू आदि मौजूद थे।



### क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**लातेहार :** सड़क परिवहन और राज्य मार्ग मंत्रालय के सौजन्य से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत कलेक्ट्रेट मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में जिला प्रशासन टीम, मीडिया टीम, नगर परिषद टीम और पुलिस प्रशासन की टीम भाग ले रही है. क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मैच जिला प्रशासन और मीडिया के बीच खेला जाएगा. वही दूसरा मैच नगर प्रशासन और पुलिस प्रशासन की टीम के बीच खेला जाएगा. दोनों मैच के विजेता टीम फाइनल मैच खेलेगी।



## दिल्ली में सुक्खू से मिले तेलंगाना के डिप्टी सीएम मल्लू भट्टी

एजेंसी

**शिमला :** तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने गुरुवार को नई दिल्ली में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की।तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री ने सेली एचईपी (400 मेगावाट) और मियार एचईपी (120 मेगावाट) विद्युत परियोजनाओं में रुचि व्यक्त करते हुए एक पत्र प्रस्तुत किया। तेलंगाना सरकार ने हिमाचल प्रदेश सरकार से इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन प्रस्तुत करने का आग्रह किया ताकि मामले को आगे बढ़ाया जा सके।मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि इच्छुक राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और राज्य पीएसयू/केंद्रीय पीएसयू से बीओओटी आधार पर 22 जल विद्युत परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार के प्रस्ताव के जवाब में तेलंगाना के विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम ने हिमाचल प्रदेश का दौरा किया है। इस दल ने विद्युत सचिव राकेश कंवर के साथ भी चर्चा की। इस टीम ने सेली और मियार जल विद्युत परियोजनाओं के स्थलों का भी दौरा किया और सिफारिश की गई है कि 100 मेगावाट से अधिक जल विद्युत परियोजना की क्षमता वाले स्थलों के लिए रुचि व्यक्त की जा सकती है।प्रदेश के लिए अधिक बिजली उत्पादन और राजस्व अर्जित करने की संभावनाएं तलाश करने की दिशा में यह कदम एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।



## मनसे कार्यकर्ताओं के लिए आचार संहिता लागू की जाएगी : राज ठाकरे

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे ने गुरुवार को वरली में कहा कि बहुत जल्द मनसे कार्यकर्ताओं के लिए संगठन में आचार संहिता लागू की जाएगी। साथ ही पार्टी में पदों के नाम में बदलाव किया जाएगा। राज ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं को नगर निगम चुनाव के लिए तैयारी करने का भी निर्देश दिया है।राज ठाकरे वरली में मनसे के राज्यस्तरीय अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। राज ठाकरे ने कहा कि जय पराजय चुनाव का हिस्सा है। इसलिए विधानसभा चुनाव में पराजय मिलने पर दुखी होने की जरूरत नहीं है। राज ठाकरे कहा कि अब नए उत्साह से पार्टी कार्यकर्ताओं को जुटना है। बहुत जल्द पार्टी में बदलाव किया जाएगा और निराश लोगों को पार्टी में जगह नहीं मिलेगी। राज ठाकरे ने कहा कि उन पर भूमिका बदलने का झूठा आरोप लगाया जाता है, जबकि सभी पार्टियों ने समय -समय पर भूमिका बदली है।शिवसेना के बारे में राज ठाकरे ने कहा कि शिवसेना किसी समय प्रजा समाजवादी पार्टी, मुस्लिम लीग और कांग्रेस के साथ थी। भाजपा पर निशाना साधते हुए राज ठाकरे ने कहा कि जिन पर इन लोगों ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया, उन्हीं लोगों को पार्टी में शामिल किया और महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी सौंपी है। यही लोग उन पर बार-बार भूमिका बदलने का झूठा प्रचार कर रहे हैं, इसलिए इन प्रचारों पर ध्यान न देते हुए लोगों के बीच जाकर पार्टी को मजबूती दें। राज ठाकर ने कहा कि मैं थके हुए लोगों का नेतृत्व नहीं करना चाहता। यदि कार्यकर्ता उनके साथ रहना चाहते हैं तो दृढ़ रहें।



## एसवी एलिट स्कूल की व्यवस्था उच्चस्तरीय : अविनाश वर्मा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** गत दिन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश कुमार वर्मा ने छतरपुर स्थित स्वामी विवेकानंद एलिट पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में शामिल होकर विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। विद्यालय के निदेशक सह एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी उपेंद्र कुमार ने अतिथियों का स्वागत बुके और शाल देकर किया। उक्त अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा कई मनमोहक गीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए जो पूरे कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रहे। अपने संबोधन में अविनाश वर्मा ने कहा कि यह एसोसिएशन के लिए बड़े ही गर्व का विषय है कि कई सदस्यों को मान्यता मिल चुकी है और कई लोगों को मिलने वाली है जबकि शेष अन्य सदस्यों के लिए एसोसिएशन का संघर्ष जारी है। जरूरत है सभी को एक साथ मिलकर संघर्ष करने की। उन्होंने कहा कि बड़े हर्ष का विषय है कि छतरपुर का सबसे बड़ा विद्यालय हमारे एसोसिएशन का सदस्य है। उन्होंने कम समय में अच्छी व्यवस्था और अनुशासित विद्यार्थियों की फौज तैयार करने के लिए विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त अवसर पर बतौर अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार साहू, शाखा प्रबंधक राकेश कुमार शुक्ला के साथ एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सचिव सतीश अग्रवाल, अनुशासन पदाधिकारी वीरेंद्र दुबे, विद्यालय के प्राचार्य अमित कुमार, हुसैनाबाद इकाई के अध्यक्ष निरंजन कुमार, उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, कृष्णकांत तिवारी, अक्षय कुमार, छतरपुर इकाई अध्यक्ष मंटू कुमार, प्रवक्ता सुनील कुमार, पूर्व अध्यक्ष पंचम कुमार, मनोज भास्कर, राकेश मिश्रा समेत सैकड़ो अभिभावक, विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक गण उपस्थित थे।




### प्रयागराज महाकुंभ मे हुई हृदयविदारक घटना पर शोक जताया

**रांची :** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग व श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने प्रयागराज के महाकुंभ में भगदड़ में हुई श्रद्धालुओं की मौतों पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। तथा कहा है कि महाकुंभ मे हुई इस हृदयविदारक घटना अत्यंत दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरा शोक संवेदना व्यक्त किया एवं भगदड़ में घायल श्रद्धालुओं के अति शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने कहा की भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृति न हो इसके लिए राज्य सरकार व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त किया जाए। इस घटना ने कुंभ मेले की व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं और यह चिंता का विषय बन गई है कि इस तरह के बड़े धार्मिक आयोजनों में सुरक्षा उपायों की कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हमें और अधिक सजग और सतर्क रहना होगा।

## चंडीगढ़ में भाजपा की हरप्रीत कौर बनी मेयर

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** चंडीगढ़ की राजनीति में गुरुवार को बड़ा उलटफेर हो गया। पूर्ण बहुमत के बावजूद यहां मेयर पद के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस व आम आदमी पार्टी गठबंधन हार गया, जबकि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी जीत गई। यहां भाजपा की हरप्रीत कौर ने कांग्रेस व आआपा गठबंधन प्रत्याशी प्रेम लता को दो वोट से हराया। दिल्ली चुनाव से पहले चंडीगढ़ मेयर चुनाव में इस हार को कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के लिए झटका माना जा रहा है।चंडीगढ़ नगर निगम में कुल 36 वोट हैं। जिनमें 35 पार्षद जनता ने चुने हैं। यहां एक वोट सांसद का भी है। इस समीकरण के अनुसार जीत के लिए 19 वोट की जरूरत थी। निगम में इस समय भारतीय जनता पार्टी के 16, आम आदमी पार्टी के 13 और कांग्रेस के छह पार्षद हैं।गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक पूर्व न्यायाधीश जयश्री ठाकुर की मौजूदगी में चुनाव अधिकारी रमणीक सिंह बेदी ने मतदान प्रक्रिया शुरू करवाई। सबसे पहले चंडीगढ़ से कांग्रेस के सांसद मनीष तिवारी ने अपना वोट डाला। इसके बाद अन्य पार्षदों ने मत डालें। यहां भाजपा की मेयर पद प्रत्याशी हरप्रीत कौर बबला को 19 वोट मिले, जबकि आम आदमी पार्टी व कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी प्रेम लता को 17 वोट मिले। सदन में बहुमत न होने के बावजूद भाजपा को क्रास वोटिंग का लाभ मिला और भाजपा अपना मेयर बनाने में कामयाब हो गई।

इसके बाद सीनियर डिप्टी मेयर पद के चुनाव भाजपा की बिमला दुबे को 17 तो आआपा व कांग्रेस गठबंधन के जसबीर सिंह बंटी को 19 वोट मिले। इसी प्रकार डिप्टी मेयर पद के लिए भाजपा के लखवीर सिंह बिल्लू को 17 तो कांग्रेस व आआपा गठबंधन की तरुणा मेहता को 19 वोट मिले। चुनाव अधिकारी रमणीक सिंह मेयर पद के लिए भाजपा की हरप्रीत कौर बबला, सीनियर डिप्टी मेयर के लिए कांग्रेस व आआपा गठबंधन के जसबीर सिंह बंटी तथा डिप्टी मेयर के लिए तरुणा मेहता को विजयी घोषित किया।



## मध्य प्रदेश को जैविक एवं प्राकृतिक खेती में अग्रणी राज्य बनाने के प्रयास जारी



एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। जैविक एवं प्राकृतिक खेती में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग नहीं किया जाता है। खेती की इस पद्धति को बढ़ावा देने के प्रयास चल रहे हैं। जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लिए क्लस्टर स्थापित करके यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मध्य प्रदेश जैविक खेती में अग्रणी रहे। केन्द्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जैविक एवं प्राकृतिक खेती के क्षेत्रफल को बढ़ावा देने के प्रयास किये जा रहे हैं। जनसम्पर्क अधिकारी लक्ष्मण सिंह ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में रेशम उत्पादन एवं मधुमक्खी पालन का भी कार्य किया जा रहा है। कृषकों को जैविक खेती अपनाने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश में जैविक खेती का क्षेत्रफल देश में सबसे अधिक है। मंडला, डिण्डोरी, बालाघाट, छिंदवाड़ा, बैतूल, कटनी, उमरिया, अनूपपुर जिले में जैविक खेती प्रमुखता से की जा रही है। राज्य सरकार ने जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिये सहकारिता विभाग को कृषि एवं उद्यानिकी के साथ सम्बद्ध किया है। प्रदेश में प्राकृतिक खेती बोर्ड का गठन किया गया है। बोर्ड द्वारा प्राकृतिक खेती पर काम किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि अगले पाँच वर्षों में कृषि निर्यात को दोगुना किया जायेगा। अगले पाँच वर्षों में राज्य सरकार द्वारा एमएसपी पर सोयाबीन की खरीदी को और अधिक बढ़ाया जायेगा। उज्जैन में चना अनुसंधान संस्थान की स्थापना, दाल की प्रोसेसिंग एवं वेल्यू चेन को बढ़ावा दिया जायेगा, डिण्डोरी में श्रीअन्न अनुसंधान संस्थान की स्थापना, ग्वालियर में सरसों अनुसंधान संस्थान की स्थापना, प्रदेश में श्रीअन्न प्रमोशन एजेंसी के माध्यम से प्रचार-प्रचार, प्रदेश में 10 सोयाबीन विशिष्ट एफपीओ का गठन किया जा रहा है। मिशन दाल के अंतर्गत अगले 5 वर्षों में दाल का उत्पादन बढ़ाया जायेगा, प्रदेश में भारत सरकार द्वारा नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल संचालित की जा रही है। जनसम्पर्क अधिकारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार किसानों को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।उन्होंने बताया कि प्रदेश में मिशन सोयाबीन शुरू किया गया है जिसके अंतर्गत अगले पाँच वर्षों में सोयाबीन का उत्पादन और तेजी से बढ़ेगा।

### स्कूली बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**रांची :** गुरुवार को सामाजिक संस्था रिलेशनस कि ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी कि 77 वी पुण्यतिथि के अवसर पर कांके रोड स्थित डी ए वी गांधीनगर पब्लिक स्कूल के सैकड़ों विद्यार्थियो को गांधी दर्शन कार्यक्रम के तहत धुर्वा स्थित छोटानागपुर खादी ग्रामोद्योग संस्थान सर्वोदय आश्रम तिरिल धुर्वा का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस अवसर अवसर पर मुख्य अथिति के तौर पर छोटानागपुर खादी ग्रामोद्योग संस्थान के संरक्षक अभय चौधरी,सचिव भावना चौधरी, डी ए वी गांधीनगर के प्राचार्य प्रदीप कुमार झा जी उपस्थित थे। वहीं विशिष्ठ अथिति के तौर पर समाजिक संस्था रिलेशनस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी , भजन गायक मनीष सोनी समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।इस अवसर पर बच्चो ने 1928 में बनी झारखंड की सबसे पुरानी खादी संस्था छोटा नागपुर खादी ग्रामोद्योग संस्थान धुर्वा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी कि जीवनी पर आधारित पूरे आश्रम का भ्रमण किया।

# मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई का सीएम धामी ने दिया निर्देश

एजेंसी

**देहरादून :** उत्तराखंड को प्लास्टिक मुक्त बनाने, स्वच्छता बढ़ाने और फिट इंडिया मूवमेंट को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके तहत जन जागरूकता और जनसहभागिता को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, मिलावटखोरी पर सख्त कार्रवाई करने का भी आदेश दिया है।मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन से वर्चुअल बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्लास्टिक मुक्त उत्तराखंड अभियान जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड नैसर्गिक सौन्दर्य के साथ पर्यटन और जैव विविधता के दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। पर्यावरण और जैव विविधता के संरक्षण के लिए अभियान को सफल बनाने में स्कूलों, कॉलेजों, गैर सरकारी संस्थानों व व्यापारिक संगठनों का भी सहयोग लिया जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारनाथ धाम की तरह राज्य के अन्य धार्मिक स्थलों और पर्यटक स्थलों पर प्लास्टिक बोतल पर क्यूआर कोड की व्यवस्था की जाए। इससे प्लास्टिक कचरा प्रबंधन में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कूड़े का डोर-टू-डोर कलेक्शन शत प्रतिशत हो और गीला-सूखा कूड़ा अलग-अलग रखने के लिए लोगों को और जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वच्छता के क्षेत्र में और तेजी से कार्य हों, इसके लिए निकाय चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारियों की शपथ के बाद बैठक की जाएगी।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य से गंगा नदी में स्वच्छ जल जाए। इसके लिए गंगा की सहायक नदियों में भी स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। स्वच्छता सर्वेक्षण में निकायों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छता के मानकों की घोषणा की व्यवस्था की जाए। उन्होंने राष्ट्रीय खेलों के दौरान भी स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके लिए मुख्यमंत्री ने राज्य में फिट इंडिया मूवमेंट को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में प्रतिदिन योग और व्यायाम की गतिविधियां करवाई जाएं। ग्राम पंचायत स्तर पर ओपन जिम की राज्य सरकार की योजना पर और प्रभावी तरीके से कार्य किये जाएं।

फिट इंडिया के तहत व्यापक स्तर पर अभियान चलाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं।

